RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 282
नई दिल्ली, मंगलवार, 23 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





अंदरूनी तौर पर जर्जर हो चुकी है कांग्रेस पार्टी
राष्ट्रीय-9


# रूस में आईएस आतंकी गिरफ्तार बड़े भारतीय नेता थे निशाने पर

● पैगंबर मोहम्मद पर अपमानजनक टिप्पणी करने का बदला लेने के लिए रची थी साजिश : रूसी एजेंसी

● मध्य एशिया के रहने वाले और तुर्किए में प्रशिक्षित आत्मघाती हमलावर की पहचान का खुलासा नहीं किया

**राकेश कुमार सिंह।** नई दिल्ली

**रूस की** फेडरल सिक्योरिटी सर्विस (एफएसबी) एजेंसी ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के एक आत्मघाती हमलावार को पकड़ा है। आरोप है कि पैगंबर मोहम्मद पर अपमानजनक टिप्पणी करने का बदला लेने के लिए यह आतंकवादी शीर्ष भारतीय नेता पर आत्मघाती हमला करने की साजिश रच रहा था। एफएसबी रूस की शीर्ष खुफिया एजेंसी है। एजेंसी ने हिरासत में लिए गए आतंकवादी की पहचान उजागर नहीं की है। हालांकि इसने यह जरूर कहा कि यह शख्स को भारत में हमला करने के लिए एक मध्य एशियाई देश में प्रशिक्षित किया गया है। अन्य रिपोर्टों में कहा गया है कि गिरफ्तार आतंकी उज्बेक मूल का है। आतंकी की गिरफ्तारी का खुलासा ऐसे वक्त किया गया है जब कुछ ही दिन पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने मास्को की यात्रा की थी। ऐसा आकलन है कि गिरफ्तार किया गया आत्मघाती हमलावर दक्षिणी अफगानिस्तान स्थित गुलमुराद अलीमोफ के नेतृत्व वाले आईएसआईएस या दायस का सदस्य हो सकता है। आईएसआईएस के इस गुट के भारत में बड़ी संख्या में स्लीपर सेल बन गए हैं।

सरकारी समाचार एजेंसी तास ने खबर दी है कि रूस की खुफिया एजेंसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) के मुताबिक, प्रतिबंधित इस्लामिक स्टेट के एक सरगना ने इस साल अप्रैल से जून के बीच तुर्किए में प्रवास के दौरान एक विदेशी नागरिक को आत्मघाती हमलावर के तौर पर संगठन में भर्ती किया था। एफएसबी ने कहा कि संघीय सुरक्षा सेवा ने



रूस में गिरफ्तार आतंकवादी

अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के सदस्य की रूस में पहचान कर उसे पकड़ लिया है। हिरासत में लिया गया शख्स मध्य एशिया के एक देश का नागरिक है और उसने भारत के सत्तारूढ़ दल के शीर्ष नेतृत्व में शामिल एक सदस्य पर आत्मघाती हमला करने की साजिश रची थी।

एफएसबी ने पूछताछ का वीडियो जारी किया है, जिसमें हमलावर यह स्वीकार कर रहा है कि उसने मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी करने के लिए आतंकवादी हमले की योजना बनाई थी। उसने कहा कि 2022 में वह रूस भाग गया

**नुपूर शर्मा के खिलाफ साजिश रचने में गिरफ्तार आरोपी**

- **मोहम्मद नदीम, सहारनपुर उप्र। जैश-ए-मोहम्मद का संदिग्ध आतंकी, यूपी एटीएस ने किया था गिरफ्तार।**
- **पाकिस्तानी नागरिक रिजवान अशरफ को बीएसएफ ने राजस्थान के श्रीगंगानगर से किया था गिरफ्तार**
- **अजमेर दरगाह के मौलवी खादिम सलमान चिश्ती को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार किया था।**
- **कश्मीर स्थित यूट्यूबर फैसल वानी को गिरफ्तार किया गया**
- **पटना पीएफआई टेरर माड्यूल के तीन सदस्य- मोहम्मद जलालुद्दीन, अरमान मलिक तथा मोहम्मद अतहर परवेज को गिरफ्तार किया गया। इन पर नुपूर शर्मा को निशाना बनाए जाने का संदेह था क्योंकि उनके मोबाइल फोन में उनकी तस्वीर पाई गई थी।**

था और वहां से वह भारत जाता। भारत में उसे आतंकवादी हमला करने के लिए आईएसआईएस की ओर से जरूरी सामान और सुविधा दी जाती। सेंटर फॉर पब्लिक रिलेशन्स (सीपीआर) ने बताया कि इसी साल अप्रैल से जून के बीच सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम और इस्तांबुल में आईएसआईएस के एक प्रतिनिधि के साथ व्यक्तिगत मुलाकात के दौरान इस आतंकी के दिमाग में संगठन की विचारधारा को भरा गया।

खबर के मुताबिक, एफएसबी ने उल्लेख किया कि आतंकवादी ने आईएसआईएस के अमीर (प्रमुख) के प्रति निष्ठा की शपथ ली, जिसके बाद उसे रूस जाने और जरूरी दस्तावेज हासिल करने के लिए निर्देशित किया गया, ताकि वह भारत जा सके और इस आतंकवादी कृत्य को अंजाम दे सके। रूस की खुफिया एजेंसी ने आतंकवादी की पहचान उजागर नहीं की। उसने स्वीकार किया है कि वह पैगंबर मोहम्मद का अपमान करने के लिए भारत के सत्तारूढ़ दल के एक सदस्य के खिलाफ आतंकवादी कृत्य को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। भारतीय जनता पार्टी की तत्कालीन प्रवक्ता नुपुर शर्मा और पार्टी के दिल्ली इकाई के मीडिया प्रकोष्ठ के तत्कालीन प्रमुख नवीन कुमार जिंदल ने ( शेष पेज 8 )

# आप को तोड़ मुख्यमंत्री बनने का दिया लालच: सिसोदिया

● डिप्टी सीएम का दावा- मेरे खिलाफ सीबीआई-ईडी के सभी मामले वापस लेने का भी रखा गया प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/अहमदाबाद

**नई आबकारी** नीति में कथित अनियमितताओं को लेकर सीबीआई छापों को आम आदमी पार्टी राजनीति से प्रेरित बता रही है। इसी कड़ी में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सोमवार को बड़ा दावा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें आम आदमी पार्टी को तोड़ने और उसके साथ जुड़ने पर मुख्यमंत्री बनवाने का लालच दिया। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा की ओर से जिस व्यक्ति ने यह पेशकश की, उसी ने यह भी कहा कि यदि वह बात मान लेते हैं तो उनके खिलाफ शुरू हुए सभी मामले बंद कर दिए जाएंगे। सिसोदिया के चौंकाने वाले दावे दिल्ली आबकारी नीति के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सीबीआई द्वारा उनके घर पर छापेमारी के कुछ दिनों बाद किए गए हैं। इस साल के अंत ( शेष पेज 8 )



अहमदाबाद में पत्रकारों को संबोधित करते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया

## भाजपा ने डिप्टी सीएम के दावों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी को तोड़ने के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सिसोदिया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सीधा हमला बोला है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि जिनकी नीयत खोटी है, सोच छोटी है, उनको कोई क्या तोड़ेगा? केजरीवाल का अहंकार तो दिल्ली की जनता तोड़ रही है। गौरव भाटिया ने कहा कि ये सब अनर्गल बातें ( शेष पेज 8 )

## भारत रत्न मिलना चाहिए मनीष को : केजरीवाल

**नई दिल्ली/अहमदाबाद।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए देश के शीर्ष सम्मान भारत रत्न के हकदार हैं, लेकिन इसके बजाय केंद्र उन्हें परेशान कर रहा है। सिसोदिया आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के जांच के घेरे में हैं। गुजरात दौरे पर पहुंचे केजरीवाल ने कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने हमारे ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,646 | |
| निफ्टी | 17,758 | |
| सोना | 51,995 | /10g |
| चांदी | 56,247 | /kg |

## क्विक न्यूज

### खड़े ट्रक और कार में टक्कर एमबीबीएस छात्र की मौत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम मे सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक मे एक कार के टकरा जाने से उसमे सवार एक एमबीबीएस छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी जख्मी हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। बुढेरा स्थित श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्रायसेंटेनरी (एसजीटी) यूनिवर्सिटी के अंतिम वर्ष के छात्र अपने कॉलेज से गुरुग्राम लौट रहे थे, तभी रविवार रात बुढेरा रोड पर यह दुर्घटना हो गई। घायल छात्र अंकित दहिया ने पुलिस को दी अपनी शिकायत मे बताया कि ट्रक सड़क के किनारे खड़ा था और उसमे कोई रिफ्लेक्टर (संकेत) चालू नही थे और उसकी बत्तियां बंद थी। उसने बताया, मै कार चला रहा था जबकि सनी मेरे बगल मे बैठा था। देर रात 12 बजकर 10 मिनट पर हम बुढेरा रोड पहुंचे, जहां ट्रक बिना किसी पार्किंग लाइट, इंडिकेटर या रिफ्लेक्टर के खड़ा किया गया था। रोड पर सामने से आने वाले वाहनों की तेज हेडलाइट्स के कारण मै ट्रक को नही देख सका और हमारी कार उससे टकरा गई।

## सीओए भंग, एआईएफएफ चुनाव एक हफ्ते के लिए टाले

**नई दिल्ली( पीएनएस )।** भारत में अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 के आयोजन तथा अखिल भारतीय फुटबाल फेडरेशन (एआईएफएफ) के निलंबन को खत्म करने का रास्ता साफ करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रशासकों को तीन सदस्यीय कमेटी (सीओए) को भंग कर दिया। इस कमेटी के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज थे। सुप्रीम कोर्ट ने दो महीने पहले राष्ट्रीय फुबाल संघ (एआईएफएफ) के मामलों के प्रबंधन के लिए इसका गठन किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह अपने पहले के आदेशों में फेरबदल कर रही जिससे कि निलंबन को हटाया जा सके और अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 का आयोजन भारत मे कराया जा सके। एआईएफएफ पर फीफा ने निलंबन लगा रखा है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ तथा एएस बोपन्ना की बेंच ने कहा 'ऐसी स्थिति में जब उपरोक्त प्रक्रिया को उसके तार्किक परिणाम तक नहीं पहुंचाया गया तो अदालत बाद में आगे किसी अन्य आदेश देने पर विचार करेगी।' शीर्ष अदालत ने एआईएफएफ के 28 अगस्त को हो वाले चुनाव को एक ( शेष पेज 8 )

## शाहनवाज हुसैन को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

● हाईकोर्ट ने हुसैन की याचिका को खारिज कर दिल्ली पुलिस को केस दर्ज करने का दिया था निर्देश

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली एक महिला की शिकायत पर भारतीय जनता पार्टी के नेता शाहनवाज हुसैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से जुड़े दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के अमल पर सोमवार को रोक लगा दी। उच्च न्यायालय ने 17 अगस्त को हुसैन की वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें दिल्ली पुलिस को उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने वाले निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने कहा था कि निचली अदालत के 2018 के आदेश में कोई गड़बड़ी नहीं है, और उसने आदेश पर अमल पर रोक को लेकर अपने पूर्व के



अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने हुसैन की याचिका पर नोटिस जारी किया और दिल्ली सरकार समेत विभिन्न पक्षों से जवाब मांगा और इसकी सुनवाई सितंबर के तीसरे सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति यू. यू. ललित, न्यायमूर्ति एस. आर. भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि हुसैन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलें सुनने के बाद प्रथम दृष्टया यह माना जाता है कि इस मामले पर विचार करने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि मामले पर आगे विचार किए जाने तक (उच्च न्यायालय के) आदेश के अमल पर रोक रहेगी। गौरतलब है कि दिल्ली की एक महिला ने ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में सोमवार को अपनी मांगों को लेकर जंतर-मंतर पर इकट्ठा होकर नारेबाजी करते किसान। फोटो: रंजन डिमरी

## आबकारी नीति मामले में दो आईएएस अफसर निलंबित

**नई दिल्ली( पीएनएस )।** दिल्ली आबकारी नीति बनाने और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के मामले में गृह मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आईएएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। उपराज्यपाल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आईएएस अधिकारी और दिल्ली के तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्ण एवं एजीएमयूटी (अरुणाचल, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेशों) कैडर के 2012 बैच के आईएएस अधिकारी और तत्कालीन उप आबकारी आयुक्त आनंद कुमार तिवारी को निलंबित किया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने हाल ही में आबकारी नीति बनाने में किसी न किसी रूप से जुड़े रहे 11 अधिकारियों के निलंबन की सिफारिश गृह मंत्रालय से की थी। इनमें गोपी कृष्ण एवं आनंद कुमार का भी नाम था। निलंबन के बारे में मुख्य सचिव, एजीएमयूटी एवं प्रमुख सचिव विजिलेंस को जानकारी दे दी गई है। उन्हीं की रिपोर्ट के आधार पर एलजी ने अधिकारियों को निलंबित करने की सिफारिश की थी।

## नकली नोट भेजकर जदयू नेता के अपहृत बेटे को छुड़ाया

● नोएडा से 5 बदमाशों ने किया था अपहरण, 24 घंटे के भीतर पुलिस ने किया बरामद

**रिंकू यादव।** नोएडा

**बिहार के** जनता दल यूनाइटेड के पूर्व जिला अध्यक्ष मेहराज खान के 24 साल के बेटे दिलबर खान और उसके दोस्त का नोएडा से बदमाशों ने अपहरण कर लिया था और पांच लाख रुपये बतौर फिरौती मांगी थी। लेकिन पुलिस ने 24 घंटे के भीतर अपहृत दिलबर और उसके दोस्त परवेज अंसारी को बदमाशों को छुड़ा लिया। पुलिस की पांच बदमाशों से मुठभेड़ हुई। दो बदमाशों को पकड़ लिया गया है। इनमें एक के पैर में



अपहृत दिलबर खान (पीली शर्ट) को पुलिस ने सकुशल छुड़ा लिया

गोली लगी है। बिहार के बांका के रहने वाले दिलबर खान ने इस बार जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ा था। उसके दोस्त परवेज अंसारी का साढू भाई पीरू खान नोएडा में रहता है। वह कुछ दिन पहले बिहार में परवेज के घर मिलने आया था। इसी दौरान उसकी मुलाकात दिलबर खान से हुई। दिलबर का घर और प्रॉपर्टी देखकर पीरू ने ( शेष पेज 8 )

## बेहतर संरक्षण से बढ़े एक सींग वाले गैंडे

● वर्ष 2021 के अंत तक भारत-नेपाल में संख्या बढ़कर 4,014 हुई, दोनों देशों के साझा प्रयास से मिली सफलता

● अंतरराष्ट्रीय अवैध व्यापार में आई कमी

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**बेहतर संरक्षण** प्रयासों से भारत और नेपाल में एक सींग वाले गैंडों की संख्या में वर्ष 2018 के अनुमानित 3,588 से बढ़कर वर्ष 2021 के अंत तक 4,014 हो गई है। यह दावा एक वैश्विक रिपोर्ट में किया गया है। यह रिपोर्ट पनामा में इस साल नवंबर में लुप्तप्राय वन्य जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अवैध अंतरराष्ट्रीय



प्रतीकात्मक चित्र

व्यापार पर होने वाली 19वीं बैठक के लिए तैयार किया गया है। रिपोर्ट में दो पड़ोसी देशों द्वारा मजबूत कानून प्रवर्तन और संरक्षण प्रयासों की सराहना की गई है, जो लुप्तप्राय जंगली प्रजातियों के मुक्त विचरण को सुनिश्चित करने वाली सीमाओं को साझा करते हैं। हालांकि रिपोर्ट में पाया गया कि वर्ष 2018 के शुरूआत में एशिया में 11 गैंडों के शिकार की घटनाएं हुईं जिसमें से 10 भारत में और 1 नेपाल में हुईं। शिकार होने वालों में सभी एक सींग वाले गैंडे थे।

कुल मिलाकर पूरे विश्व में गैंडों के शिकार में वर्ष 2018 से गिरावट आई है और एक सींग वाले गैंडों के अवैध व्यापार में वर्ष 2013 के बाद से सबसे न्यूनतम स्तर पर है। अफ्रीकी गैंडा समूह के विशेषज्ञ और आईयूसीएन एसएससी के वैज्ञानिक अधिकारी सैम फरेरा ने इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन के एक बयान में कहा कि गैंडों के कुल अवैध शिकार में गिरावट उत्साहजनक है, फिर भी इस दुर्लभ जानवर के अस्तित्व के लिए अभी भी गंभीर खतरा बना हुआ है। गैंडों की संख्या में बढ़ोतरी के लिए इससे संबंधित राज्यों को इनके जनसंख्या प्रबंधन के साथ अवैध शिकार विरोधी प्रयासों को जारी रखना आवश्यक है। रिपोर्ट में पाया गया कि अफ्रीका में गैंडों के शिकार की दर सबसे अधिक वर्ष 2015 में कुल आबादी के 5.3 फीसदी से गिरकर 2021 में 2.3 फीसदी हो गई है। वर्ष 2018 और 2021 के बीच पूरे अफ्रीका में करीब 2,707 गैंडों का अवैध शिकार हुआ, जिसमें सफेद और काले गैंडें दोनों शामिल थे। सफेद गैंडा (सेराटोथेरियम सिमम) आईयूसीएन की लुप्तप्राय अति दुर्लभ प्रजातियों की सूची में शामिल है वहीं काले गैंडें (डिसेरोस बाइकोर्निस) की प्रजाति भी खतरे की जद में है।

## भाजपा को हराने के लिए लाना होगा नया मॉडल : टीएमसी

● बिहार, महाराष्ट्र और झारखंड को बचाने के लिए महागठबंधन की जरूरत नहीं

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** ने कहा कि नरेंद्र मोदी बनाम राहुल गांधी अब पुरानी बात हो गई है, वर्ष 2024 के आम चुनाव में भाजपा को हराने के लिए नया मॉडल लाना होगा। टीएमसी ने महागठबंधन बनाने से किनारा करते हुए सुझाव दिया कि क्षेत्रीय दलों को अपने-अपने राज्यों में भाजपा से मुकाबला करना चाहिए और अन्य दलों को उन्हें आवश्यक समर्थन देना चाहिए। टीएमसी पहले भी इसी तरह की बात कहती रही है। टीएमसी नेतृत्व ने कहा कि इस मॉडल को महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड में छोड़कर सभी जगहों पर लागू किया जाना चाहिए। टीएमसी के राज्यसभा नेता डेरेक ओ ब्रायन ने सोमवार को कहा कि बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र में तथाकथित महागठबंधन की आवश्यकता नहीं है। ममता बनर्जी ने 21 जुलाई को एक मंच पर यह साफ करते हुए कहा था कि जब वह भाजपा को हराने के लिए लड़ेंगी तब सभी उनके साथ होंगे। टीएमसी नेता ने असम में महागठबंधन की सूची रखी जिसमें कांग्रेस की अनदेखी की गई है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार की है और मध्य प्रदेश और कर्नाटक में मुख्य विपक्षी पार्टी। पंजाब और दिल्ली में आप, तमिलनाडु में द्रमुक, तेलंगाना में टीआरएस, बंगाल में टीएमसी और उत्तर प्रदेश में सपा जैसी क्षेत्रीय ताकतों को इन राज्यों में भाजपा से मुकाबला करना चाहिए।

# टेंट हाउस के गोदाम में लगी भीषण आग, दम घुटने से पति-पत्नी व बच्ची की दर्दनाक मौत

● तीन मंजिला भवन से फायर कर्मियों ने 13 लोगों को बाहर निकाला




आग से खाक हुआ सामान, मौके पर पहुंचे दमकलकर्मी।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

बीती रात लगभग पौने दो बजे सिहानी गेट थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिब्बनपुरा मोहल्ले के कल्पना नगर में मकान संख्या 276 में एक टेंट हाउस के गोदाम में भयंकर आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गई। फायर ब्रिगेड ने घंटों तक मशक्कत करके किसी प्रकार आग पर काबू पाया। साथ ही पुलिस के सहयोग से उस तीन मंजिला भवन में फंसे 13 लोगों को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दुर्भाग्यवश इस घटना में इमारत के प्रथम तल पर सो रहे खुर्जा बुलंदशहर निवासी 30 वर्षीय पंकज कुमार, उनकी 26 वर्षीय पत्नी कविता व 1 साल की पुत्री कृतिका की दम घुटने से मौत हो गई। इस संदर्भ में सीएफओ सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि जिस टैंट हाउस के गोदाम में आग लगी वह सुनिल दत्त का है। आग कैसे लगी इसकी जांच शुरू कर दी गई है। श्री सिंह ने बताया कि जिस जगह गोदाम बनाया गया था, वहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं जा सकती थी। इसीलिये फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कई हौज पाइप जोडकर उसे आग लगने वाले मकान तक पहुंचाया और फिर आग पर काबू पाने की कवायद शुरू की। श्री सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच के दौरान जो एक महत्वपूर्ण बात सामने आई है उससे पता चला है कि टैंट हाउस के संचालक ने न तो अग्निरोधक प्रणाली नहीं लगवाई हुई थी और न ही फायर ब्रिगेड से कोई एनओसी ले रखी थी। श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि पिछले कुछ समय में लगी आग की वजह से कई लोग भेंट चढ़े हैं, उससे दमकल विभाग की लापरवाही भी उजागर हो गई।



## नोएडा से 4 चीनी नागरिकों को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा से 4 चाइनीज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सेक्टर-49 और सेक्टर-113 थाना पुलिस ने पकड़ा है। चारों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया जा रहा है। यहां से कोर्ट में पेश करने के बाद डिटेंशन सेंटर भेज दिया जाएगा। एंबेसी को इनके बारे में जानकारी दे दी गई है।

पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया सेक्टर-50 के एक मकान में चेनयुंग रह रहा था। जानकारी मिलते ही पुलिस ने चेनयुंग को मौके से गिरफ्तार किया। चेनयुंग का वीजा 2020 में खत्म हो गया था। इनपुट के बाद इसको गिरफ्तार किया गया है। थाना सेक्टर-113 पुलिस ने ल्यू ही, लिपिंग जुआन और ल्यू क्सूडा को गिरफ्तार किया है। ये तीनों सेक्टर-122 में रह रहे थे।

# गाजियाबाद के हिस्ट्रीसीटर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा

● दिल्ली और एनसीआर में दस से ज्यादा मामले दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

साहिबाबाद और लोनी पुलिस ने रविवार को मुठभेड़ के बाद एक एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। साहिबाबाद में पकड़े गए आरोपी पर दिल्ली और गाजियाबाद में लूट के 10 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। लोनी में पकड़ा गया बदमाश ट्रॉनिका सिटी थाने का हिस्ट्रीसीटर है।

सीओ साहिबाबाद स्वतंत्र कुमार सिंह के मुताबिक पुलिस रविवार दोपहर हिंडन पुल चौकी के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच वसुंधरा की तरफ से एक बाइक पर दो युवक आए। उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस पर फायर कर मोहन नगर की तरफ भागे। राजीव कालोनी फैक्टरी क्षेत्र में पुलिस ने युवकों को घर लिया। इसी दौरान फायरिंग में एक युवक के पैर में गोली लग गई जबकि दूसरा युवक फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश की पहचान दिल्ली के कर्दमपुरी निवासी समीर के रुप में हुई है। आरोपी मूल रुप से कश्मीर के बड़गांव का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ लूट के कई मामले दर्ज हैं। वहीं लोनी में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद ट्रॉनिका सिटी थाने का हिस्ट्रीसीटर व दीपक गैंग का सदस्य तमंचे व बाइक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के पैर में गोली लगी है, उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लोनी थाना प्रभारी अजय चौधरी ने बताया कि रविवार शाम पुलिस ने बंथला चिरोडी रोड पर चेंकिंग के दौरान बाइक सवार एक बदमाश को रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस टीम पर फायरिंग कर बाइक को वापस घुमाकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से आरोपी गिर पड़ा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस व बिना नम्बर प्लेट की बाइक बरामद हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ट्रॉनिका सिटी थाने का हिस्ट्रीसीटर है और अगरौला के दीपक गैंग का सक्रिय सदस्य है। उसके विरुद्ध करीब एक दर्जन अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।



पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश

## इनामी बदमाश समेत तीन को लगी पुलिस की गोली

**गाजियाबाद।** अपराध पर नियंत्रण करने के लिए एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह व एसपी देहात डॉक्टर इरज राजा की टीम के बीच एन्काउंटर करने को लेकर प्रतिस्पर्धा सी दिखाई दे रही हैं। इसके चलते जहां कुछ ही घंटे के अंदर एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह की टीम ने साहिबाबाद थाना पुलिस के साथ मिलकर हिंडन चौकी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान समीर उर्फ चूंदा पुत्र मौ फारूख निवासी ओमपुरा बडगांव जम्मू कश्मीर हाल न्यू करदमपुरी दिल्ली के पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। उधर, एसपी देहात डॉक्टर इरज राजा की टीम ने लोनी पुलिस के साथ मिलकर शातिर अपराधी निखिल उर्फ शिवा निवासी रामपार्क ट्रोनिका सिटी के पैर में गोली मारकर उसे जेल भेज दिया। इसी क्रम में एसपी देहात डॉक्टर इरज राजा व एएसपी आकाश पटेल की टीम ने मुरादनगर थाना पुलिस के साथ मिलकर कुख्यात गौकश व 20 हजार के इनामी बदमाश शाबाज निवासी मुरलीपुर कंकरखेड़ा को गोली मारकर लंगड़ा कर दिया।

# सांसद महेश शर्मा को फेसबुक पर धमकी

● बोला- कितनी भी सिक्योरिटी में रह ले, मारकर रहूंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा से सांसद डॉक्टर महेश शर्मा के लिए गाजियाबाद के एक शख्स ने फेसबुक लाइव पर आकर गालियां दी हैं। इस शख्स ने हाथ में चाकू लेकर सांसद को जान से मारने तक की धमकी दी है।

बताया जा रहा है कि वह श्रीकांत त्यागी के मामले में उनके खिलाफ की गई कार्रवाई से नाराज था। राहुल त्यागी नामक शख्स की फेसबुक आईडी पर उसका एड्रेस गाजियाबाद का है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे वो लाइव आया और चार.पांच वीडियो बनाकर जारी किए। इसमें वह श्रीकांत त्यागी केस को लेकर सांसद महेश शर्मा के लिए गाली.गलौज कर रहा है। वो यह भी कह रहा है कि सांसद चाहें कितनी भी सिक्योरिटी में रह ले, मैं उसे मारकर रहूंगा।

इस शख्स ने पीएम मोदी और सीएम योगी को लेकर भी आपत्तिजनक शब्द बोले हैं। वायरल वीडियो में यह शख्स बार.बार चाकू को गर्दन और सीने पर चलाने जैसा कुछ दिखा रहा है। गाजियाबाद पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लेकर राहुल त्यागी के बारे में जांच शुरू कर दी है। नोएडा के गेझा गांव में रविवार को त्यागी समाज की महापंचायत हुई। इसका केंद्र बिंदु भी सांसद डॉक्टर महेश शर्मा रहे।

त्यागी समाज में सांसद को लेकर जबरदस्त नाराजगी है। आरोप है कि सांसद के कहने पर ही पुलिस ने श्रीकांत और उसके परिवार पर दमनकारी कार्रवाई की गई है। उसे गुंडा तक घोषित कर दिया। महापंचायत में मांग उठी है कि महेश शर्मा को सांसद से बर्खास्त किया जाए। इधर, सांसद सफाई दे चुके हैं कि उन्होंने त्यागी समाज के बारे में कोई गलत बयान नहीं दिया। सांसद का कहना है कि एक जनप्रतिनिधि के इशारे पर त्यागी समाज को मेरे खिलाफ भड़काया जा रहा है।

# किसान महापंचायत के चलते यूपी बॉर्डर पर रहा जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदर्शन को देखते हुए यूपी बॉर्डर पर किसानों को रोकने का प्रयास किया गया। दिल्ली पुलिस ने यूपी से दिल्ली जाने वाले रूट पर किसानों को रोक दिया।

सुबह से ही यूपी बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस ने बेरिकेटिंग लगाकर रास्ता रोक दिया था, जिसकी वजह से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस कारण यूपी बॉर्डर पर वाहनों का लम्बा जाम लग गया। पुलिस दिल्ली की ओर से किसानों के वाहनों को जाने नहीं दे रही थी। यूपी पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी बॉर्डर पर निगरानी बनाए हुए थे। दिल्ली की ओर केवल उन वाहनों को ही जाने दिया जा रहा था, जिन पर किसान यूनियन के स्टीकर नहीं लगे थे। कहा यह भी जा रहा है कि किसान नेताओं की गाडियों से स्टीकर और झंडे हटाकर ही उन्हें दिल्ली में प्रवेश करने दिया जा रहा था।

इसकी वजह से किसानों ने खासा आक्रोष भी जताया। वाहनों को चेकिंग करके भेजने के चलते यूपी के बॉर्डरों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। बता दें कि रविवार को भी राकेश टिकैत को दिल्ली में प्रवेश करने से रोक दिया था।

## संक्षिप्त समाचार



जनसुनवाई करते नोएडा के सांसद महेश शर्मा।

### तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**गाजियाबाद।** 24 अगस्त तक पुलिस लाइन में चलने वाली तीन दिवसीय मेरठ जोन मेरठ की 25वीं अंतर जनपदीय कुश्ती, भारत्तोलन, बाक्सिंग, कबडड्ी, बॉडी बिल्डिंग, पावर लिफ्टिंग और आर्म्स रेसलिंग खेल प्रतियोगिता को शुभारम्भ आईजी प्रवीण कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर जहां श्री सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 9 टीम के कोच व खिलाडियों का परिचय लिया, वहीं उन्हें बेहतर खेल प्रदर्शन करने की सीख देते हुए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर प्रवीण कुमार सिंह का स्वागत कप्तान मुनिराज ने बैज लगाकर किया और उन्हें प्रतीक चिंह भी भेंट किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर श्री सिंह के साथ एसएसपी मुनिराज, एसपी क्राइम दीक्षा शर्मा, एएसपी आकाश पटेल और आरआई के अलावा कई अधिकारीगण मौजूद थे।

### विभिन्न जगहों से तीन किशोरियों लापता

**नोएडा।** जनपद के विभिन्न जगहों से 3 किशोरया लापता हो गई है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सदरपुर कॉलोनी से एक 15 वर्षीय किशोरी लापता हो गई है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के होशियारपुर गांव से एक 15 वर्षीय किशोरी लापता हो गई है। किशोरी के पिता ने प्रदीप नामक युवक पर उसको अगवा करने का शक जाहिर करते हुए थाना सेक्टर 49 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि थाना सेक्टर 20 क्षेत्र से एक 16 वर्षीय किशोरी लापता है। उसके परिजनों ने उसके अगवा होने की रिपोर्ट थाना सेक्टर 20 में दर्ज करवाई है।

### बिसहाड़ा कांड: अखलाक की पत्नी की गवाही आज

**नोएडा।** अखलाक हत्याकांड में बुधवार को कोर्ट में दूसरी गवाही होगी। इसके लिए अखलाक की पत्नी इकरामन कोर्ट में गवाही देने पहुंचेंगी। इससे पहले अखलाक की बेटी शाइस्ता की गवाही इस केस में पूरी हो चुकी है। बुधवार को अखलाक की पत्नी इकरामन पुलिस सुरक्षा के बीच कोर्ट पहुंचेंगी। बिसहाड़ा गांव में हुए अखलाक हत्याकांड के मामले में कोर्ट में गवाही चल रही है। इसमें अखलाक की बेटी और चश्मदीद गवाह शाहिस्ता की गवाही पूरी हो चुकी है। अब इस मामले में बुधवार को अखलाक की पत्नी चश्मदीद गवाह इकरामन की गवाही होनी है। अखलाक पक्ष के अधिवक्ता युसूफ सैफी ने बताया कि बुधवार को इकरामन कोर्ट पहुंचेगी। पुलिस सुरक्षा के बीच इकरामन को कोर्ट में लाया जाएगा। कोर्ट में गवाही होने पर इस केस में तीसरे गवाह को बुलाया जाएगा।

### दो पालियों में 27 अगस्त को परीक्षा

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की अंक सुधार और कंपार्टमेंट परीक्षाएं 27 अगस्त से आयोजित की जाएगी। सोमवार को कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र आए गए, जिसको माध्यमिक शिक्षा विभाग ने डबल लॉकर में रख दिया है। परीक्षा हाईस्कूल में 99 और इंटरमीडिएट में 226 छात्र पंजीकृत हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह ने बताया कि कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए नोएडा सेक्टर.12 राजकीय इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। हाईस्कूल की परीक्षा पहली पाली में सुबह आठ बजे से सवा ग्यारह बजे तक होगी।

# 15 साल पुराने मामले में श्रीकांत त्यागी की पेशी

● कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच कोर्ट में लगाया गया आरोपी



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-93बी स्थित ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी से सुर्खियों में आए तथाकथित भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सोसायटी में एक महिला से बदसलूकी के आरोप में जेल में बंद त्यागी को अदालत ने अब एक अन्य मामले में आज कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। यह मामला वर्ष-2007 का है।

कोर्ट के आदेश पर जेल में बंद श्रीकांत त्यागी को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया। ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी निवासी श्रीकांत त्यागी ने पांच अगस्त को एक महिला के साथ बदसलूकी की थी। सत्ताधारी भाजपा से जुड़े होने के कारण शुरू में पुलिस ने उसकी तरफदारी की, लेकिन स्थानीय सांसद और शासन के दबाव के चलते पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसने अपनी जमानत के लिए 11 और 16 अगस्त को कोर्ट में अर्जी लगाई थी, लेकिन दोनों ही बार अदालत ने उसकी जमानत की अर्जी खारिज कर दी थी। वह अब भी गौतमबुद्ध नगर की लुक्सर जेल में बंद है। इस बीच, सीजेएम कोर्ट ने वर्ष-2007 के एक पुराने मामले में उसे आज पेश करने का आदेश दिया है। श्रीकांत त्यागी वर्ष-2007 में नोएडा के सेक्टर-39 थाने में दर्ज मामले में कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। तब सीजेएम कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। पुलिस ने श्रीकांत त्यागी को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया। सुरक्षा के लिहाज से उसे कोर्ट के पीछे के दरवाजे से लाया गया। श्रीकांत त्यागी के कोर्ट में पेशी के मद्देनजर सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं।

ज्ञात हो कि श्रीकांत के समर्थन में सलारपुर स्थित रामलीला ग्राउंड में हजारों की संख्या में त्यागी समाज के लोग पहुंचे थे और स्थानीय सांसद डॉ. महेश शर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महापंचायत में उपस्थित वक्ताओं ने कमिश्नरेट पुलिस पर भी जमकर भड़ास निकाली और कहा कि पुलिस ने श्रीकांत परिवार के साथ गलत किया।

# ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी केस में विधायक नंदकिशोर की एंट्री

● पत्र लिखकर लगाए कई गंभीर आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नोएडा की ग्रैंड ओमैक्स सोसायटी में श्रीकांत त्यागी द्वारा एक महिला के साथ दुर्व्यवहार का मामला तो शांत हो गया, लेकिन अब इस पर सियासत तेज हो गई है।

इस बीच लोनी सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने अपर मुख्य सचिव गृह उत्तर प्रदेश को एक पत्र लिखकर पूरे मामले पर चिंता जताई है। उन्होंने पत्र में आरोप लगाया है कि कुछ अधिकारी और स्थानीय भाजपा नेता गौतमबुद्धनगर के सांसद महेश शर्मा की विरोध की खातिर मामले को तूल दे रहे हैं। पत्र में नंदकिशोर गुर्जर ने यहां तक कहा दिया है कि ऐसा करके ये लोग देश में गृह युद्ध जैसे हालात पैदा कर रहे हैं। मामला अब त्यागी बनाम ब्राह्मण का होता जा रहा है। पत्र में गुर्जर ने कहा वैश्य समाज के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया है।

# एमएमएच कॉलेज में बढ़ी फीस, छात्रों में आक्रोश

● प्राचार्य ने फैसले का बताया उचित

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

अब शहर के सबसे बड़े डिग्री कॉलेज ने भी फीस में वृद्धि करने का फैसला कर लिया है। करीब बीस साल बाद कॉलेज बढ़ती मंहगाई के चलते फीस बढ़ाने जा रहा है। प्रशासन के इस कदम से छात्रों में रोष है।

कालेज प्राचार्य डॉ प्रो. पीयूष चौहान ने प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी। डॉ चौहान ने कहा कि कॉलेज को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि फीस वृद्धि की जाए।

हालांकि, यह वृद्धि काफी कम होगी जिससे गरीब तबके के छात्रों को अधिक परेशानी नहीं होगी। वर्तमान में फीस करीब 1700 रुपए है, जिसमें प्रति सेमेस्टर 250 रुपए की वृद्धि की जाएगी। इसके अलावा स्कूल में सुरक्षा के लिए सिक्यॉरिटी गार्ड हायर किए जाएंगे, ताकि बाहरी



लोगों का कॉलेज में प्रवेश रोका जा सके।

छात्रों की पहचान के लिए पहले साल के छात्रों के लिए इस सत्र से ड्रेस कोड भी लागू किया गया है। इसके अलावा बार काउंसिल से 120 छात्रों के एलएलबी की सीटें निर्धारित की गई हैं, जिसे कॉलेज प्रशासन 300 तक बढ़वाने का प्रयास कर रहा है। इतना ही नहीं एलएलबी के छात्रों के लिए मूट कोर्ट भी बनाई जा रही है।

## 12वीं पास विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज में 12वीं कक्षा में 75 फिसदी और इससे ज्यादा अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में करीब एक हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अरुणेंद्र कुमार, विपिन कुमार, आरपी चड्ढा, अर्पित चड्ढा शामिल हुए। अरुणेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। वहीं दूसरी तरफ क्रिकेटर पियूष चावला ने विद्यार्थियों को भविष्य मे आगे सफल होने के लिए मूल मंत्र साझा किए।



पीजी में रहने वाली लड़की का गुम हुआ मोबाइल को चौकी प्रभारी द्वारा सर्विलांस की मदद से मात्र 24 घंटे में तलाश कर सकुशल पीड़िता के सुपुर्द किया गया।

# प्रदर्शनी: हर चित्र खास, फोटो जर्नालिस्टों के जज्बे को सराहा

● नोएडा विधायक पंकज सिंह ने प्रतिभागियों को दिए सर्टिफिकेट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा मीडिया क्लब द्वारा आईआईपी एकेडमी में चल रही चार दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का सोमवार को समापन हुआ। समापन समाहरोह के मुख्य अतिथि नोएडा विधायक पंकज सिंह ने पहले वहां प्रदर्शित सभी फोटो का अवलोकन किया। उसके बाद उन्होने प्रदर्शनी के समापन की घोषणा करते हुए सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किए।

इस अवसर पर पंकज सिंह ने कहा कि नोएडा के फोटो जर्नालिस्टों द्वारा लगाए गए हर चित्र अपने आप में खास है। उन्होंने सभी फेटो जर्नालिस्टों के जज्बे को सराहते हुए उनके द्वारा लगाए गए सभी फेटो की सराहना की। उन्होने कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहने



चाहिए, जिससे शहर को फोटो के माध्यम से समझने का अवसर मिलता है। इस दौरान नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी डॉ अविनाश त्रिपाठी भी प्रदर्शनी में पहुंचे उन्होने फोटो पत्रकारों द्वारा लागए गए सभी फोटो की खूब सराहना की, उन्होने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बहुत कुछ नया देखने को मिलाता है। प्रदर्शनी में लगे कुछ फोटो ग्राफ तो ऐसे हैं जिन्हे लगातार देखते रहने का मन करता है। समापन के अवसर पर गौतमबुधनगर के सीएफओ अरूण कुमार सिंह, सपा नेता राघवेंद्र दूबे, फैलिक्स अस्पताल के चेयरमेन डॉ डीके गुप्ता, सीएमवाईके के सीईओ अभिषेक सक्सेना, समाजसेवी शैल माथुर, सुपरटैक के विकास त्यागी, वरिष्ठ पत्रकार मनोज त्यागी, विनोद शर्मा, सुरेश चौधरी, विनोद राजपूत, रिंकू यादव, ईकबाल चौधरी, अभिमन्यु पाण्डेय, हरवीर चौहान, विक्रम शर्मा, उदय सिंह, इमरान, राजकुमार चौधरी, वरिष्ठ फोटो पत्रकार चंद्रकांत गुप्ता, टी नारायण, जितेंद्र गुप्ता, इम्तियाज खान, जेपी सिंह, ऐके लाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समापन से पहले जागर पब्लिक स्कूल के दर्जनों छात्र एवं छात्राओं सहित शिक्षकों ने भी उक्त प्रदर्शनी में लगी तस्वीरों को देखा और इस दौरान फोटो पत्रकारों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

ज्ञात हो कि नोएडा के 16 फोटो जर्नालिस्टों ने 19 अगस्त से चार दिसीय फोटो प्रदर्शनी शुरू की थी जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने किया था। उसके बाद यहां लगातार चार दिनों तक हजारों लोगों ने इस प्रदर्शनी को देखा तथा यहां अलग अलग दिन कई अतिथियों ने भी शिरकत की।

## नोएडा आईएमएस में एफडीपी का समापन

**नोएडा।** टीम बिल्डिंग एवं लीडरशिप में व्यक्तिगत विकास के साथ.साथ संस्थानिक विकास निहित है। सहयोग व समन्वय ऐसे दो टूल्स हैं, जिससे किसी भी तरह के कठिन लक्ष्य को पाया जा सकता है। सोमवार को सेक्टर 62 स्थित आईएमएस नोएडा में आयोजित एफडीपी की मुख्य वक्ता सॉफ्ट स्कील ट्रेनर इंद्रजीत कौर ने समापन सत्र में कही।

सात दिवसीय एफ डीपी का पहला सत्र रिसर्च मेथोडोलॉजी एंड स्टैटिकल टूल्स पर आयोजित गया। जिसमें बतौर वक्ता डॉ अनुभुति द्विवेदी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि शोध की उपयोगिता जीवन में हर स्थान पर है। शोध और सांख्यिकी की महत्ता और उपयोगिता का वर्णन करते हुए एसपीएसएस के संचालन पर अपनी बात रखी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# किसानों की महापंचायत और जाम से दिल्ली बेहाल

## राजधानी की सीमाओं पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था थी, कई को हिरासत में लिया गया

● सुबह नौकरी पेशा लोगों को दफ्तर पहुंचने में जाम से जूझना पड़ा।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महापंचायत में भाग लेने के लिए विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में किसान सोमवार को जंतर-मंतर पहुंचे। कई किसान सीमाओं पर फंसे रहे और वे दिल्ली में प्रवेश नहीं कर पाए। टिकरी बार्डर, सिंघू, गाजीपुर बॉर्डर से लेकर आनंद विहार बॉर्डर और अप्सरा बॉर्डर पर पुलिस ने राजधानी दिल्ली में दाखिल होने की कोशिश कर रहे कई किसानों को हिरासत में लिया।

सीमाओं पर बड़ी संख्या में पुलिस, अर्द्ध सैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया था। वाहनों की जांच के चलते वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। इसके चलते सुबह नौकरी पेशा लोगों को दफ्तर पहुंचने में जाम से जूझना पड़ा। किसानों की तीन प्रमुख मांगे हैं, जिसमें एमएसपी, स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट के सुझावों को लागू करने के साथ अजय मिश्रा टेनी और उनके बेटे पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

जंतर मंतर पर किसानों का महापंचायत किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए जंतर-मंतर पर सुरक्षा बलों ने पहले से ही वाटर कैनन और बैरिकेड्स लगाए थे।

इसके अलावा यातायात पुलिस ने भारी वाहनों को लेकर भी विशेष सख्ती बरती। पुलिस ने कहा था कि नो एंट्री के समय में अगर किसी भी भारी वाहन ने नियमों का उल्लंघन किया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गाजीपुर, सिंघू और टिकरी सहित विभिन्न सीमाओं के अलावा, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, पालम लाईओवर, अरविंद मार्ग, रिंग रोड (इंद्रप्रस्थ पार्क के पास), गाजियाबाद-वजीराबाद रोड और मुनिरका रोड सहित विभिन्न सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ।

पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अलावा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा और केरल जैसे राज्यों के किसान भी महापंचायत में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंचे।

इस महापंचायत का आयोजन फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून, कृषि ऋण माफी सहित अन्य मांगों को लेकर किया गया था। कई लोग यहां ठहरने के इरादे से और जरूरी सामान लेकर आए थे। उन्हें जनपथ और उसके आसपास बैठे देखा जा सकता था। लोगों ने किसान एकता के समर्थन में नारे लगाए और केंद्र पर अपने वादों को पूरा नहीं करनै का आरोप लगाया।

पंजाब से आए किसान माघा निबोरी ने कहा कि वह जरूरत पड़ने पर ठहरने के लिए पूरी तरह से तैयार होकर आया है। उन्होंने कहा वह गरीब किसान हैं।

कोई उनकी मदद नहीं कर रहा है। हमारे लिए कुछ नहीं किया जा रहा है। पिछले साल (कृषि विरोधी कानूनों) के आंदोलन में भी भाग लिया था। सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया था कि वह किसानों की मांगों को सुनेगी लेकिन कुछ भी नहीं किया जा रहा है।



गाजीपुर बॉर्डर पर लगी वाहनों की लंबी कतारें। फोटोः रंजन डिमरी


### गाजीपुर बार्डर पर वाहनों की लंबी कतारें

**नई दिल्ली।** भारी सुरक्षा उपायों के कारण शहर भर में यातायात प्रभावित रहा। यातायात पुलिस ने लोगों को यातायात की स्थिति के बारे में सूचित किया और उन्हें उसके हिसाब से यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी।

पुलिस उपायुक्त प्रियंका कश्यप ने कहा, सख्त सुरक्षा व्यवस्था और खतरे की आशंका को देखते हुए कुछ लोगों या प्रदर्शनकारियों को गाजीपुर सीमा पर रोक दिया गया। पुलिस ने ट्वीट कर वाहन चालकों को टॉलस्टाय मार्ग, संसद मार्ग, जनपथ, अशोक रोड, कनॉट प्लेस आउटर सर्कल, बाबा खड़क सिंह मार्ग और पंडित पंत मार्ग से बचने को कहा। एसकेएम (गैर-राजनीतिक) के नेताओं ने दावा किया कि कुछ स्थानों पर किसानों को जंतर-मंतर तक पहुंचने से रोका गया हालांकि दिल्ली पुलिस ने इस दावे का खंडन किया है। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से टूट कर अलग हुआ समूह है। मोर्चा ने केंद्र के तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर साल भर तक विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। एसकेएम सदस्य और महापंचायत के आयोजकों में से एक अभिमन्यु सिंह कोहाड़ ने कहा कि महापंचायत एक दिवसीय शांतिपूर्ण कार्यक्रम है, जहां एमएसपी पर कानूनी गारंटी और बिजली संशोधन विधेयक 2022 रद्द करने समेत विभिन्न मांगों पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने हालांकि कहा कि पुलिस ने अभी तक जंतर मंतर पर महापंचायतै के लिए अनुमति नहीं दी है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से आ रहे किसानों को रविवार रात रोक दिया गया और जंतर मंतर नहीं पहुंचने दिया गया। उन किसानों को गुरुद्वारा बंगला साहिब, रकाबगंज और मोती बाग ले जाया गया और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। कोहाड़ ने कहा कि किसान विरोधी कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान केंद्र ने किसानों की सभी मांगों पर विचार करने का वादा किया था, लेकिन उसने कुछ नहीं किया।

# केंद्र व दिल्ली सरकार में विवाद पर संविधान पीठ करेगी सुनवाई

● प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण ने पांच सदस्यीय पीठ का किया गठन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र तथा दिल्ली सरकार की विधाई एवं कार्यकारी शक्तियों के दायरे से संबंधित कानूनी मुद्दों पर सुनवाई करने के लिए पांच सदस्यीय संविधान पीठ का गठन किया है।

सीजेआई ने कहा कि न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ केंद्र तथा दिल्ली सरकार के बीच विवाद पर सुनवाई करेगी। एक वकील ने न्यायमूर्ति रमण, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया था।

शीर्ष न्यायालय ने छह मई को दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण का मुद्दा पांच-सदर्स्यीय संविधान पीठ के पास भेजा था। सीजेआई ने तब कहा था, संविधान के प्रावधानों और संविधान के अनुच्छेद 239एए (जो दिल्ली की शक्तियों से संबंधित है) के अधीन और संविधान पीठ के फैसले (2018 के) पर विचार करते हुए, ऐसा प्रतीत होता है कि इस पीठ के समक्ष एक लंबित मुद्दे को छोड़कर सभी मुद्दों का पूर्ण रूप से निपटारा किया गया है।

इसलिए हमें नहीं लगता कि जिन मुद्दों का निपटारा हो चुका है, उन पर दोबारा विचार करने की जरूरत है। पीठ ने कहा था, इस न्यायालय की संविधान पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 239 एए की व्याख्या करते हुए इस विवाद पर विशेष रूप से कोई टिप्पणी नहीं की, इसलिए संविधान पीठ द्वारा इस मामले पर एक आधिकारिक फैसले के लिए उपरोक्त मामले को उसके पास भेजना उचित होगा।

केंद्र सरकार ने सेवाओं के नियंत्रण और संशोधित जीएनसीटीडी अधिनियम, 2021 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की दो अलग-अलग याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करने का अनुरोध किया था। जीएनसीटीडी अधिनियम में उपराज्यपाल को कथित तौर पर अधिक शक्तियां प्रदान की गई है। यह याचिका 14 फरवरी 2019 के उस खंडित फैसले को ध्यान में रखते हुए दायर की गई है, जिसमें न्यायमूर्ति ए. के. सीकरी और न्यायमूर्ति अशोक भूषण (अब दोनों सेवानिवृत्त) की पीठ ने भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश को उनके विभाजित फैसले के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण के मुद्दे पर अंतिम फैसला लेने के लिए तीन-सदस्यीय पीठ के गठन की सिफारिश की थी।

न्यायमूर्ति भूषण ने तब कहा था कि दिल्ली सरकार के पास प्रशासनिक सेवाओं पर कोई अधिकार नहीं हैं। हालांकि, न्यायमूर्ति सीकरी की राय उनसे अलग थी।

# गलत रीडिंग करने में लिप्त मीटर रीडरों पर होगी एफआईआर : जल बोर्ड

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● डीजेबी के अधिकारी समस्या समयबद्ध तरीके से निपटाएं : भारद्वाज

दिल्ली जल बोर्ड ने गलत मीटर रीडिंग रोकने के लिए बड़ा फैसला किया है। अब गलत मीटर रीडिंग में लिप्त मीटर रीडरों और निजी कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भ्रष्ट आचरण और पानी मीटर की गलत रीडिंग में लिप्त पानी के मीटर रीडरों एवं संबंधित निजी कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए।

विभाग के अधिकारी पानी के मीटर रीडिंग और गलत पानी के बिलों से संबंधित चुनौतियों को समयबद्ध तरीके से खत्म करें। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई है। इस बैठक में पानी के मीटर रीडिंग, बिलिंग, स्मार्ट मीटर लगाने की योजना के सम्बन्ध में, नागरिकों की शिकायतों और शिकायत निवारण से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

भारद्वाज ने लोगों की कुछ शिकायतों को संज्ञान में लिया था, जो कुछ क्षेत्रों में पानी के मीटर को मीटर रीडर द्वारा गलत तरीके से रीडिंग लेने के साथ साथ भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती थी। उन्होंने तत्काल इस मामले की गंभीरता को समझते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को इस तरह के कार्यों को रोकने के निर्देश दिए। डीजेबी के अधिकारियों को एक प्रक्रिया बनानी होगी, जिसके तहत प्रत्येक मीटर रीडर के काम का मूल्यांकन पहले स्तर पर मीटर इंस्पेक्टर द्वारा किया जाएगा।

# महिला आयोग ने बच्ची की हत्या के मामले में पुलिस से मांगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग ने उस आठ वर्षीय बच्ची की हत्या को लेकर दिल्ली पुलिस से कार्वाई रिपोर्ट मांगी है जिसका शव यहां यमुना खादर इलाके के पास मिला था। वह शव मिलने से करीब 15 दिन पहले लापता हो गई थी। आयोग ने पुलिस से 26 अगस्त तक उसके साथ विवरण साझा करने को कहा है।

बच्ची की मां ने आयोग को 17 अगस्त को शिकायत दी थी कि उनकी बेटी तीन अगस्त की आधी रात से लापता है। आयोग ने बताया कि उन्होंने चार अगस्त को दिल्ली पुलिस को शिकायत की थी लेकिन उनकी बच्ची नहीं मिल सकी। बच्ची का शव 18 अगस्त को बरामद किया गया। आयोग ने कहा, मीडिया में खबरें आई हैं कि बच्ची की हत्या करने से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया था। यह बहुत गंभीर मामला है।

पुलिस उपायुक्त को भेजे नोटिस में आयोग ने प्राथमिकी, शिकायत की प्रति तथा पुलिस की ओर से की गई कार्वाई की रिपोर्ट तलब की है। इसके अलावा, आयोग ने पुलिस से मामले में गिरफ्तार आरोपी का विवरण और बच्ची के पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रति भी मांगी है।

### हनुमान मंदिर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त, मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** महेंद्र पार्क क्षेत्र में स्थित एक मंदिर में भगवान हनुमान की मूर्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय लोगों को एक वीडियो प्राप्त हुआ जिसमें एक व्यक्ति मंदिर के पास हाथ में छड़ लिए दिखता है। आसपास की कुछ दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई।

पुलिस ने कहा कि उसे संदेह है कि व्यक्ति ने शराब के नशे में घटना को अंजाम दिया और स्थानीय लोगों ने भी उसके नशे के आदी होने की पुष्टि की है। उसे अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है।पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंदिर में स्थानीय लोगों की मदद से एक नई मूर्ति स्थापित कर दी गई है।

# सीबीआई-ईडी के छापे सरकार गिराने का प्रयासः केजरीवाल



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के ताजा दावे के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि इसका मतलब है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) व प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापे उनकी सरकार को गिराने का प्रयास थे लेकिन राष्ट्रीय राजधानी में ऑपरेशन कमल विफल साबित हुआ। इससे पहले सिसोदिया ने ट्वीट कर दावा किया था कि भाजपा ने उन्हें आम आदमी पार्टी (आप) तोड़ने पर मुख्यमंत्री का पद देने की पेशकश की थी।

सिसोदिया के ट्वीट के जवाब में केजरीवाल ने कहा कि इसका मतलब सीबीआई-ईडी छापे का शराब नीति और भ्रष्टाचार से कोई लेना देना नहीं है, ये छापे केवल दिल्ली में आप की सरकार गिराने के लिए मारे गए। उन्होंने एक और ट्वीट किया कि ऑपरेशन लोटस (कमल) दिल्ली में विफल रहा।




सीएम आवास के बाहर प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

### मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई आबकारी नीति में कथित घोटाले को लेकर भाजपा भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच तनातनी जारी है। इस मुद्दे पर प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस इलाके में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल को उपमुख्यमंत्री को अपने मंत्रिमंडल से निष्कासित करना चाहिए, क्योंकि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज मामले में उन्हें आरोपी नंबर एक बनाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, केजरीवाल इस पूरे घोटाले के सरगना हैं, जिसमें शराब माफिया को सरकारी खजाने को लूटने की इजाजत दी गई। आदेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता सरकार द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और आबकारी घोटाले के बारे में लोगों को बताने के लिए शहर में घर-घर जाएंगे। गौरतलब है कि सीबीआई ने आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं की जांच कर रहा है। सीबीआई ने इस संबंध में दर्ज एक प्राथमिकी में दो कंपनी और 13 लोगों को नामजद किया है।

### केजरीवाल बड़े झूठे, उनके मंत्री बहुत बड़े झूठे : ठाकुर

**नई दिल्ली/शिमला।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बड़े झूठे और उनके मंत्री बहुत बड़े झूठे हैं। ठाकुर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया के इस दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन्हें आप को तोड़ने पर मुख्यमंत्री पद की पेशकश की थी।

## आबकारी नीति : इंडोस्प्रिट के समीर महेंद्रू से सीबीआई ने की पूछताछ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



● सिसोदिया के करीबियों को पांच करोड़ रुपये भुगतान का आरोप

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार के मामले में नामजद इंडोस्प्रिट के प्रबंध निदेशक समीर महेंद्रू से पूछताछ की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी पहले ही हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई से इस मामले में एक बार पूछताछ कर चुकी है जबकि महेंद्रू से दोबारा पूछताछ की जा रही है। सीबीआई ने प्राथमिकी में दो घटनाओं का उल्लेख किया है जिसके मुताबिक महेंद्रू ने कुल करीब चार से पांच करोड़ रुपये का भुगतान दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के करीबी सहयोगियों को किया है। एजेंसी ने उन्हें प्राथमिकी में बतौर आरोपी भी नामजद किया है।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अनुशंसा पर दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक सिसोदिया के करीबी सहयोगी गुरुग्राम से संचालित बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित अरोड़ा, दिनेश अरोड़ा और अर्जुन पांडे लोकसेवकों के लिए शराब लाइसेंसधारियों से एकत्र राशि का प्रबंधन और वितरण में सक्रिय रूप से संलिप्त थे।

सीबीआई ने आरोप लगाया है कि दिनेश अरोड़ा के प्रबंधन वाली राधा इंडस्ट्रीज को महेंद्रू से एक करोड़ रुपये की राशि मिली। प्राथमिकी में दावा किया गया, सूत्रों ने खुलासा किया कि अरुण रामचंद्र पिल्लई जमा की गई राशि समीर महेंद्रू से प्राप्त करता था ताकि विजय नायर के जरिए उसे आरोपी लोकसेवकों तक पहुंचाया जा सके। अर्जुन पांडे नामक व्यक्ति ने विजय नायर की ओर से एक बार समीर महेंद्रू से दो से चार करोड़ की राशि प्राप्त की थी।

सीबीआई ने दिल्ली के आबकारी मंत्री सिसोदिया के अलावा अपनी प्राथमिकी में तत्कालीन आबकारी आयुक्त आरव गोपी कृष्ण, तत्कालीन उप आबाकारी आयुक्त आनंद कुमार तिवारी और तत्कालीन सहायक आबकारी आयुक्त पंकज भटनागर, नौ कारोबारियों और दो कंपनियों को भी नामजद किया है।

# ईवीः हर तीन किमी पर बनेगा एक चार्जिंग प्वाइंट

## चार्जिंग स्टेशन की कमी के चलते बैट्री से चलने वाले वाहनों को नहीं अपना रहे चालक : गहलोत

● लगभग 100 चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




राजधानी दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए हर तीन किलोमीटर के दायरे में एक चार्जिंग स्टेशन बनेगा।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने कोविड महामारी के कारण दो महत्वपूर्ण वर्ष गंवाए हैं, लेकिन वर्ष 2024 तक कुल वाहनों के पंजीकरण में 25 प्रतिशत विद्युत चालित वाहनों के लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम होगी। मंत्री ने दिल्ली ईवी फोरम में कहा, सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य चार्जिंग स्टेशन का एक अच्छा नेटवर्क बनाना है। दिल्ली में पहले से ही 2,000 से अधिक चार्जिंग स्टेशन हैं। लगभग 100 चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य तीन किलोमीटर के दायरे में चार्जिंग प्वाइंट उपलब्ध कराने का है। यह पूछे जाने पर कि कई जागरूकता अभियानों और प्रोत्साहनों के बावजूद ईवी की बिक्री में क्या बाधा आ रही है, गहलोत ने कहा कि बहुत से लोग रेंज की समस्या और राजमार्गों पर या दिल्ली के बाहर चार्जिंग स्टेशन की अनुपलब्धता की वजह से विद्युत चालित वाहनों को नहीं अपना रहे हैं।

किसी विद्युत चालित वाहन की रेंज वह अनुमानित दूरी है जो वाहन को एक बार पूरी तरह चार्ज करने पर तय की जा सकती है। ईवी वाहनों में दूरी के मुद्दे का विनिर्माताओं द्वारा समाधान किया जाना चाहिए। सुविधाजनक रेंज समाधान प्रदान किया जाना चाहिए। गहलोत ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों द्वारा विद्युत चालित वाहनों को नहीं अपनाए जाने के पीछे एक और कारण यह है कि इनकी लाग थोड़ी अधिक है।

### दो नशेड़ियों ने कांस्टेबल और गार्ड पर किया हमला

**नई दिल्ली** । दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल और दिल्ली सरकार के अस्पताल में तैनात गार्ड पर नशे की हालत में दो व्यक्तियों द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि घटना कल्याणपुरी इलाके में स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में रविवार-सोमवार की रात हुई। अधिकारियों के मुताबिक उपद्रवियों द्वारा अस्पताल की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

पुलिस उपायुक्त प्रियंका ने बताया शुभम अपने दोस्त सागर के साथ अस्पताल आया था जहां उसकी मां भर्ती थी। वह वार्ड में अपने दोस्त के साथ दाखिल होना चाहता था। दोनों नशे की हालत में थे और गार्ड ने उन्हें बताया कि केवल एक ही तीमारदार को वार्ड में जाने की अनुमति है, जिसको लेकर उनकी गार्ड और कांस्टेबल से बहस हो गई।

# जेएनयू में सुरक्षा कर्मियों की पिटाई से 12 छात्र घायल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● एबीवीपी का दावा घायलों में संगठन के अध्यक्ष और दृष्टि बाधित एक छात्र भी शामिल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दावा किया है कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में सुरक्षा कर्मियों ने परिसर में प्रदर्शन करने को लेकर छात्रों की सोमवार को पिटाई की, जिसमें छात्र संगठन के अध्यक्ष तथा दृष्टि बाधित एक छात्र घायल हो गया।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से संबद्ध छात्र संगठन ने कहा कि विद्यार्थी एक वर्ष से फेलोशिप नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए परिसर में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

एबीवीपी ने कहा कि सुरक्षा कर्मियों की पिटाई में कम से कम 12 छात्र घायल हो गए हैं। जेएनयू प्रशासन ने इस संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जेएनयू के एबीवीपी के अध्यक्ष रोहित कुमार ने कहा, आज छात्रों ने फेलोशिप और छात्रवृत्ति के मुद्दे को लेकर प्रशासनिक कार्यालय का घेराव किया था। छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन फेलोशिप और छात्रवृत्ति जारी करने की मांग की लंबे समय से अनदेखी कर रहा है। जेएनयू प्रशासन ने छात्रवृत्ति घोटाले को दबाने के लिए छात्रों पर हिंसक हमला कराया।

# अब खेतों में भी काम करेगा ड्रोन, करेगा कीटनाशकों का छिड़काव

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

### समय और अधिक खर्चे में कटौती कर सकेंगे किसान

### राजावास गांव के जीएलएस फार्म हाउस से हुई शुरुआत

**जिस** तरह से ड्रोन से सेनाएं दुश्मन पर नजर रखती हैं। ड्रोन से सरकार जमीनों की मैपिंग आदि का काम करवा रही हैं। ड्रोन विवाह-शादियों में हवाई चित्र, वीडियोग्राफी के काम में लिया जा रहा है। इसी तरह से अब ड्रोन खेतों में भी काम करेगा। इससे किसानों के समय और धन की भी बचत होगी।

आम तौर पर किसान स्वयं या मजदूरों के माध्यम से अपने खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव करते हैं। जिन किसानों की खेती ज्यादा है, उन्हें इस काम के लिए अधिक खर्चा भी करना पड़ता है और समय भी ज्यादा लगता है। किसानों को सहूलियत के लिए अब ड्रोन भूमिका निभाएगा। ड्रोन तकनीक के माध्यम से खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव किया जाएगा। ट्रायल के तौर पर इसका प्रयोग गांव राजावास के खेतों में किया गया। खास बात यह है कि किसानों का इस काम पर अब खर्चा भी कम ही आएगा। एक एकड़ जमीन में बोयी गई फसल में कीटनाशक के छिड़काव पर मात्र 500 रुपये ही खर्चा होगा। जो कि



गांव राजावास में खेत में ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव की शुरूआत के मौके पर मौजूद अतिथि व किसान।

मजदूरों या किसानों द्वारा खुद काम करने पर एक एकड़ जमीन में यह खर्चा करीब 2000 हजार रुपये आता है। साथ ही फसलों में घूमने पर फसलों को भी नुकसान होता है।

**मशीनों से फसलों को होता है नुकसान** : समय के साथ फसलों में मशीनीकरण का भी जमाना शुरू हुआ। ट्रैक्टर के पीछे बड़ा टैंक लगाकर और उस टैंक से पाइप के माध्यम से छिड़काव किया जाने लगा है। इससे फसलों को नुकसान पहुंचता है।

खेतों में लहलहाती फसलें टूट जाती हैं और पौधे टूटने के कारण मर जाते हैं। यह सीधे तौर पर किसान का ही नुकसान होता है। फसलों को कई तरह के नुकसान से ड्रोन तकनीक बचाएगी। ड्रोन से छिड़काव करते समय अब ना तो खेतों में फसलें टूटेंगी और ना ही अधिक खर्चा देना पड़ेगा। ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर किसान बेहतर तरीके से अपनी फसलों में कीटनाशकों के अलावा अन्य चीजों का भी छिड़काव कर सकेंगे। मानेसर की एक कंपनी में विशेष तौर पर तैयार किये गये ड्रोन किसानों को किराए पर उपलब्ध होंगे। रेवाड़ी जिला के बेरली गांव से फिलहाल यह ड्रोन लिए जा सकते हैं। डिमांड के अनुसार इन्हें दूसरे जिलों में भी भेजा जाएगा।

**ट्रायल में पास हुआ ये ड्रोन तकनीक** : पटौदी से सटे गांव राजावास में ड्रोन तकनीक का ट्रायल किया गया। इस दौरान हरियाणा डेयरी विकास प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने जीएलएस फार्म हाउस से इस विशेष ड्रोन को संचालित किया। इसका काफी समय तक ट्रायल किया गया। इस तकनीक को देखने काफी संख्या में किसानों ने भी शिरकत की। सभी को विस्तार से इस ड्रोन की खूबियां बताई गई। जीएल शर्मा ने कहा कि निसंदेह यह तकनीक किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगी।

बता दें कि ड्रोन अब हर क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रहा है। गत वर्ष अरावली में पेड़ों के बीजों का छिड़काव कराया गया। लाखों बीज अरावली की श्रृंखला में ड्रोन से बरसाए गए, जो अंकुरित होकर पौधे बन चुके हैं। आने वाले कुछ समय में वे पेड़ों का रूप लेकर अरावली को और अधिक हरा-भरा कर देंगे।

# नगर निगम में शामिल नए क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं दें अफसर : मेयर

### पेयजल, सीवरेज, सामुदायिक भवन, चौपाल आदि सुविधाओं के लिए तेजी से करें कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम नगर निगम की बैठक में मौजूद मेयर टीम व अधिकारी।

**गुरुग्राम** की मेयर मधु आजाद ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम गुरुग्राम की सीमा में नए शामिल क्षेत्रों में पेयजल, सीवरेज, सड़क, सामुदायिक भवन, चौपाल आदि सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए तेजी से कार्रवाई की जाए, ताकि वहां के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं जल्द मिल सकें। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को निगम कार्यालय में आयोजित वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए।

उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों में डिफेक्ट लाईबिलिटी पीरियड (डीएलपी) की शर्त है, उनके वर्क ऑर्डर में यह स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना चाहिए कि डीएलपी की अवधि कार्य पूर्ण होने के बाद शुरू होगी तथा इस दौरान रोकी जाने वाली राशि के बारे में भी वर्क ऑर्डर में अंकित होना चाहिए।

बैठक में पालम विहार रोड पर छोटूराम चौक से बैस्टैक तक सीवर लाईन डालने के लिए तैयार किए गए 1.75 करोड़ रूपए के एस्टीमेट को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई। यहां मेयर ने कार्यकारी अभियंता गोपाल कलावत को निर्देश दिए कि अगले दो दिन में एनजीटी के आदेशों के तहत विभिन्न वार्डों से संबंधित एस्टीमेट भी तैयार करके उनके समक्ष प्रस्तुत किए जाएं।

**इन 15 विकास कार्यों के टेंडर अलॉटमेंट को दी गई मंजूरी** : वित्त एवं संविदा कमेटी की बैठक में सेक्टर-21 के पॉकेट-ए व ई में पेयजल लाईन के लिए 1.83 करोड़ रुपये, गांव वजीराबाद के जोहड़ीवाला स्कूल में बूस्टिंग स्टेशन निर्माण के लिए 1.77 करोड़ रुपये, धनवापुर रेलवे क्रॉसिंग से सामुदायिक केन्द्र तक बॉक्स टाईप स्ट्रॉम वाटर ड्रेन के लिए 1.75 करोड़ रूपए, पालम विहार में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण के लिए 2.49 करोड़ रुपये, गांव हरसरू ओबीसी बैंक से द्वारका एक्सप्रेस-वे तक ड्रेन व फुटपाथ निर्माण के लिए 2.18 करोड़ रुपये, साऊथ सिटी-2 के ए ब्लॉक से आई ब्लॉक तक 24 मीटर सड़कों व फुटपाथ के लिए 1.19 करोड़ रुपये, गांव नाथूपुर में बूस्टिंग स्टेशन निर्माण के लिए 2.43 करोड़ रूपए तथा गांव चौमा में वाल्मिकी चौपाल के पुनर्निर्माण के लिए 1.94 करोड़ रुपये के टेंडर अलॉटमेंट को मंजूरी दी गई।

इनके अलावा सरहोल मोड से विपुल मोटर्स तक सीवर लाईन के लिए 1.08 करोड़ रूपए, गांव धनवापुर के मौजूदा सामुदायिक भवन के रेनोवेशन व मल्टीपर्पज हॉल के निर्माण के लिए 1.01 करोड़ रुपये, सेक्टर-18 में धीरज ढाबा से सेवा टावर तक सीवर लाईन के लिए 1.13 करोड़ रुपये, सेक्टर-22 के बूस्टिंग स्टेशन परिसर में मल्टीपर्पज हॉल के लिए 2.20 करोड़ रुपये, साऊथ सिटी-2 के क्यू-1 ब्लॉक में पेयजल लाईनों के लिए 2.45 करोड़ रूपए, गांव चौमा में इंडोर स्टेडियम के लिए 1.87 करोड़ रुपये तथा साऊथ सिटी-2 के ब्लॉक-ए से आई तक में फुटपाथ निर्माण के लिए 2.34 करोड़ रुपये के टेंडर अलॉटमेंट को भी मंजूरी दी गई।

# सरकारी स्कूलों को बंद करना अन्याय : सुखबीर तंवर



### आप के पूर्व प्रत्याशी सुखबीर तंवर ने गांव डूमा एवं बिरहेड़ा के स्कूलों को बंद करने निंदा की

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पटौदी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुखबीर तंवर ने फरूखनगर ब्लॉक के गांव डूमा एवं बिरहेड़ा के सरकारी मिडिल स्कूलों को बंद करने के सरकारी निर्णय की निंदा करते हुए कहा कि स्कूल बंद करना इन गांवों के साथ अन्याय है।

गांव डूमा और बिरहेड़ा मे ग्रामीण पंचायत के माध्यम से ग्रामीणों को आह्वान किया की शिक्षा की एतिहासिक धरोहरों को सरकार की गलत नीतियों और निर्णय से बचाना हम सभी का प्राथमिक दायित्व है। दोनों गांवों के स्कूल अपग्रेड होना हमारे बुजुर्गों के अथक प्रयासों और परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। हरियाणा सरकार अपनी जिम्मेदारी के निर्वहन में निरंतर विफल साबित हो रही है। स्कूल बंद करना इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की कमी, आवश्यक सुविधाओं एवं अत्याधुनिक भवनों के अभाव में आर्थिक स्तर पर कमजोर होने के बावजूद अभिभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेजने को मजबूर हैं। गांवों में शिक्षा के निजीकरण के विरुद्ध जन जागरण अभियान चलाकर सरकारी स्कूलों को निर्विघ्न संचालित करने के लिये मजबूर किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पोएट्री फेस्टिवल में लोगों पर चला कवियों का जादू




गुरुग्राम में पोएट्री फेस्टिवल में प्रस्तुति देते कवि।

**गुरुग्राम।** डीएलएफ क्लब-5 में दो दिवसीय डीएलएफ गुरुग्राम पोएट्री फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के अनेक प्रसिद्ध कवियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कवि मधु राघवेन्द्र द्वारा किया गया। फेस्टिवल की शुरुआत इसी साल से की गयी है। इस कार्यक्रम में लेखकों और कवियों के सत्र, ओपन माइक, पैनल डिस्कशन, किताबों का विमोचन, कवि सम्मेलन आदि शामिल था। कवियों ने एक के बाद शानदार कविताएं सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम को शानदार बनाते हुए दो सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें पहले दिन बहुत प्रसिद्ध कहानीकार महमूद फारूकी और दरैन शाहिदी द्वारा दास्तानगोई (दास्तान-ए-राग दरबारी) नामक उर्दू कहानी कहने की शैली का प्रदर्शन किया गया। दूसरे दिन गालिब पर नाट्य प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में कवि रक्षंदा जलील, सुकृता पॉल कुमार, संयुक्ता दास गुप्ता और के. सच्चिदानंदन ने अपनी कविताओं के माध्यम से फेस्टिवल की शोभा बढ़ाई।

### बदमाश दिन दहाड़े दुकानदार से बैट्री और इंवर्टर लेकर हुए फरार

**सोहना।** शहर के पलवल मार्ग पर इंवेटर की दुकान पर गाड़ी में सवार होकर आए दो बदमाश बैट्री-इंवर्टर लेकर भाग गए। दुकानदार ने आरोपी बदमाशों पर नौकर को चलती गाड़ी में से फेंक देने का आरोप लगाया है। गांव लाखूवास निवासी भीमसिह ने शहर थाना पुलिस को बताया कि उसने पलवल मार्ग पर बैट्री-इंवेटर की दुकान की हुई है। रविवार की दोपहर बाद साढ़े तीन बजे उसकी दुकान के आगे गाड़ी आकर रुकी। जिसमें से दो युवक नीचे उतरकर उसके पास दुकान पर आए। पहले तो उन्होंने तीन बैट्री और दो इंवर्टर के भाव किए। भाव होने के बाद तीन बैट्री और दो इंवर्टर को अपने गाड़ी में रखवा लिया। रुपये मांगने पर गाड़ी में से एक युवक ने कार्ड लाने की बात कही। उसने अपने नौकर भारत को गाड़ी के पास कार्ड लेने के लिए भेजा। बदमाशों ने नौकर भारत को अपने साथ गाड़ी में बैठा लिया और मौके से बिना भुगतान किए नौकर का अपहरण करके भाग गए। उसके शोर मचाने और गाड़ी का पीछा करने पर बदमाश नौकर को चलती गाड़ी में से नीचे जमीन पर फेंक कर चले गए। जिससे नौकर भारत को चोटें लगीं। शहर थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच करते हुए अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### हार्ट अटैक के विषय में दी प्राथमिक उपचार की जानकारी



गुरुग्राम के गोवर्धन कुंज में हार्ट अटैक के बारे में जानकारी देते एक्सपर्ट।

**गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था जागरूक भारत चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा गोवर्धन कुंज में आम लोगों को आकस्मिक होने वाले हार्ट अटैक से बचावो व अटैक हो जाने पर अपनाए जाने वाले प्राथमिक उपचार की जानकारी देने के लिये मेडिकल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस मेडिकल वर्कशॉप में फॉर्टिस एस्कॉर्ट हॉस्पिटल ओखला की तरफ से सीनियर सुपरवाइजर योगीराज व मेडिकल काउंसलर हितेश ने बेसिक लाइफस्पॉट ट्रेनिंग के माध्यम से लाइव डेमो का आयोजन किया। यहां लोगों को हार्ट अटैक से बचाव के उपायों की जानकारी दी। सामाजिक कार्यकर्ता वेदप्रकाश ने कहा कि जागरूक भारत चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ व जागरुकता प्रदान करने के लिये इससे पहले भी काफी पम्प व वर्कशॉप लगाई गई है। ट्रस्ट के प्रयासों से आम लोगों को काफी फायदा पहुंच रहा है। इस मौके पर समाजसेवी गणपत राघव भोंडसी, गोवर्धन कुंज आरडब्ल्यूए के प्रधान प्रीतम शर्मा, सतीश चंद, रियान एनक्लेव आरडब्लूए के प्रधान संजय जांगड़ा, मोहन नगर आरडब्लूए के प्रधान बनवारी गौतम, भरत नगर आरडब्लूए के प्रधान पप्पू कुमार, ट्रस्ट आजीवन सदस्य सुजीत मयुर कुंज व श्रीराम एनक्लेव से अनिल पारासर, कुलदीप जांगड़ा, अध्यक्ष अजय तोमर, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश रघुवंशी, गोपाल मयुर कुंज, शनि एनक्लेव से प्रवेश श्रीवास्तव, श्याम कुंज से सुशील साहू, यूएस शर्मा व अमर सिंह मयुर कुंज आदि लोग उपस्थित रहे।

### दबंगों ने रेहड़ी मजदूर और उसके ताऊ के लड़के को पीटा

**सोहना।** भोंडसी के मारुति कुंज मार्ग पर दबंगों ने दुकानदार और रेहड़ी मजदूर को डंडे व लात-घूसों से पिटते-पिटते अधमरा कर दिया। रेहड़ी पर रखे सामान को गिराते हुए तोड़ दिया। पुलिस ने एक नामजद समेत 5 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश निवासी सोनू कुमार ने बताया कि वह भोंडसी की वाटिका कुंज कॉलोनी में रहता है। उसने मारुति कुंज मार्ग पर कपड़े की दुकान की हुई है। वहीं पर उसका चचेरा भाई गौत्तम गोलगप्पे और टिक्की की रेहड़ी लगता है। शनिवार को रिठौज निवासी निदंर बाइक से पास में रखा कूडेदान को टक्कर मारते हुए गिरा दिया। कूडादान गिराने की शिकायत करने पर निदंर ने फोन करके 4-5 अन्य युवकों को मौके पर बुला लिया। जिन्होंने मिलकर उसे व उसके चचेरे भाई को डंडे, लात घूसे से पीटा। इस दौरान उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। रेहड़ी पर लगे सामान को जमीन पर गिरा दिया।

# जालौर मेघवाल हत्याकांड : संगठनों ने विरोध में निकाला कैंडल मार्च

### तीन किलोमीटर तक चले कैंडल मार्च में लोगों छुआछूत के खिलाफ की नारेबाजी




सोहना में रविवार की शाम को निकाला गया कैंडल मार्च।

**सोहना।** शहर के सामाजिक संगठनों ने मिलकर राजस्थान के जालौर हुई मासूमियत विद्यार्थी की शिक्षक की पिटाई के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च के दौरान आरोपी शिक्षक को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की गई। रविवार की शाम सात बजे शहर के अग्रसेन चौक से कैंडल मार्च निकाला। जिसमें अलग-अलग सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस कैंडल मार्च का उद्देश्य राजस्थान जालौर जिला में शिक्षक छितरसिंह द्वारा मासूम छात्र की पिटाई से हुई अस्पताल में मौत की कड़ी निन्दा की गई।

कैंडल मार्च में सामाजिक संगठनों के गणमान्य पदाधिकारी, नगर परिषद पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कैंडल मार्च करीब तीन किलोमीटर तक चला। जिसे अग्रसेन पार्क से पुराना लैबर चौक, खेल चौक, नगर परिषद कार्यालय से होता हुआ शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक, अस्पताल मार्ग, सब्जी व अनाज मंडी से होता हुआ बस स्टैंड मार्ग और आखिर में अंबेडकर बाईपास चौक पर समाप्त हुआ। कैंडल मार्च में 100 से 150 के लगभग नागरिक मौजूद थे। सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कुमार ने बताया कि आज भारत विश्व की महाशक्ति बनने जा रहा है। लेकिन आज यह सोचकर हैरानी होती है।

# दो ओवर लोडिंग और चोरी से रोड़ी ढोते कई वाहन पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**एसडीएम** के नेतृत्व में गठित अवैध खनन जांच टीम ने रायसीना क्रेसर जोन में दो वाहनों को अवैध लोडिंग और चोरी से भी रोड़ी से भरे वाहन पकड़ा। पकड़े गए दोनों वाहनों के खिलाफ कानूनी कारवाई शुरू कर दी है।

प्रदेश सरकार ने अवैध खनन पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से खंड स्तर पर जांच टीम का गठन किया है। जिसमें एसडीएम को टीम का मुखिया तथा टीम में वन विभाग से लेकर खनन विभाग, प्रदूषण विभाग और पुलिस को शामिल किया है। सोमवार को टीम ने सोहना नगर सीमा क्षेत्र में स्थित रायसीना क्रेसर



जोन में अवैध खनन को लेकर जांच की। जांच टीम को देखकर क्रेसर मशीन मालिकों से लेकर वाहना चालकों में हड़कंप मच गया। टीम ने जांच के दौरान दो वाहनों को जब्त किया। पहला वाहन में क्षमता से अधिक डेढ़ गुणा माल भरा होने पर तथा दूसरे वाहन में भरा माल का चालक बिल पेश नहीं कर सका। जिसके आधार पर दोनों वाहनों पर कानूनी प्रक्रिया की कवायद शुरू कर दी है।

> “ उच्चाधिकारियों के आदेश पर गठित टीम अपना कार्य करेगी। आदेशानुसार टीम में शामिल किए गए विभागों के अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **एसडीएम**

**सप्ताह में दो दिन होगी जांच** : अवैध खनन पर गठित टीम सप्ताह के किसी भी दो दिन में क्रेसर जोन में आने वाला पत्थर से लेकर जाने वाला क्रेसर-रोड़ी की जांच कर सकती है। जांच के दौरान जोन में चोरी से आने वाले पत्थर पर पूर्णरूप से रोक होगी। जान से बाहर जाने वाला माल का बिल अनिवार्य होगा।

# नई पहल : पार्षदों ने गंदगी, स्ट्रीट लाइट और दूषित पेयजल की 30 समस्याएं रखीं

### अधिकारियों ने समस्याओं को एक सप्ताह से डेढ़ माह में समाधान करने का आश्वासन दिया

### एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने विकास कार्यों की समीक्षा को ली बैठक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर पहली बार हुई बैठक में बिजली, गंदगी, खराब स्ट्रीट लाइट तथा दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्यां अधिक आई। नवनियुक्त पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को रखा। जिसमें करीब 30 समस्याएं पार्षदों द्वारा रखी गई। इन समस्याओं का एक सप्ताह से लेकर डेढ़ माह में समाधान होने का आश्वासन विभाग अधिकारियों द्वारा दिया गया। सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर पार्षद व सरकारी विभाग अधिकारियों के साथ पहली बार बैठक ली। यह बैठक सप्ताह में दो दिन सोमवार व शुक्रवार को होगी। एक बैठक में 7 वार्डों की समस्याओं को सुना जाएगा। इन समस्याओं का अधिकारियों द्वारा समाधान की निरधारित तय समय सीमा किया जाएगा। बैठक के प्रारंभ में एसडीएम ने सभी विभाग के खंड स्तरीय अधिकारी का होना अनिवार्य किया। दूसरा चुनी गई महिला जनप्रतिनिधि ही बैठक में भाग लेने के आदेश जारी किए। महिला पार्षद का परिजन बैठक में भाग नहीं ले सकेंगे। पार्षद अपने वार्ड की समस्याओं को लिखित में लेकर आएंगे। आज की बैठक में समस्या अधिक समस्या पिछले तीन माह से खराब स्ट्रीट लाइट का मुद्दा छाया रहा। दूसरे नंबर पर बरसाती नाली और नालों की नियमित सफाई न होना। सफाई के बाद कूड़े के लगे ढेरों को समय पर न उठाना। शहर के वार्ड-पांच के आबादी क्षेत्र में बरसती पानी जमा होने की समस्या को प्रमुखता से रखा। वार्ड-6 में बरसाती नाले से लेकर दूषित पेयजल की आपूर्ति, बंद सीवर लाइन को खोलने के बाद चालू करना और बिजली के पोल पर केवल डालने की मांग रखी गई। वार्ड-7 में पंचायती जमीन पर अवैध कब्जों का सफाया। आबादी के बीच बने तालाब के पानी की समस्या का समाधान तथा 28 एकड़ सरकारी जमीन को कब्जाधारियों से मुक्त कराने की बात रखी गई। गुरुग्राम-अलवर मार्ग के साथ शहर की चुंगी नंबर दो से बस स्टैंड तक सड़क के साथ लगे भवन निर्माण भवन के ढेरों को उठाव कराने की मांग रखी गई।

> “ **अधिकारी** आगामी बैठक में आने से पहले पूर्व में पार्षदों द्वारा रखी गई समस्याओं का समाधान करके आएं। समस्याओं के समाधान में अधिकारी की किन्तु-परन्तु नहीं सुनी जाएगी।
>
> **जितेन्द्र गर्ग, एसडीएम**

**सरकारी रोक लगाने वालों पर होगी कार्रवाई** : वार्ड या सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले विकास कार्यों में बाधा पहुंचाने वाले जनप्रतिनिधि या आमजन के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अमल में लाने के विभाग अधिकारियों को आदेश जारी किए गए। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों पर होगी कार्रवाई तथा डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली एजेंसी को तुरन्त प्रभाव से ब्लैक लिस्ट करने के आदेश जारी।

# यूथ हॉस्टलों में सुविधाएं मुहैया करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी : मुख्य सचिव

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खिलाड़ियों और युवाओं की सुविधा के लिए बनाए गए यूथ हॉस्टल में सभी प्रकार की सुविधायें मुहैया करवाना सुनिश्चित करें, ताकि युवा पूरी तरह तनाव मुक्त रहकर देश को निखार सकें। वे सोमवार को यूथ हॉस्टल से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में खेल एवं युवा मामले विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. महावीर सिंह और निदेशक पंकज नैन भी उपस्थित रहे।

संजीव कौशल ने कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों व युवाओं को कम खर्चे पर आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए इन हॉस्टल का निर्माण किया है। इसलिए इन हॉस्टल का रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने पंचकूला और कुरुक्षेत्र जिला उपायुक्तों को यूथ हॉस्टल का दौरा कर वहां उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लेने और आवश्यकतानुसार सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि यमुनानगर और भिवानी के यूथ हॉस्टल में नेहरू युवा केंद्र का कार्यालय संचालित है।

# MG मोटर इंडिया: महिला खिलाड़ियों को समर्थन दिया, एथलीट रूपल चौधरी संग साझेदारी की

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**MG** ने वर्ल्ड एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट, रूपल चौधरी के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी का उद्देश्य उनकी आगे की पढ़ाई को सुनिश्चित करना तथा उनके भविष्य को और सशक्त बनाना है। श्रीवशिष्ठ गर्ग, निदेशक-ग्रैंड व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड और श्री रजित गर्ग, निदेशक-ग्रैंड व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड की उपस्थिति में एमजी मेरठ में आयोजित एक कार्यक्रम में इस खिलाड़ी को सम्मानित किया गया।

एमजी ने उनके पक्के इरादे और दृढ़ इच्छाशक्ति के प्रति अपना आभार प्रकट किया है, जिसकी बदौलत उन्होंने देश का नाम रोशन किया। कार निर्माता कंपनी की ओर से उनकी पढ़ाई पर होने वाले खर्च का वहन किया जाएगा। उनकी ऑनलाइन पढ़ाई के लिए एजुकेशन किट भी उपलब्ध कराया जाएगा। ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद, उन्हें ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में ख्न्न में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। रूपल उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के एक छोटे से



गाँव की रहने वाली हैं और बेहद साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वह कोलंबिया में आयोजित वर्ल्ड अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2022 में रजत (400 मीटर रिले में) और एक व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। यशविंदर पटियाल, निदेशक- एचआर, एमजी मोटर इंडिया के अनुसार, विविधता और सभी को शामिल करने की सोच ही हमारा मूल सिद्धांत है और रूपल की तरह अपनी काबिलियत दिखाने वाले व्यक्तियों को अवसर प्रदान करना बेहद महत्वपूर्ण है।

देश के लिए उनके योगदान पर हमें गर्व है। वह कई और उभरती हुई खेल हस्तियों और बड़े पैमाने पर महिलाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं, और एक ब्रांड के तौर पर हम उन्हें अपना सहयोग देना जारी रखेंगे। इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए, रूपल ने कहा, मैं एमजी की शुक्रगुजार हूं, जिसने हमेशा ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों पर विशेष ध्यान दिया है। जिन्हें अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। मुझे पूरा यकीन है कि इस दिशा में उठाया गया प्रत्येक कदम बहुत-सी अन्य लड़कियों और उनके परिवारों को सहारा प्रदान करेगा, जिससे उन्हें अपने पसंदीदा क्षेत्र को चुनने और बेफिक्र होकर अपने लक्ष्य को हासिल करने का अवसर मिलेगा। एमजी मोटर ने इससे पहले भी महिला खिलाड़ियों के साथ साझेदारी की है ताकि उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिल सके। इनमें पेशेवर गोल्फर त्वेसा मलिक, खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार विजेता दीपा मलिक, 2020 टोक्यो पैरालिंपिक में भारत की पहली रजत पदक विजेता भाविना पटेल तथा गुजरात की फुटबॉल क्रांतिकारी पाटन गर्ल्स शामिल हैं।

# स्कूल की छात्राओं पर मंडरा रहा है बीमारियों का खतरा

## नगर निगम की लापरवाही से 15 दिनों से नहीं उठा स्कूला में रखा डस्टबिन

कविता। फरीदाबाद

एनएच-तीन स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को नगर निगम के लापरवाह रवैये से परेशानियां हो रही हैं। ऐसा ही यहां सोमवार को देखने को मिला। स्कूल के भीतर निगम का डस्टबिन कचरे से भरा पड़ा है।

प्रिंसीपल और अध्यापकों ने बताया कि वे नगर निगम को 15 दिनों से फोन कर रहे हैं, लेकिन कोई नहीं आया। वहीं स्कूल दूसरे गेट के पास कचरे का डम्पिंग पॉइंट बना हुआ है। इससे थोड़ा आगे बने शौचालय से गंदी बदबू आती है।

लेकिन नगर निगम द्वारा कई बार बोलने के बाद भी उसे नहीं हटाया गया है। ऐसे में बच्चों को कक्षाओं में बैठने में कठिनाई होती है। गर्मी में उन्हें बाहर बैठाकर पढ़ा नहीं सकते। मजबूरी में गंदे माहौल में ही बच्चों को बैठना पड़ता है। वहीं एक ट्रक ने दीवार तोड़ दी थी, लेकिन उसे अभी तक ठीक नहीं करवाया।


स्कूल के भीतर रखा निगम का डस्टबिन।


स्कूल के बाहर लगे गंदगी के ढेर पर मंडराते पशु।

**भरा मिला डस्टबिन :** स्कूल के भीतर घूसते ही बीच ग्राउंड में नगर निगम का डस्टबिन कूड़े से भरा हुआ था। प्रिंसीपल रविन्द्र मनचंदा और अध्यापक संजय व सूबे सिंह ने बताया कि वे 15 दिन से निगम कर्मियों को डस्टबिन खाली करने को फोन कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई नहीं आया। पहले जो सुपरवाईजर था, उसने ही डस्टबिन को स्कूल में रखवाते हुए समय-समय पर खाली करने को कहा था। लेकिन अब उसने बताया कि उसका तबादला हो गया है। सभी से बात करते है, लेकिन कोई समाधान नहीं करता।

**मिली यह असुविधा:** स्कूल के मुख्य द्वार पर मौजूद नाले से भी गंदी बदबू आती है। प्रिंसीपल और अध्यापकों ने बताया कि नाला खुला है और गंदा पानी बरसात के दिनों में स्कूल में भर जाता है। वहीं दूसरे गेट पर गंदगी का ढेर लगा रहता है। जबकि यहां बिजली के खम्भे पर लगे बोर्ड पर लिखा है कि 'आप सीसीटीबी की निगरानी में हैं। यहां पर कूड़ा डालना सख्त मना है, जो भी कूड़ा डालता हुआ पाया जायेगा वो गधे की श्रेणी में गिना जायेगा। कचरे के ढ़ेर पर आवारा पशुओं को मंडराते हुए देखा गया। कुछ ही दूरी पर स्कूल की दीवार के निकट ही एक शौचालय बना हुआ है, जिसमें गंदगी के कारण बदबू आ रही थी। शौचालय और कचरे के ढेर से उठ रही बदबू स्कूल के भीतर कक्षाओं में पहुंच रही थी।

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने की चाक चौबंद व्यवस्था

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मंडलायुक्त ने ली फाइनल कोऑर्डिनेशन मीटिंग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**अमृता** अस्पताल के उद्घाटन के लिए आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा के लिए एसपीजी और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां तो युद्धस्तर पर अपना काम कर रही हैं। साथ ही पीएम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने एक जुट होकर चाक चौबंद व्यवस्था की है। पीएम के लिए बनाए गए अभेद सुरक्षा कवच पर कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर फरीदाबाद मंडल के आयुक्त संजय जून ने एमवीएन स्कूल में सोमवार को अधिकारियों की फाइनल कोऑर्डिनेशन मीटिंग ली। प्रधानमंत्री 24 अगस्त को देश के सबसे बड़े मल्टी स्पेशलिटी प्राइवेट अस्पताल माता अमृता का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी ड्यूटी के संबंध में पूरी तरह से स्पष्ट रहें। 23 अगस्त को रिहर्सल के दौरान भी सभी अधिकारी अपनी ड्यूटी केंद्र पर रहें।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर मुख्य स्टेज पर आने वाले वीआईपी की गेट नंबर-4 से एंट्री होगी। इसी गेट से मीडिया कर्मियों की भी एंट्री करवाई जाएगी। सुरक्षा के मद्देनजर सभी को अपने साथ आधार कार्ड या कोई भी सरकारी फोटो युक्त आईडी लानी होगी। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए पास को दिखाना होगा। मंडलायुक्त ने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी गेट से वाहनों की चाबी को अंदर ले जाने की इजाजत नहीं होगी। इसके लिए गेट पर व्यवस्था की गई है। जहां पर चाबी रखने के बाद संबंधित को कूपन जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद कूपन दिखाने के बाद ही चाबी वापस मिलेगी। उन्होंने बताया कि गेट नंबर एक से वीवीआईपी तथा दो नंबर से आज जनता व माता अमृता अस्पताल की ओर से आमंत्रित अनुयायियों को आमंत्रण पत्र दिया गया है। ये अनुयायियों भी इसी गेट अंदर आएंगे। मंडलायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था के अलावा कार्यक्रम स्थल पर वाहनों की पार्किंग, बिजली पानी, शौचालय आदि के बारे में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में एडीजीपी ओपी सिंह, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त यशपाल यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# रिश्वतखोर जेई और क्लर्क को भेजा जेल


रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार जेई आरपी कर्दम तथा एलडीसी जिले सिंह।

## आरओ प्लांट संचालक से रिश्वत लेने के आरोप में किया था गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आरओ** प्लांट के संचालक से 40 हजार रुपये की रिश्वत लेने वाले बिजली निगम के जेई और क्लर्क को स्टेट विजिलेंस की टीम ने सोमवार को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। आरओ प्लांट के संचालक की शिकायत पर विजिलेंस की टीम ने रविवार को दोनों आरोपियों को रंगेहाथों गिरफ्तार किया था।

जानकारी के मुताबिक बड़ौली गांव निवासी सचिन चंदिला ने इस मामले में विजिलेंस के अधिकारियों को शिकायत दी थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि वह इलाके में अपना आरओ प्लांट चलाते हैं। स्थानीय बिजली कार्यालय में तैनात जेई रामपाल कर्दम और क्लर्क जिले सिंह उन्हें बिजली चोरी के झूठे केस में फंसाने की काफी समय से धमकी दे रहे हैं। दोनों आरोपी धमका कर उनसे लगातार रुपये की मांग कर रहे थे। पिछले दिनों उन्होंने फिर उन पर झूठा बिजली चोरी का केस बनाने की धमकी दी। साथ ही दोनों एक लाख रुपये और हर महीने सुविधा शुल्क लेने की मांग कर रहे थे। काफी मिन्नते करने के बाद दोनों 40 हजार रुपये लेने के लिए तैयार हो गए। पीड़ित ने रुपये का इंतजाम करने का समय मांग कर विजिलेंस से शिकायत कर दी।

# सेक्टर-48 हाउसिंग बोर्ड में आरएमसी रोड का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**बड़खल** विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सीमा त्रिखा ने सोमवार को सेक्टर 48 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आरएमसी रोड का उद्घाटन स्थानीय निवासियों से कराया। इस मौके पर विधायिका सीमा त्रिखा ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार क्षेत्र के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र के किसी भी क्षेत्र में कहीं भी जो समस्या होगी, उसका तुरंत समाधान किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में एक समान रूप से कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्र में सुधारीकरण के लिए बुनियादी रूप से कार्य किए जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी एक स्वरूप से पूरे प्रदेश में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझे काम करने का जो आशीर्वाद दिया, उसमें कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि बडख़ल विधानसभा में अधूरे पड़े विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा, क्षेत्र को सुंदर एवं सुसज्जित बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। क्षेत्र में जहां भी जरूरत होगी, वहां कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही क्षेत्र की जो अन्य सडक़ें टूटी हुई हैं उन सड़कों पर भी निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि जहां कहीं भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव हैं, वो संपर्क करें, जल्द से जल्द वहां सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर सत्येंद्र पांडे, पंडित सुरेंद्र शर्मा, सूर्य प्रकाश सिंह, ओमप्रकाश ढींगरा, संजय महेंद्रु, कर्मवीर बैसला, मुरारी लाल गर्ग, अशोक शर्मा, राकेश भंडारी, नितेश भड़ाना, राजकुमार अरोड़ा, राजेश सिंह, कपिल शर्मा, सुशील सेतिया, शोभा पांडे, गुलशन भारद्वाज, रामपाल भारद्वाज, पंडित वतन शर्मा, डॉ विपिन शर्मा, सतीश टिकानिया, राजेश सिंह, जगमोहन शर्मा, अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मांगें नहीं मानी तो बिजली कर्मचारी करेंगे हड़ताल : प्रदेश अध्यक्ष लाम्बा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सरकार** व मैनेजमेंट के कर्मचारी और उपभोक्ता विरोधी रवैए के खिलाफ बिजली कर्मचारी 26 अगस्त को सर्कल ऑफिस सेक्टर-23 पर आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन इंडस्ट्रीयल एरिया एएनएच 5 व एनएच 4 सब डिवीजनों में गेट मीटिंग आयोजित की गई और कर्मचारियों से भारी संख्या में 26 अगस्त को सर्कल ऑफिस पर होने वाले प्रदर्शन में भारी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

गेट मीटिंग को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लाम्बा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, सीसी सदस्य मनोज जाखड़, विनोद शर्मा, ओल्ड फरीदाबाद यूनिट के प्रधान करतार सिंह, ग्रेटर यूनिट के प्रधान दिनेश शर्मा, बल्लभगढ़ इकाई के चेयरमैन रमेश चंद्र तेवतिया, प्रधान रामकेश व सचिव धर्मेन्द्र तेवतिया, एनआईटी यूनिट के प्रधान भूप सिंह, सचिव गिरीश राजपूत व सुरेन्द्र शर्मा और सब यूनिट कमेटी के नेता वेद सिंह व प्रकाश आदि नेताओं ने संबोधित किया। एनएच 5 सब डिवीजन में रिक्त हुए प्रधान व कोषाध्यक्ष के पद पर


गेट मीटिंग को सम्बोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा

चुनाव किया गया। कर्मचारियों ने प्रकाश चन्द्र को प्रधान व सुधा को कोषाध्यक्ष चुना गया।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष एवं एएचपीसी वर्कर यूनियन के उप प्रधान सुभाष लांबा ने गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए सरकार बिजली मंत्री व मेनेजमेंट को अल्टीमेटम दिया कि 21 नवम्बर तक कर्मचारी एवं उपभोक्ता विरोधी नीतियों पर रोक लगाकर कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो बिजली कर्मचारी 22 नवंबर राज्यव्यापी हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले बिजली कर्मचारी 26 अगस्त से 15 नवंबर तक सभी सर्किलों में आक्रोश प्रदर्शन किए जाएंगे और बिजली मंत्री की हठधर्मिता के खिलाफ उनके पुतले दहन किए जाएंगे। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी एसीसी सदस्य विनोद कुमार व मनोज जाखड़ ने गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए कौशल रोजगार निगम भंग करने, ठेका प्रथा समाप्त कर सभी प्रकार के ठेका कर्मियों को पक्का करने, पक्का होने तक समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, एक्स ग्रेसिया रोजगार स्कीम में लगाई गई शर्तों को हटाकर स्कीम को ठेका कर्मियों पर लागू करने, तकनीकी कर्मचारियों के साथ भेदभाव को समाप्त कर शिफ्टों में काम करने वाले सभी तकनीकी कर्मचारियों को शिफ्ट भत्ता देने, जोखिमपूर्ण काम करने वाले कर्मचारियों को पांच हजार रुपए जोखिम भत्ता देने आदि मांगें हैं।

## वाहन चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 प्रभारी की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को देसी कट्टे सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोसिम उर्फ मौसम राजस्थान के भिवाड़ी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर गांव आलमपूर बस स्टैण्ड से अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने थाना एसजीएम नगर,आदर्श नगर और सेक्टर-17 के एरिया से 3 मोटरसाइकिल चोरी की है। आरोपी से चोरी की 3 मोटरसाइकिल बरामद कर 3 मुकदमों को सुलझाया है। आरोपी पहले भी लडाई झगडे के मुकदमें में जेल जा चुका है। आरोपी देसी कट्टे और जिंदा रोंद को अपने शौक व वारदातों को अंजाम देने के लिए भिवाडी किसी अनजान व्यक्ति से 5000/-रुपये में खरीद कर लाया था।

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय ग्रैपलिंग चैंपियनशिप सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


15वीं राष्ट्रीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी।

**15वीं** राष्ट्रीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में 19 अगस्त से 21 अगस्त तक किया गया। ग्रैपलिंग फैडरेशन आफ इंडिया के महासचिव नरेंद्र मोर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ संदीप सिंह खेल मंत्री हरियाणा के द्वारा किया गया।

उन्होंने बताया कि 9 वर्ष लड़कों के नोगी स्पर्धा 38 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान आरव राठौर मध्यप्रदेश, द्वितीय मृणमोये साहा पश्चिम बंगाल, तृतीय अरमान शेख मध्य प्रदेश व पूरब दत्त हरियाणा ने प्राप्त किए। 9 वर्ष आयु वर्ग लड़की में 27 किलो भार वर्ग में नो गी स्पर्धा में जान्वी हरियाणा ने स्वर्ण, धानी राजस्थान ने रजत, सांझ गुप्ता राजस्थान व पूजा के एल केरल ने कांस्य पदक जीते। नो गी स्पर्धा 11वर्ष आयु वर्ग के 27 किलो भार वर्ग में मध्यप्रदेश के निनेश वर्मा ने प्रथम,महाराष्ट्र के करण ठोके ने द्वितीय, सार्थ बिड्कर मध्यप्रदेश व आर्यन हरियाणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 30 किलो भार वर्ग में केरल के श्री राज आर ने पहला, मध्यप्रदेश के कुशाग्र रघुवंशी ने दूसरा और बिहार के शशांक मिश्रा व महाराष्ट्र के उदित चौधरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 34 किलो भार वर्ग में चैतन्य नरोते महाराष्ट्र ने स्वर्ण, विवान हिमाचल प्रदेश ने रजत और आरिज़ शेख मध्यप्रदेश व भरत राजस्थान ने कांस्य पदक जीता। 38किलो भार वर्ग में मणिकांत प्रकाश बिहार ने प्रथम, गौरव चित्ते महाराष्ट्र ने द्वितीय और शौर्य राय पश्चिम बंगाल व रियान हरियाणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 42 किलो भार वर्ग में पार्थ मध्यप्रदेश ने प्रथम, मुहम्मद इशान केरल ने द्वितीय और वजेभब जाट मध्यप्रदेश व रितेश अहिरे महाराष्ट्र तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बिजेंदर गोयल पूर्व मंत्री झारखंड, ओपी नरवाल डीआईजी हरियाणा पुलिस, मनोज वर्मा निदेशक बलविंदर सिंह, जिला खेल अधिकारी शर्मिला, हाकी कोच अनिल प्राचार्य वंदना वत्स, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविकांत मिश्रा, सतीश जोशी और बलजीत संधू ने पदक प्रदान किए और भविष्य में अच्छा खेल प्रदर्शन करने का आशीर्वाद प्रदान किया।

# गेहूं की कालाबाजारी करने के आरोप में एक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रहम प्रकाश व खाद्य विभाग की टीम ने एल्सन चौक के पास स्थित एक गोदाम पर रेड डालकर वहां से कालाबाजारी के लिए ट्रक में भरी जा रही 250 कट्टे गेहूं बरामद की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सोनू है जो बल्लभगढ़ की भगत कॉलोनी का निवासी है। क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई थी कि अलसन चौक के पास गोदाम से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा गरीब जनता को बांटने के लिए जो गेहूं डिपो होल्डर को भेजा जाता हैं। उसे एक ट्रक में भरा जा रहा है। कट्टे पर लगी सरकारी सील तोड़कर उसे दूसरे कट्टों में भरकर कुछ लोग मोटा मुनाफा कमाने के लिए इसे मील में ले जाएंगे। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने खाद्य आपूर्ति विभाग से इंस्पेक्टर सत्यनारायण व उनकी टीम को सूचना देकर बुलाया। दोनों टीमों ने जाकर जब गोदाम में रेड करी तो वहां पर कुछ लोग कटों को हाथ से सीलकर गाड़ी में लोड करवा रहे थे। आरोपियों से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। अलावा चेक करने पर गोदाम में 18 टैंक पाए गए।

# संक्षिप्त समाचार

## कैदियों की स्क्रीनिंग के लिए 24 को लगेगा मेगा कैम्प



**फरीदाबाद।** डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विस के दिशा निर्देश द्वारा नीमका जेल मैं कैदियों के लिए एक मेगा कैंप लगाए जाने के आदेश हैं जोकि 24 तारीख को लगाया जाना है। इस बारे में जानकारी देते हुए डिप्टी सीएमओ डॉ. शीला भगत ने बताया कि मेगा कैम्प से पहले सभी कैदियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि जेल में कुल 3103 कैदी है, जिसमें पुरूषों की संख्या 3104 और महिलाओं की संख्या 99 है। उसमें उनका हाइट वेट और किस तरह की बीमारी है। वह देखा जा रहा है और उनका फार्म भरा जा रहा है। हेल्थ डिपार्टमेंट से उन्होंने 10 स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगा रखी है उसके बाद में 10 दिन में उन सभी कैदियों की जांच की जाएगी। सोमवार को सुपर विजन के लिए डिप्टी सिविल सर्जन डॉ शीला भगत, डॉक्टर मयंक साधना, सुभाष गहलोत और डिप्टी सुप्रिडेंट रमेश चंद्र के साथ दौरा किया और उनको बोला कि सारी इस स्क्रीनिंग कल तक हो जानी चाहिए।

## प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ की मानद महासचिव रंजीता मेहता के पहली बार फरीदाबाद पहुंचने पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बाल भवन में समर कैम्प के दौरान हुई प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को उन्होंने सम्मानित किया। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ की मानद महासचिव रंजीता मेहता ने फरीदाबाद बाल भवन मे सर्वप्रथम वृक्षारोपण किया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं अंत में राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता, जिला स्तर पर विजेता बच्चों व रुचिकर कक्षाओं के विजेता बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में रंजीता मेहता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिसमें उन्होंने बाल कल्याण की गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन उदय चंद लेखाकार ने किया। इस अवसर पर हर्ष मित्तल चैयरमेन चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन फरीदाबाद, आजीवन सदस्य गीता सिंह, अंजू यादव, स्नेह लता, पुष्पा शर्मा, सरोज, रूप सिंह लोधी, रविन्द्र कुमार, वीरभान, सुखबीर सिंह दहिया, मुनीश पांदी, मांगेराम, सुमित शर्मा के साथ साथ बाल भवन का स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं कार्यक्रम में चंडीगढ़ से रंजीता मेहता के साथ शिवानी जिंदल, कार्यक्रम अधिकारी एवं निजी सचिव व संजीत कुमार जनसम्पर्क अधिकारी चंडीगढ़ ने भी शिरकत की।

## हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा



**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ जगदीश कॉलोनी स्थित धर्मशाला में एक श्याम बिहारी जी के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बहादुरगढ़ दिल्ली से अजय शर्मा, सुंदर भाटी ने भगत के वश में है भगवान, हारे के सहारे आजा कि तेरा दास पुकारे आजा मनमोहक भजनों से भक्तिमय गंगा बहा दी। आयोजक नरेंद्र मित्तल द्वारा आए हुए गायकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संस्था की तरफ से सभी के लिए सुंदर प्रसाद की व्यवस्था की गई।

## राज्य एथलेटिक प्रतियोगिता में चंचल ने जीता स्वर्ण

**फरीदाबाद।** राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक में दो दिवसीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर के अनुसार 20-21 अगस्त को दो दिवसीय राज्य प्रतियोगिता का शुभारंभ एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा किया गया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड ने बताया कि चंचल चांदहट ने 1500 मीटर दौड में स्वर्ण पदक और 800 मीटर दौड में कांस्य पदक जीता। 600 मीटर दौड में मनीष ने कांस्य पदक, 1500 मीटर लड़का में चीकू सिंह ने रजत पदक और 1500 मीटर दौड में सुमित लडका ने रजत पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान, वरिष्ठ संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, उपाध्यक्ष राजीव खत्री, प्रतियोगिता निदेशक जितेंद्र बांगर, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपडा, कोषाध्यक्ष जसवंत सिवाच और एग्जीक्यूटिव मैंम्बर रोहताश जींद ने पदक विजेता खिलाड़ी को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## क्रेडिट कार्ड बंद करवाने के नाम पर ठगने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना खेड़ीपुल प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष व उनकी टीम ने साइबर ठगी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राघवेंद्र है जो बिहार का रहने वाला है और फरीदाबाद के हनुमान नगर में रह रहा था। आरोपी एसबीआई कार्ड कंपनी में आमजन के नए क्रेडिट कार्ड बनाने तथा पुराने क्रेडिट कार्ड बंद करवाने का काम करता है। आरोपी ने फरीदाबाद की मवई कॉलोनी के रहने वाले पीड़ित जय नारायण के साथ 26000 रुपये की साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपी को आज अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

## यज्ञ से शैक्षणिक सत्र की हुई शुरू



**फरीदाबाद।** केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर विमेन, फरीदाबाद ने नए शैक्षणिक सत्र 2022-23 के उद्घाटन और सर्वशक्तिमान के दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए कॉलेज परिसर में एक शुभ यज्ञ समारोह आयोजित किया। प्राचार्य डॉ. मंजू दुआ ने सभी स्टाफ सदस्यों और प्रथम वर्ष के छात्राओं के साथ आहुति को हवन कुंड में पवित्र मंत्रों के साथ रखा। इसलिए, हवन समारोह धार्मिक रूप से दैवीय उत्साह और आध्यात्मिकता के तहत किया गया था। अंत में प्रसाद का वितरण भी किया गया।

## गो तस्करी में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने गो तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मुबारिक उर्फ मंटर नहूं जिले के गांव रोजका मेव का रहने वाल है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को थाना धौज के गो तस्करी के मुकदमें में प्रोडक्शन पर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर मामले की पूछताछ की गई। आरोपी ने 8 फरवरी को अपने साथी बल्लू, साईद उर्फ खुबी,खालिद,तसलीम और याया व अन्य के साथ मिलकर अवैध हथियार से थाना धौज के एरिया में गौ तस्करी की थी। जिसमें पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी बल्लू से देसी कट्टा और एक जिन्दा राउंड बरामद किया जा चुका है। आरोपी पहले भी गो तस्करी के मुकदमे में जेल जा चुका है।

# श्रीकांत त्यागी प्रकरण

## गिरावट का प्रतीक

**भाजपा** में महेश शर्मा के प्रतिद्वंद्वी त्यागी समुदाय के नेता श्रीकांत त्यागी प्रकरण से लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं। श्रीकांत त्यागी द्वारा न केवल अपने समुदाय, बल्कि भारतीय किसान यूनियन-बीकेयू जैसे संगठन से समर्थन प्राप्त करना हमारी नैतिकता, समाज, सार्वजनिक जीवन तथा निश्चित रूप से राजनीति पर सवालिया निशान है। उसके समुदाय ने इस क्षेत्र में भारी विरोध प्रदर्शन किए। वह एक ऐसा आदमी है जिसने एक हाउसिंग सोसाइटी के साझा क्षेत्र पर कब्जा किया था, अपने खिलाफ सवाल उठाने वाले हर व्यक्ति से दुर्व्यवहार करता था और आमतौर से अपनी हनक दिखाने की कोशिश करता था। उसे एक महिला को गाली देते व उससे हाथापाई करते हुए कैमरे पर रिकार्ड किया गया था जिसका वीडियो वाइरल होने पर व्यापक निन्दा और गुस्सा भड़का था। इस पर राज्य सरकार ने उसके खिलाफ कार्रवाई की थी, हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि 'कार्रवाई के लिए मजबूर होना' पड़ा था। उम्मीद थी कि इससे मामला समाप्त हो जाएगा क्योंकि त्यागी कोई राष्ट्रीय नायक नहीं था जिसने गलती की हो और अब उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा हो, वह कोई जननेता भी नहीं था जिसके खिलाफ कार्रवाई सोच-समझ कर होनी चाहिए थी। वास्तव में मीडिया ने व्यापक रूप से त्यागी के कथित दुर्व्यवहार, उसके खिलाफ आपराधिक मामलों तथा कानून को धता बनाने के उसके प्रयासों की व्यापक खबर दी थी। इन खबरों से एक बड़े माफिया की तस्वीर उभरी थी जिसका नेटवर्क बहुत अच्छा था, वह भारतीय जनता पार्टी नेताओं




से निकटता का दावा करता था तथा उसने खुद को भाजपा के एक मोर्चा संगठन का पदाधिकारी भी बताया था। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर उसने स्पष्ट रूप से स्वयं को एक भाजपा नेता कहा था। लेकिन भाजपा ने इस बात से इनकार किया है कि उसका इस असभ्य व्यक्ति से कोई सरोकार था। हालांकि, यह प्रतिक्रिया त्यागी का वह वीडियो वाइरल होने के बाद आई है जिसमें वह एक महिला को धक्का देते हुए दिखा था।

भाजपा के लोकसभा सदस्य महेश शर्मा ने वीरता व ईमानदारी से काम किया। वे उस हाउसिंग सोसाइटी में गए जहां तयागी ने एक महिला को धक्का दिया था। थोड़ा पीछे देखने पर याद किया जा सकता है कि शर्मा ने सार्वजनिक रूप से अपनी राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा कर नायक बनने का प्रयास किया था। ऐसा नायकत्व वर्तमा समय के पहले नहीं दिखाई पड़ता था जब राजनेता अपनी सरकारों की आंख बंद कर प्रशंसा करते हैं और विरोधियों की निन्दा करते हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार ऐसी बातें सहन करने को तैयार नहीं है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि राज्य पार्टी नेता इस प्रकरण से व्यथित थे क्योंकि राज्य सरकार की निन्दा करने वाला व्यक्ति समाजवादी पार्टी का न होकर उनकी अपनी पार्टी का था। उनको न्याय व औचित्य के बजाय 'सरकार की इज्जत' की चिन्ता ज्यादा थी। संभवत: इस प्रकरण से पार्टी में शर्मा के प्रतिद्वंद्वियों का हौसला बढ़ा। उन्होंने कहा था कि यूपी में पार्टी अध्यक्ष का पद खाली होने के बाद उनके नाम पर चर्चा होगी। बाद में उन्होंने कहा, 'मेरे नाम को विवादों में घसीटना एक राजनीतिक षडयंत्र है ताकि मुझे जिम्मेदारी न मिले।' ऐसा लगता है कि सभी लोग अपने लाभ के लिए त्यागी प्रकरण का प्रयोग करना चाहते हैं। इनमें नरेश टिकैत की बीकेयू भी शामिल है जिसका घोषित लक्ष्य किसानों का कल्याण है, न कि एक ठग राजनेता को संरक्षण देना। इसके साथ ही भाजपा में शर्मा के प्रतिद्वंद्वी हैं। उन सबके भी अपने मामले हैं, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि वर्तमान राजनीति में संभवत: नैतिकता का  कोई स्थान नहीं बचा है।

# सुरक्षा परिषद का विस्तार आवश्यक

ज्यादा विश्वसनीय संगठन बनाने के लिए संरा. चार्टर में संशोधनों के साथ संरा. सुरक्षा परिषद का विस्तार आवश्यक हो गया है।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



**चीन** ने भारत के निकट पड़ोस में तानाशाही को प्रोत्साहित करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। 25 अक्टूबर, 1971 में रिपब्लिक आफ चाइना के स्थान पर पीपुल्स रिपब्लिक आफ चाइना द्वारा सुरक्षा परिषद की सीट पाने के बाद इसने सुरक्षा परिषद के विभिन्न गैर-प्रक्रियागत निर्णयों में 16 प्रस्तावों पर वीटो किया है। उसके वीटो सीरिया, उत्तर कोरिया, म्यांमार व पाकिस्तान के पक्ष में थे। इस प्रकार चीन ने सक्रिय रूप से अपने वीटो का प्रयोग दक्षिण एशिया में भारतीय हितों के खिलाफ किया है। बांग्लादेश के मामले में बीजिंग ने उस समय भारत व बांग्लादेश के लिए असहज राजनयिक स्थिति पैदा करने का प्रयास किया, जब उसने 1972-74 में नवोदित देश की संरा. सदस्यता टालने का प्रयास किया। यह दृष्टिकोण पाकिस्तान के समर्थन में था जिसने बांग्लादेश बनने का भारी विरोध किया था। इसी तरह म्यांमार का मामला भी अलग नहीं है। 2007 में बौद्ध भिक्षु तथा म्यांमार की जनता बड़ी संख्या में बर्मा के सैनिक शासक के दशकों की तानाशाही व आर्थिक कुप्रबंधन के खिलाफ सड़कों पर उतरी।

दमन की इस प्रक्रिया में मानवाधिकारों का घोर दमन किया गया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी ने इस मामले पर विचार किया। इस मामले में चीन के वीटो के कारण अमेरिका कुछ खास नहीं कर सका। चीन ने घटनाओं का संदर्भ देते हुए कहा कि यह 'एक संप्रभु राज्य का आंतरिक मामला है। म्यांमार में वर्तमान आंतरिक स्थिति अंतरराष्ट्रीय या क्षेत्रीय शांति व सुरक्षा को खतरा नहीं है।' सैनिक शासक तथा हथियारबंद नस्ली समूहों को आर्थिक सहायता तथा हथियारों की बिक्री के कारण ही चीन ने प्रस्ताव पर वीटो किया था। हालांकि, देश में लोकतंत्र की अनुपस्थिति के कारण यह अलग-थलग हो गया है, पर भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से इसके क्षेत्रीय प्रभाव हैं। देश को अपने शिकंजे में जकड़ने तथा इसे और अलग-थलग करने के प्रयास में चीन इसका सर्वाधिक महत्वपूर्ण सैनिक सप्लायर बन गया है। 2014-16 में उसने कुल 440 मिलियन डालर की सैनिक सहायता दी थी। 2021 में आंग सान सूकी की निर्वाचित सरकार के सत्ता से बाहर जाने के बाद चीन ने म्यांमार में राजनीतिक दमन का उल्लेख करने वाले यूएनएससी प्रस्ताव पर वीटो कर दिया।

इस घटनाक्रम के कारण भारतीय हितों को नुकसान पहुंचा है। उदाहरण के लिए, अराकान आर्मी-एए को चीन के लगातार टैक्टिकल समर्थन से भारतीय सुरक्षा प्रभावित हुई है। 2017 में दिल्ली के ठेकेदार सीएंडसी कन्स्ट्रक्शन को 220 मिलियन डालर का सड़क निर्माण ठेका मिला था। इस परियोजना के दौरान एए ने भारतीय कामगारों का अपहरण किया तथा निर्माण सामग्री को क्षति पहुंचाई। म्यांमार से नशीले पदार्थों व छोटे हथियारों की स्मगलिंग दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों की चिन्ता का विषय है। कोको द्वीपों तथा यंगून, मोलमीन व मानांग में सैनिक अड्डों व राखीन प्रांत के रामरी में लिसनिंग सुविधा भारत के खिलाफ चीन की दीर्घकालीन योजनायें प्रदर्शित करती है। इन सभी द्वीपों पर पूरी तरह कारगर समग्र सिग्नल इंटेलीजेंस-सिगीनेट सुविधा भारत के लिए चिन्ता का विषय है। इस प्रकार बीजिंग म्यांमार की स्थिति का लाभ उठा कर भारत के पड़ोस में अपनी सैनिक उपस्थिति मजबूत कर रहा है। ये सभी घटनायें उस समय हो रही थीं जब म्यांमार राजनयिक रूप से अलग-थलग था और उसे चीन का संरक्षण मिल रहा था। हाल ही में चीन ने भारत और अमेरिका द्वारा अब्दुल रऊफ़ असगर को संरा. सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति द्वारा वैश्विक आतंकी घोषित कराने के प्रयास में बाधा डाली। वह आईसी 814 विमान अपहरण, 2001 में संसद पर हमले तथा 2016 में पठानकोट के भारतीय वायुसेना अड्डे पर हमले का एक मास्टरमाइंड है। यदि उसे वैश्विक आतंकी घोषित कर दिया जाता तो इससे भारत और अमेरिका को सहायता मिलती तथा उस पर अनेक प्रतिबंध लग जाते जिनमें यात्रा पर प्रतिबंध तथा परिसंपत्तियां जब्त करना शामिल है। इससे क्षेत्रीय शांति व सुरक्षा मजबूत होती। भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से हमारे पड़ोसी ऐसा नहीं चाहते हैं और चीन भारत-पाकिस्तान का टकराव बनाए रखते हुए स्वयं को एक क्षेत्रीय वर्चस्ववादी शक्ति के रूप में प्रदर्शित करते हुए ताइवान व जापान जैसे लोकतांत्रिक देशों को डराना चाहता है।  उसका उद्देश्य स्पष्ट है। वह लोकतांत्रिक देशों को साझा व संयुक्त मुद्दों पर एकजुट नहीं होने देना चाहता है। उसे भय है कि यदि चीन के प्रति उनका दृष्टिकोण विभाजित न हुआ तो वे इस क्षेत्र तथा उसके बाहर चीन के दुष्टतापूर्ण षडयंत्रों पर ध्यान आकर्षित करेंगे। इस प्रकार बीजिंग अपना विश्वास पाकिस्तान जैसे 'विघटनकारी देशों' पर बनाए रखते हुए शक्ति संतुलन अपने पक्ष में बनाए रखने का जुआ खेल रहा है। ऐसे में यह कहना उचित होगा कि चीन ने भारत के पड़ोस में तानाशाही सरकारों को समर्थन दिया है। इसके साथ ही चीन की कर्ज नीतियां व चीन-पाक खतरा दक्षिण एशिया में सुरक्षा परिदृश्य को और जटिल बना रहे हैं।

ऐसे में भारत और अमेरिका के पास असगर जैसे मामलों में क्या समाधान बचता है? क्या सरा. चार्टर के अनुच्छेद 51 का प्रयोग पाकिस्तान के आतंकी समूहों के खिलाफ किया जा सकता है जिनको चीन जैसे देशों से संरक्षण मिलता है? अनुच्छेद 51 के अनुसार, 'वर्तमान चार्टर में कुछ भी व्यक्तिगत या सामूहिक आत्मरक्षा के अंतर्निहित अधिकार में बाधा नहीं डालता है यदि संयुक्त राष्ट्रसंघ के किसी देश के खिलाफ सशस्त्र हमला होता है, जब तक कि सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय न करे।' यूएनएससी ने स्वयं को निष्प्रभावी बना लिया है। इसके साथ ही वर्तमान समय में 75 साल से भी पहले हस्ताक्षरित चार्टर के आधार पर यह तय नहीं किया जा सकता है कि किसी देश के खिलाफ सशस्त्र हमले का क्या अर्थ है। उदाहरण के लिए, क्या भारत के खिलाफ छेड़े गए छद्म युद्ध तथा पाकिस्तान द्वारा आतंकी संगठनों की फंडिंग व उनको हथियारों से लैस करना 'सशस्त्र हमला' नहीं कहा जा सकता है? ऐसे में किसी देश के सशस्त्र बलों के आतंकी संगठनों के साथ सहयोग को 'सशस्त्र हमला' माना जाना चाहिए। इस पृष्ठभूमि में 1976 के संयुक्त राष्ट्र महासभा-यूएनजीए प्रस्ताव 3314 में कहा गया है कि 'किसी राज्य के हथियारबंद गिरोहों, समूहों, अनियमित या नियमित हत्यारों द्वारा या उनकी ओर से किसी राज्य के खिलाफ किए जाने वाले सशस्त्र हमलों' को भी सशस्त्र हमला माना जाना चाहिए। बाद में आईसीजे ने इसे 1986 के निकारागुआ मामले में परंपरागत अंतरराष्ट्रीय कानून माना और इस पर जोर दिया। इसमें कहा गया है कि किसी राज्य को सशस्त्र हमले की स्थिति में आत्मरक्षा का अधिकार है। लेकिन सशस्त्र हमले को परिभाषित करने के साथ अगला सवाल यह है कि आत्मरक्षा का क्या अर्थ है किसी सीमा तक अलग-अलग या देशों के समूह इसका व्यवहार कर सकते हैं? यदि युद्धों की प्रकृति अब 'अलग' है तो उसकी प्रतिक्रिया भी 'अलग' होनी चाहिए। हमारे सामने उपस्थित पसंदों में हत्यारों के खिलाफ लक्षित हमले तथा एफएटीएफ के माध्यम से काली सूची में डाल कर पाकिस्तान को वित्तीय नुकसान पहुंचाना है। इसके साथ ही चार्टर तथा उसके संशोधन संबंधी चर्चा में हाइब्रिड युद्ध, कृत्रिम बुद्धि-एआई व साइबर हमलों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

इस प्रकार संरा. चार्टर में समकालीन भू-राजनीतिक यथार्थ दिखने चाहिए। यूएनएससी द्वितीय विश्वयुद्ध जीतने वाले पांच देशों की संस्था है। आज लगभग सभी देशों ने चीन के वर्चस्ववादी इरादों को स्वीकार किया है। ऐसे में यूएनएससी का विस्तार तथा संरा. चार्टर में संशोधन उसे ज्यादा विश्वसनीय संगठन बनाने के लिए जरूरी है। इन देशों में भारत, जापान व जर्मनी शामिल हैं जो दुनिया को ज्यादा शांतिपूर्ण बना सकते हैं। भारत तेजी से प्रगति कर रहा है और वह 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उसने कोरोनावायरस वैश्विक महामारी में आवश्यक भूमिका अदा की है। भारत लोकतंत्र, शांति व सैनिक नियंत्रण का मजबूत पैरोकार है। इसके साथ ही अनुच्छेद 53 व अनुच्छेद 107 के अंतर्गत 'दुश्मन राज्य' के रूप में जर्मनी व जापान की परिभाषा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति के व्यापक लक्ष्य के विपरीत है। जर्मनी और जापान अब पूरी मजबूती से अमेरिका नीत सुरक्षा ढांचे में शामिल हैं और वे अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा को खतरा नहीं हैं।

जर्मनी नाटो समूह का पूर्ण सदस्य है तथा जापान को नाटो ने 'दुनिया में साझीदारों' की सूची में रखा है। जापान अमेरिकी नाभिकीय सुरक्षा छतरी में भी शामिल है। ऐसे में आश्चर्य होता है कि 'दुश्मन राज्य' की धारा अभी प्रासंगिक कैसे है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि तीनों देशों को कुछ देशों द्वारा खुश करने के प्रयासों के अंतर्गत 'मामूली विस्तार' में शामिल करने के बजाय पूर्ण वीटो शक्ति से लैस किया जाना चाहिए।

# पेंशन वृद्धि की प्रतीक्षा में बैंक पेंशनर

> “ पेंशनभोगी लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। विशेष रूप से उनके परिवारों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। ”

**एस कल्याणसुंदरम**
(लेखक सेवानिवृत्त बैंकर हैं)



**वि**त्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने दो साल पहले कहा था कि बैंक सेवानिवृत्त, जो अपने 80 और 90 के दशक में थे, पेंशन अपडेशन की अपनी लंबे समय से लंबित मांग के समाधान की उम्मीद कर रहे थे। उसने 10 नवंबर, 2020 को कहा, ''मैं चाहती हूं कि बैंक कर्मचारियों को उनका हक दिया जाए। बहुत सारे पेंशनभोगी बहुत लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। हमें बैंक कर्मचारियों, विशेष रूप से उनके परिवारों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन पर ध्यान देने की आवश्यकता है।''

लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। बैंक कर्मचारियों के लिए पेंशन को आगे 29 अक्टूबर, 1993 को भारतीय बैंक संघ और अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में पेश किया गया था। उक्त समझौता ज्ञापन पर औद्योगिक विवाद की धारा 2 (पी) और धारा 18 (1) के तहत हस्ताक्षर किए गए थे। 1947 का अधिनियम, औद्योगिक विवाद (केंद्रीय) नियम 1957 के नियम 58 के साथ पढ़ा गया। समझौता ज्ञापन के खंड 12 में कहा गया है, ''प्रावधानों के लिए 31 दिसंबर 1993 तक इस समझौते के लिए पार्टियों के बीच बातचीत और निपटान के लिए एक योजना द्वारा प्रावधान किए जाएंगे, अर्हक सेवा, पेंशन की राशि, पेंशन का भुगतान, पेंशन का संराशीकरण, पारिवारिक पेंशन, अद्यतनीकरण और अन्य सामान्य शर्तें इत्यादि, जैसा कि आरबीआई में लागू है।''

लेकिन तीन दशक बाद भी बैंकों ने पेंशन का कोई अपडेशन नहीं किया, हालांकि यह आरबीआई में किया गया है। नतीजतन बैंकों में महाप्रबंधक, जो लगभग 20 साल पहले सेवानिवृत्त हुए थे, एक चपरासी की तुलना में कम पेंशन



प्राप्त कर रहे हैं जो हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं। मुद्रास्फीति के कारण पैसे के मूल्य में गिरावट और उम्र से संबंधित चिकित्सा जटिलताओं के कारण भारी खर्चों ने उन अधिकांश सेवानिवृत्त लोगों के लिए समस्या को बढ़ा दिया है जो अपने 80 और 90 के दशक में हैं। यह उल्लेख करना अनुचित नहीं होगा कि राज्य और केंद्र सरकार के कर्मचारियों की पेंशन को कर्मचारियों के हर वेतन संशोधन के साथ संशोधित किया जाता है और सरकारी पेंशनभोगियों को पेंशन का भुगतान करदाताओं के हर साल एकत्र किए गए धन से किया जाता है। लेकिन बैंक पेंशनभोगियों को उनके द्वारा अर्जित लाभ से बैंकों द्वारा बनाए गए पेंशन फंड से भुगतान किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले कहा है (1) कि पेंशन न तो इनाम है और न ही नियोक्ता की प्यारी इच्छा के आधार पर अनुग्रह की बात है, (2) पेंशन एक अनुग्रह भुगतान नहीं है बल्कि यह अतीत के लिए भुगतान है क्योंकि सेवा प्रदान की गई और (3) यह उन लोगों को सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने वाला एक सामाजिक कल्याण उपाय है, जिन्होंने अपने जीवन के सुनहरे दिनों में नियोक्ता के लिए इस आश्वासन पर लगातार मेहनत की कि उनके बुढ़ापे में उन्हें अधर में नहीं छोड़ा जाएगा। लेकिन सरकार और इंडियन बैंक एसोसिएशन देश के सर्वोच्च न्यायालय के इन निष्कर्षों की अनदेखी करते दिख रहे हैं।

हैरानी की बात है कि आईबीए किसी भी सेवानिवृत्त संघ के साथ कुछ भी चर्चा नहीं करता है। उसने कर्मचारी संघों के साथ समझौता किया और सेवानिवृत्त लोग इन यूनियनों का हिस्सा नहीं हैं। आईबीए ने कभी किसी सेवानिवृत्त संघ को मान्यता नहीं दी है और आईबीए आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत नहीं आता है और किसी को भी सेवानिवृत्त लोगों से संबंधित किसी भी मामले पर आईबीए से कोई सार्थक जानकारी नहीं मिल सकती है।

आईबीए के साथ सभी यह निवेदन कर रहे थे कि बैंकों की वित्तीय स्थिति किसी भी पेंशन अपडेशन की अनुमति नहीं देती है। यह बताया गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2014-15 के बाद से गैर-निष्पादित ऋणों और बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के 6.42 ट्रिलियन रुपये की वसूली की है और राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों का सकल एनपीए अनुपात वित्त वर्ष 22 के अंत तक गिरकर 7.4 प्रतिशत हो गया है।

वित्त वर्ष 18 में 14.6 प्रतिशत की तुलना में और शुद्ध एनपीए भी 8 प्रतिशत से घटकर 2 प्रतिशत हो गया। बैंक सेवानिवृत्त लोगों को उम्मीद है कि कम से कम इसी के आधार पर बैंकों को बिना किसी देरी के पेंशन के अपडेशन पर विचार करना चाहिए।

## आप की बात

### कृषि के लिए लाभकारी खोज

**कृत्रिम** प्रकाश संश्लेषण में कार्बन डाइऑक्साइड, पानी और सौर पैनलों से उत्पन्न बिजली को 'एसीटेट' में बदला जाता है। इसके लिए दो-चरणीय इलेक्ट्रोकैटलिटिक प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है। ध्यान रहे कि एसीटेट सिरके का मुख्य घटक है। इस प्रक्रिया में तैयार एसीटेट का उपयोग पौधे अपने विकास के लिए कर सकते हैं।और उसमें सूर्य की रोशनी की भी जरूरत नहीं होगी. यह प्रक्रिया और अधिक अनुसंधान के बाद जमीनी स्तर पर शुरू की जाना चाहिए, क्योंकि विश्व की आबादी तो दिन-ब-दिन बढ़ ही रही है. और भारत में तो कुछ ज्यादा ही बढ़ रही है.ऐसे में हमें भविष्य के लिए कई गुना अधिक खाद्यान्न की जरूरत पड़ेगी. ऐसे में यह नई तकनीक भारत सहित विश्व भर के कृषकों के लिए वरदान साबित होगी। इस तकनीक द्वारा बंजर भूमि पर भी फसलें उगाई जा सकेगी। ज्योति सोने में सुहागा है लोगों का रोजगार बढ़ेगा. भारत सरकार को भी अपने वैज्ञानिकों को इस तकनीक को पूरी तरह समझ कर विकसित करके जमीनी स्तर पर न्यूनतम लागत में शुरू करने के लिए अनुसंधान शुरू कर देना चाहिए, क्योंकि विश्व भर में बढ़ते हुए खाद्यान्न की मांग को देखते हुए अब हमें जीएम फसलों और अन्य तरीकों द्वारा उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### भीड़ प्रबंधन की गाइडलाइन जरूरी

**कोरोना** से राहत मिलने के कारण इस वर्ष धार्मिक स्थलों पर्यटन एवं हिल स्टेशनों पर लोगों की बेशुमार भीड़ उमड़ी। इस वजह से कुछ जगहों पर दुर्घटनाएं भी हुई जिसके कारण जनता को जान माल की क्षति उठानी पड़ी। हमारे देश में धार्मिक आयोजनों एवं तीर्थ स्थलों पर इस प्रकार के हादसे होना कोई नई बात नहीं है। इस वर्ष भी उत्तराखंड यात्रा के दौरान एवं हाल ही में खाटू श्याम मंदिर में हुई भगदड़ एवं अव्यवस्था के कारण कई लोग हताहत हुए। सरकार को धार्मिक स्थलों एवं समारोह में भीड़ प्रबंधन की गाइडलाइन जारी करना चाहिए। आयोजकों एवं मंदिर ट्रस्ट की भी जवाबदारी तय की जाना चाहिए। तीर्थ स्थानों पर  यात्रियों को रजिस्ट्रेशन के आधार पर प्रवेश दिया जाना चाहिए। अमरनाथ यात्रा में जो रजिस्ट्रेशन का सिस्टम लागू है उसे उत्तराखंड के चार धाम के लिए भी लागू किया जाना चाहिए। लोगों को भी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर धैर्य एवं संयम का परिचय देते हुए सावधानी बरतना चाहिए। ऐसे स्थानों पर प्रशासनिक व्यवस्था भी चाक-चौबंद होना चाहिए। जनता एवं आयोजकों के मिले-जुले प्रयासों से ही बड़े धार्मिक समारोह, रेलियो एवं तीर्थ स्थानों पर अप्रिय हादसों को रोका जा सकता है।

– **ललित महालकरी**, इंदौर


### अपराधी को प्रोत्साहन

**नोएडा** के श्रीकांत त्यागी ने चोरी और सीनाजोरी करते हुए महिला के साथ जिस तरह से बदसलूकी की थी, वह सब पूरे देश ने देखा है। अब श्रीकांत त्यागी के समर्थन में समाज जन महापंचायत कर उसके बचाव में कूद पड़े हैं। यह बेहद खेदजनक और समाज जनों की महापंचायत का कृत्य ठीक नहीं है, इससे कोई शुभ संदेश नहीं दिया जा रहा है। अगर त्यागी पाक साफ है, कोई गुनाह नहीं किया तो वे अदालत से बरी हो जाएंगे। मगर उन्होंने एक महिला के साथ जिस तरह से बदसलूकी की वह वह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इस तरह से अगर सभी समाज जन गुनहगारों के समर्थन/ पक्ष में महा पंचायत कर शासन प्रशासन पर दबाव डालते हैं, तो समाज में अराजकता ही बढ़ेगी। इससे ऐसे लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा। यह नहीं भूलना चाहिए कि गुनाहगार किसी भी समाज का हो उसका समर्थन करने से सभ्य समाज का निर्माण नहीं होता है। महापंचायत कर समाज जन गलती कर रहे हैं, जो शुभ संकेत नहीं है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

## फरमाया



“ **हमें** एक दूसरे को भाई बहन समझने व उनके कल्याण की चिन्ता करने तथा अर्जित संपत्ति के बजाय मानवता हेतु कुछ करने की जरूरत है।

– **दलाई लामा**
आध्यात्मिक गुरु



**डेमोक्रेट** अमेरिकी जनता के साथ हैं और कांग्रेस में हर रिपब्लिकन विशिष्ट हितों के साथ है।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**मनीष** सिसोदिया दुनिया में सबसे अच्छे शिक्षा मंत्री हैं। उनसे सीखें कि बच्चों को अच्छी शिक्षा कैसे दी जाती है।

– **संजय सिंह**
आप सांसद ”

# ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए 17 देशों में होंगे रोडशो

## दस लाख करोड़ रुपए का निवेश लाना सीएम योगी का नया लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बिजनेस** में अपने को अव्वल साबित कर चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब दस लाख करोड़ रुपए का निवेश लाने की मुहिम में जुट गए हैं। इतना बड़ा निवेश लाने के लिए योगी सरकार अगले वर्ष ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समिट की शुरुआत करेंगे। तीन दिन होने वाले इस समिट में देश तथा विदेश के बड़े औद्योगिक घरानों के मुखिया हिस्सा लेंगे इस समिट से देश तथा विदेश के बड़े उद्योगपतियों को लाने के लिए यूपी का इंडस्ट्री विभाग सितंबर से 17 देशों में रोड शो की शुरुआत करेगा।

इंडस्ट्री विभाग के आला अफसरों ने इन रोड शो की तैयारियां शुरू कर दी हैं। बताया जा रहा है कि विदेश में होने वाले रोड शो की शुरुआत दुबई से की जाएगी। इसके अलावा यूनाइटेड किंगडम यूके, नीदरलैंड्स, जर्मनी, फ्रांस, जापान, सिंगापुर, साउथ कोरिया, इस्राइल, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, अमेरिका, कनाडा, थाईलैंड, बेल्जियम, स्वीडन और रूस में भी रोड शो का आयोजन किया जाएगा। इन रोड शो का मकसद उद्यमियों को प्रदेश की नीतियों को जानकारी देना और यहां निवेश के लिए, असीम संभावनाओं के बारे में बताना होगा। इन रोड शो की तैयारियों के लिए इंडस्ट्री विभाग के अधिकारी लगातार ऐसे विदेशी उद्यमियों के संपर्क में हैं जो प्रदेश में निवेश के इच्छुक हैं। विदेश के साथ-साथ देश में मुंबई, अहमदाबाद, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और दिल्ली में भी रोड शो आयोजित किए जाएंगे। मुख्य सचिव ने इन रोड शो के आयोजनों की समीक्षा बीते दिनों कर उसे अपनी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले वर्ष होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश लाने का लक्ष्य रखा है। 2018 में हुए इंवेस्टर्स समिट में 4.60 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए थे। अब 10 लाख करोड़ रुपए का नाय नए निवेश यूपी में लाने के लिए सूबे की 27 पॉलिसी में भी कई तरह के बदलाव किए जा रहे हैं जिसके क्रम में प्रदेश सरकार औद्योगिक नीति लाने के साथ ही नई जैव और ऊर्जा नीति भी ला रही है। इसके अलावा यूपी की औद्योगिक नीति समेत 27 सेक्टोरल नीतियों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद कराने का फैसला भी किया गया है ताकि विदेश में रोड शो के दौरान ही वहां के निवेशकों को उनकी भाषा में नीतियों की प्रतियां उपलब्ध कराई जा सके, पहले चरण में जर्मन, फ्रेंच, जापानी, अंग्रेजी आदि भाषाओं में इन नीतियों के अनुवाद की तैयारी की गई है।

## 2 करोड़ से अधिक निशुल्क सतर्कता डोज दिए जाने पर सीएम ने दी बधाई

● यह उपलब्धि हमारे स्वास्थ्य कर्मियों व फ्रंटलाइन वर्कर्स के कठिन परिश्रम का परिणामः मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में कोविड-19 टीके की 2 करोड़ से अधिक निःशुल्क प्रिकॉशन डोज का सुरक्षा कवच प्रदान किए जाने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे स्वास्थ्य कर्मियों व फ्रंटलाइन वर्कर्स के कठिन परिश्रम का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ट्रैक, टेस्ट,ट्रीट और टीकाकरण की नीति के सफल क्रियान्वयन से कोविड महामारी पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। इसके बावजूद अतिरिक्त सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को निःशुल्क प्रिकॉशन डोज उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि कोरोना मुक्त भारत हेतु 'टीका जीत का' अवश्य लगवाएं।

# अब शाम को घर से बाहर निकलने में नहीं लगता है डरः दिया नामदेव

● सीबीएसई 10वीं की राष्ट्रीय टॉपर दिया नामदेव ने माता-पिता के साथ की मुख्यमंत्री योगी से भेंट



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीबीएसई** हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक लाकर इतिहास रचने वाली दिया नामदेव ने महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और स्वावलम्बन के योगी मॉडल को शानदार कहा है। दिया ने कहा कि एक समय था कि जब बेटियों को शाम होने के बाद घर से बाहर निकलने में डर बना रहता था, लेकिन अब योगी सरकार में डर नहीं लगता।

शामली शहर के मोहल्ला मनिहारन की निवासी दिया नामदेव सोमवार को अपनी माता बबिता, पिता पुष्पेंद्र और प्रधानाचार्या आशु त्यागी के साथ सीएम योगी का आशीर्वाद लेने मुख्यमंत्री आवास पर आईं थीं। मुख्यमंत्री से भेंट के बाद अत्यंत खुश, दिया ने बताया कि सीएम योगी ने उन्हें बोर्ड परीक्षा में शानदार रिजल्ट के लिए बधाई दी और भावी जीवन की चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक सामना करने के लिए प्रेरित किया। मेधावी दिया ने सीएम को बताया कि वह आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहती है, इसके लिए उसने तैयारी भी शुरू कर दी है। इस पर मुख्यमंत्री ने दिया को हर संभव मदद उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिया। दिया ने प्रदेश में पठन-पाठन व्यवस्था को बेहतर बनाने की कोशिशों के लिए योगी सरकार की नीतियों की सराहना भी की।

## धर्मपाल आज करेंगे चार क्षेत्रों के पदाधिकारियों संग बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भाजपा** के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल मंगलवार को लखनऊ आएंगे। संगठन महामंत्री बनने के बाद पहली बार यहां आ रहे धर्मपाल पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर अवध, कानपुर, काशी और गोरक्ष क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक करेंगे। इस बैठक में इन चारों क्षेत्रों के जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, महामंत्री सहित अन्य नेता भाग लेंगे। परिचय के साथ ही बैठक में मिशन-2024 के लिए रणनीति साफ की जाएगी। भाजपा में इन दिनों 2024 के लिए, अपने सांगठनिक ढांचे को नये सिरे से तैयार करने में जुटी है। संगठन में व्यापक बदलाव की प्रक्रिया के तहत प्रदेश महामंत्री संगठन के रूप में झारखंड से धर्मपाल को यूपी लाया गया है। वहीं यूपी में इस भूमिका का निर्वाह कर रहे सुनील बंसल का प्रमोशन कर उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री और तीन राज्यों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी में जल्द नये प्रदेश अध्यक्ष की भी नियुक्ति होनी है। यूपी की कमान मिलने के बाद धर्मपाल ने पश्चिम से परिचयात्मक बैठकों का सिलसिला शुरू किया है। वह रविवार को गाजियाबाद में पश्चिम और ब्रज क्षेत्र के पदाधिकारियों संग बैठक कर चुके हैं। लखनऊ में मंगलवार को बाकी चारों क्षेत्रों के पदाधिकारियों संग परिचयात्मक बैठक के साथ ही प्रदेश में विधिवत काम शुरू करेंगे। पार्टी के राज्य मुख्यालय में दोपहर एक बजे से होने वाली इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित अन्य पदाधिकारी भाग लेंगे।

## पानी बचाने का हर सम्भव प्रयास करें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किसानों से अपील किया है कि जमीन को उपजाऊ बनाने, अच्छी फसल एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए पानी बचाने का हर सम्भव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि मिट्टी को समय से पानी मिलने पर वह सोना उगलती है। इस प्रकार किसानों को, उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिलने के साथ ही गांव में खुशहाली आयेगी। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण जरूरी है। इसके साथ ही फसलों के लिए भरपूर सिंचाई की सुविधा भी देनी है। सिंचाई एवं जल संरक्षण में बेहतर समन्वय बनाते हुए पानी बचायें। इसके साथ ही गांवों को हरसम्भव एवं साफ सुथरा बनाने का प्रयास करें। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह बात सोमवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन, तेलीबाग में सभागार में 'सुनो किसान हम हैं' विषयक कार्यक्रम में किसान को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि किसान फसलों के लिए सिंचाई विभाग पर्याप्त पानी देने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि किसान तथा जल संरक्षण जुड़े वैज्ञानिक बेहतर उत्पादन तथा जल संरक्षण पर शोध करें। इसके साथ ही उपलब्ध संसाधनों के आधार पर किसानों को समृद्ध बनायें। किसानों की खुशहाली से ही देश प्रगति करेगा। किसानों को मजबूती दिए बिना किसान अधूरा है। इस दृष्टिकोण को अपनाते हुए कृषि सेक्टर को और उपयोगी तथा लाभकारी बनाये जाने की जरूरत है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि किसानों की आय दोगुनी की जाए तथा उनकी लागत का सही मूल्य मिल सके। इसके लिए प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों की बेहतरी के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की हैं। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में वैज्ञानिक के साथ.साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों को पांच मंत्र देते हुए कहा कि घर पहुंचकर माता-पिता की सेवा करें। पत्नी व बहन के साथ अच्छा व्यवहार रखें एवं अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं।

# किसानों के साथ अन्याय बनेगा भाजपा सरकार के पतन का कारणः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने कहा है कि विगत दिनों लगभग एक वर्ष तक जाड़ा, गर्मी और बरसात झेलते हुए देश के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर संघर्ष किया। कांग्रेस पार्टी किसानों के समर्थन में हर कदम पर खड़ी रही। लगभग सात सौ से अधिक किसानों की शहादत के बाद सरकार झुकी। उस समय के किये गये वादे अब तक पूरे नहीं हो सके। आज एक बार फिर किसान अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि दिल्ली के अगल-बगल तमाम बार्डरों पर किसानों को रोका गया तथा हिरासत में लिया गया। यह पहली सरकार है जो किसानों के साथ दुश्मन जैसा व्यवहार कर रही है। किसानों के साथ अन्याय सरकार के पतन के कारण बनेगा। प्रवक्ता ने बताया कि सरकार किसानों के साथ हुए समझौते के तहत वादे पूरे करने में नाकाम साबित हुई है। सर्वविदित है कि जो समिति न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए बनायी गयी उसमें किसान सहमत नहीं रहे, किसानों ने माना ही नहीं। जिसके लिए समिति बन रही है जब वही असहमत हो तो किस बात की समिति, सरकार को संयुक्त किसान मोर्चा को निश्चित रूप से विश्वास में लेना चाहिए, जिसके नेतृत्व में देश का बहुत बड़ा किसानों का आन्दोलन चला उसकी सहमति के बिना कोई भी समिति शून्य है। इस सरकार को किसानों से कोई भी लेना-देना नहीं है। कभी भी यह सरकार किसानों, नौजवानों और जवानों के प्रति गंभीर नहीं रही।

# बिलकिस बानो के दोषियों की रिहाई निरस्त कराने के लिए कांग्रेस चलाएगी अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बिलकिस** बानो के दोषियों की रिहाई निरस्त करके उन्हें दोबारा जेल भेजने के लिए कांग्रेस पार्टी प्रदेश में 22 से 28 अगस्त तक न्याय अभियान चलाएगी। एक हफ्ते तक चलने वाले इस अभियान में महिला कॉलेजों और मोहल्लों में हस्ताक्षर अभियान, फेसबुक लाइव, जनसम्पर्क और कैंडल मार्च आयोजित होगा। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रवक्ता जावेद अहमद ने बताया कि 2008 में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट की जज यूडी साल्वी ने अपने फैसले में बिलकिस के बयानों को निर्भिक्ता भरा बताया था। जिससे अपराधियों की सजा सुनिश्चित हो पायी थी। अगर गुजरात सरकार द्वारा बिलकिस के दोषियों की रिहाई पर सर्वोच्च न्यायालय चुप रहा तो भविष्य में कोई भी बलात्कार पीड़िता सरकारी संरक्षण प्राप्त अपराधियों से न्याय पाने के लिए साहस नहीं दिखा पाएगी। प्रदेश सचिव मोहम्मद उमैर ने कहा कि बिलकिस बानो के न्याय के लिए कांग्रेस संकल्पबद्ध है जबकि सपा और बसपा जैसी पार्टियां बिलकिस के मुद्दे पर एक बयान तक जारी नहीं करतीं। जिससे साबित होता है कि उन्हें मुसलमानों से सिर्फ वोट चाहिए। उनके साथ हो रहे अन्याय से उन्हें कोई दिक्कत नहीं है।

## लापरवाह संस्थाओं, अधिकारियों पर होगी कठोर कार्रवाईः पर्यटन मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन विभाग की अधूरी परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जायेगा। इस मामले में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। पर्यटन मंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि पर्यटन क्षेत्र में भारी निवेश की संभावनाओं को देखते हुए भविष्य में सेवा क्षेत्र जैसे होटल, रेस्टोरेन्ट, ट्रांसपोर्ट, ट्रेवल आदि के लिए जमीन की आवश्यकता होगी, इसको दृष्टिगत रखते हुए महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के आस-पास जमीन की व्यवस्था अभी से सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के विजन के अनुसार ओडीओडी, ऐडवेन्चर, ऐतिहासिक, धार्मिक, इको टूरिज्म, हेलीपोर्ट, रोपवे, गढ़ी हवेली एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करानी होगी। मंत्री जयवीर सिंह सोमवार को पर्यटन भवन में पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं विभिन्न सर्किट के अंतर्गत संचालित निर्माणाधीन योजनाओं के प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि सेवा सेक्टर का पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रतिवर्ष लगभग 20 प्रतिशत की दर से सेवा सेक्टर में बढ़ोत्तरी हो रही है। पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटकों के लिए सर्वाधिक सुरक्षित होने के कारण देशी-विदेश सैलानियों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसके अलावा इस सेक्टर में निवेशकों की रूचि बढ़ रही है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि कर्तनिया घाटए मिर्जापुर एवं चन्दौली के जल प्रपातों इसके अलावा अन्य पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों की ओर दूसरे राज्यों के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी किसानों से बात कर निर्धारित दर पर जमीन खरीदने का कार्य तेजी से सुनिश्चित करें। इसके अलावा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के पीएसयू के पास भी बेकार पड़ी जमीनों को चिन्हित करें।

## सपा प्रतिनिधिमण्डल ने डीजीपी को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के एक प्रतिनिधिमण्डल सोमवार को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रतिनिधिमण्डल ने पूर्व मंत्री एवं विधायक मोहम्मद आजम खां के उत्पीड़न के बारे में बताया है। सपा प्रमुख अखिलेश के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को ज्ञापन देने गए प्रतिनिधिमण्डल में मनोज पाण्डेय पूर्वमंत्री एवं विधायक, रविदास मेहरोत्रा पूर्वमंत्री एवं विधायक तथा फहीम अहमद विधायक, अरमान खान विधायक शामिल थे। पूर्व मंत्री एवं विधायक मनोज पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में इस समय अव्यवस्था को बोलबाला है। सरकारी मशीनरी विधायकों तक को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा इसका सबसे बड़ा प्रमाण सपा विधायक एवं पूर्व मंत्री आजम खां है जिन्हें अनरगल ही परेशान किया जा रहा है।

## सपा प्रतिनिधिमण्डल जाएगा संत कबीर नगर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल जनपद संत कबीर नगर जायेगा। खलीलाबाद थाना क्षेत्र के इमिलीडीहा गांव में चौहान समाज के पिता पुत्र की गला काटकर की गयी हत्या के कारणों की जानकारी एवं पीड़ित परिवार से मिलने हेतु 24 अगस्त को प्रतिनिधि मण्डल इमिलीडीहा गांव पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल में महेन्द्र चौहान प्रदेश सचिव सपा, अलगू चौहान पूर्व विधायक एवं गौहर

# मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों का पुलिस तैयार करेगी डोजियर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मादक** पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त अपराधियों का अब यूपी पुलिस डोजियर तैयार करेगी। इस डोजियर में उनके द्वारा किए गए अपराधों के ब्यौरे को शामिल करने के साथ ही साथ अन्य जनपद, अन्तर्जनपदीय और अन्तर्राज्यीय स्तर पर उनके खिलाफ दर्ज मुकदमों का डिटेल भी मौजूद रहेगा। डोजियर का रिकॉर्ड जिले में रखने के साथ ही इसकी एक प्रति डीजीपी मुख्यालय को उपलब्ध करानी होगी। सभी जिलों की पुलिस को डीजीपी डीएस चौहान ने निर्देशित किया है कि जनपद में मादक पदार्थों की भारी मात्रा में बरामदगी होने पर ऐसे अपराधों में गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो एवं अन्य एजेन्सियों के अधिकारियों को अवश्य सम्मिलित किया जाए।

डीजीपी डीएस चौहान ने पिछले दिनों मादक पदार्थों की बरामदगी तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी की सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए पुलिस और विभिन्न एजेंसियों के मध्य परस्पर समन्वय स्थापित करने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं।

डीजीपी ने कहा है कि इस प्रकार के अपराधों में संलिप्त अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पहले से स्थापित नारकोटिक्स सेल को और अधिक सक्रिय किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देशित किया है कि मादक पदार्थों की तस्करी में अन्तर्राज्यीय अपराधी के गिरफ्तार किए जाने पर इसकी सूचना जिले के पुलिस कप्तान को देने के साथ ही डीजीपी मुख्यालय को भी अनिवार्य रूप से दी जाए। जनपद में मादक पदार्थों की भारी मात्रा में बरामदगी होने पर ऐसे अपराधों में गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो एवं अन्य एजेन्सियों के अधिकारियों को अवश्य सम्मिलित किया जाए।

## ड्रग तस्करों के खिलाफ अभियान में 785 गिरफ्तार, करोड़ों के मादक पदार्थ बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार के निर्देश पर यूपी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के तस्करों और हुक्काबारों के खिलाफ अभियान चलाया। रविवार को प्रदेश के चार कमिश्नरेट और 18 जिलों में चलाए गए एक दिवसीय इस अभियान में पुलिस को व्यापक सफलता हाथ लगी है। राज्य के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि नशीले पदार्थों का दुरुपयोग न सिर्फ समाज को खोखला करता है बल्कि नशे की समस्या राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि यूपी पुलिस ड्रग तस्करी के व्यापक उन्मूलन की दिशा में कार्य कर रही है। इसी कड़ी में 21 अगस्त को हुक्काबार एवं अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के विरुद्ध प्रदेश के आगरा, बरेली, गोरखपुर, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, इटावा, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, अयोध्या, बाराबंकी, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गौतमबुद्धनगर में संचालित 342 हुक्काबारों में दबिश देकर सघन चेकिंग की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों में अवैध मादक पदार्थ की तस्करों के 4338 स्थानों दबिश की कार्रवाई की गई। हुक्काबार एवं मादक पदार्थों के तस्करों की दबिश व चेकिंग की कार्रवाई में विभिन्न अवैध मादक पदार्थ व अवांछनीय सामग्री-हुक्का मय फ्लेवर, हुक्का पाइप, अवैध तम्बाकू, चिलम, हुक्का के पैकेट, इलेक्ट्रिक स्पार्क गन, नाइट क्वीन, अवैध देशी व विदेशी शराब, बीयर, नशीला पाउडर, गांजा, चरस, हेरोइन, स्मैक, डाइजापाम, एल्प्राजोलाम, डोडा, अफी म आदि बरामद किए गए। एडीजी कानून व्यवस्था ने बताया कि अभियान के दौरान 702 मुकदमे दर्ज कर अवैध कारोबार में संलिप्त 785 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से तकरीबन 5 करोड़ 58 लाख 29 हजार 385 रुपए मूल्य के मादक पदार्थ बरामद हुए।

# निर्माण कार्यों का शीघ्र होगा लोकार्पणः अवस्थी


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस विभाग में चल रहे आवासीय एवं अनावासीय निर्माण कार्यों में गतिशीलता लाने के लिए शासन द्वारा गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में सोमवार को लोकभवन में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में पुलिस विभाग के लिए पांच करोड़ रुपए तक धनराशि की प्रचलित 21 विभिन्न आवासीय एवं अनावासीय परियोजनाओं में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गई। इसके लिए लगभग 30 करोड़ 44 लाख रुपए की धनराशि कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराई गई है।

जिन 21 प्रचलित परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा की गई उनमें विशेष रूप से 44 वीं वाहिनी मेरठ में दो स्टोर, ललितपुर में पुलिस अधीक्षक के गोपनीय कार्यालय, प्रतापगढ़ में सर्किल सदर में क्षेत्राधिकारी के आवासीय भवन, फि रोजाबाद के थाना रसूलपुर में प्रशासनिक भवन एवं अन्य कार्य, पुलिस महानिरीक्षक, गोरखपुर परिक्षेत्र के कार्यालय एवं आवासीय परिसर में चल रहे कार्य, अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन के चैम्बर-आगन्तुक कक्ष व गोरखपुर के थाना बड़हलगंज में आवासीय भवनों के निर्माण कार्य व गोरखपुर के थाना कैण्ट के प्रशासनिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। कानपुर नगर के थाना बादशाही नाका के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य, प्रतापगढ़ में क्षेत्राधिकारी, सदर के आवासीय भवन, सोनभद्र के थाना हाथी नाला के निर्माण कार्य, 44 वीं वाहिनी पीएसी मेरठ में चल रहे निर्माण कार्य, बुलन्दशहर की पुलिस चौकी खुर्जा जंक्शन के अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य, 38 वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ में सड़क निर्माण कार्य, उन्नाव के थाना बीघापुर में महिला पुलिस चौकी परामर्श केन्द्र, प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय परिसर में स्थायी पुलिस चौकी के विस्तार, पुलिस महानिरीक्षक, आगरा के कार्यालय में विद्युत सम्बन्धी कार्य किये जा रहे है। पीएसी को और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 6 वीं वाहिनी पीएसी में पानी की पुरानी पाईप लाईन को बदलने संबंधी कार्य, मुरादाबाद 24 वीं वाहिनी पीएसी एवं 44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ में विभिन्न निर्माण कार्य किए जा रहे है। साथ ही 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ में हाउस गार्ड के लिए टेटों के स्थान पर प्री फैब्रीकेटेड बैरक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग के लिए कुल 661 आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके लिए कुल स्वीकृत लागत 554578.03 लाख रुपए है। इनमें से मुख्यमंत्री घोषणा के सापेक्ष किए जाने वाले कार्यों की संख्या 472 है जिनमें 57 अग्निशमन केन्द्र 10 चौकी, 38 थाना, 36 पुलिस लाइन में ट्रांजिस्ट हास्टल, 46 पुलिस लाइन में पुरुष-महिला हास्टल, 31 पीएसी वाहिनी में बैरक, 247 थानों पर हास्टल, 3 शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों का विस्तार, 3 महिला पीएसी वाहिनी के आवासीय व अनावासीय भवन व एक पुलिस लाइन्स का निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावा 189 निर्माण कार्य भी किए जा रहे हैं। अवस्थी ने अन्य सभी निर्माण कार्यों में भी तेजी लाए जाने के निर्देश देते हुए यह भी कहा है कि जो निर्माण कार्य पूर्णताः की स्थिति में है उनका लोकार्पण शीघ्र कराने की व्यवस्था की जाए।

# कैबिनेट मंत्री पहुंचे स्मार्ट सिटी कार्यालय, जाना ट्रैफिक सिस्टम का हाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** की ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने वाले स्मार्ट सिटी कार्यालय का कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री और स्वतंत्र प्रभार मंत्री द्वारा निरीक्षण कर स्मार्ट सिटी कार्यों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री को अफसरों द्वारा आईटीएमएस के तीनों माडल ट्रैफि क एनफोर्समेंट, ट्रैफिक सर्विलांस और अडेप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम पर अफसरों ने एक प्रेजेंटेशन दिया गया। कैबिनेट मंत्री को बताया गया कि 155 चौराहों के ट्रैफिक सिग्नल को यहां से मानिटर किया जाता है, साथ ही 20 चौराहों पर ट्रैफिक इंफोर्समेंट कर ई चालान से ट्रैफिक सिस्टम को सक्रिय किया गया है। वहीं, कैबिनेट मंत्री द्वारा सुझाव देकर नो पार्किंग में खड़े वाहनों को चालान के दायरे में लाये जाने के लिए कहा, जिससे अतिक्रमण से मुक्ति मिल सके। सोमवार को स्मार्ट सिटी के चल रहे कार्यों की प्रगति और उसकी समीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने स्मार्ट सिटी के लालबाग कार्यालय में कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान आईटीएमएस के तीनों मॉडल ट्रैफिक एनफोर्समेंट, ट्रैफिक सर्विलांस और अडेप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम के बारे में स्मार्ट सिटी के अफसरों ने एक प्रेजेंटेशन दिया। यह भी बताया गया कि लखनऊ स्मार्ट सिटी कार्यक्रम के तहत 155 चौराहों पर ट्रैफि क सिग्नल लगाए गए हैं जिसको लखनऊ स्मार्ट सिटी लालबाग में कंट्रोल किया जा रहा है। इसमें 20 चौराहों पर ट्रैफिक इंफोर्समेन्ट सिस्टम यानी नियम का उल्लंघन करने वालो का ई-चालान किया जाता है, उसके बारे में भी जानकारी दी गई। 19 मई से लेकर अब तक 67,569 चालान की कार्रवाई की जा चुकी है। मंत्रियों के शिष्टमंडल ने ट्रैफिक सर्विलांस सिस्टम के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गयी। इस संबंध में ट्रैफिक सर्विलांस सिस्टम के बारे में सीनियर व प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित शर्मा ने बताया कि इस सिस्टम का उपयोग अपराध की रोकथाम के लिए भी किया जाता है। बाइक की चोरी, बैग की छिनैती, चैन स्नेचिंग इत्यादि अपराधों पर इस सिस्टम के द्वारा प्रभावी रोकथाम लगी है।

इससे पूर्व में इस सिस्टम की सहायता से 23 दिन के बच्चे की चोरी होने पर उसके सकुशल बरामदगी में प्रभावी मदद मिली थी। स्मार्ट सिटी के कार्यों को देखने के बाद कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दि, जिससे व्यवस्था को और दुरुस्त किया जा सके।

## बिजली की अधिकतम मांग पूरी करने में यूपी देश में दूसरे नंबर पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अधिकतम** मांग के समय रिकार्ड बिजली की आपूर्ति करने के मामले में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे नंबर पर आ गया है। पहले नंबर पर महाराष्ट्र है। मानसून की गतिविधियां कमजोर बनी रहीं और उमस अधिक बढ़ गई तो कुछ ही दिनों में बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट पार जा सकती है। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि ऊर्जा विभाग को ट्रांसमिशन सिस्टम में सुधार और क्षमता वृद्धि के दिशा में युद्धस्तर पर काम शुरू कर देना चाहिए। 28 हजार मेगावाट से अधिक बिजली की मांग पहुंची तो ट्रांसमिशन सिस्टम लड़खड़ा सकता है। उन्होंने बताया है कि पीक डिमांड के समय 28846 मेगावाट बिजली की सप्लाई कर महाराष्ट्र देश में पहले नंबर पर है।

बेहटा ब्लाक के औरंगाबाद प्राथमिक विद्यालय का मामला

# बिना काम किए ग्राम पंचायत अधिकारी ने निकाल लिए तीन लाख, निलम्बित

संवाददाता। सीतापुर



**बिना काम** के ही एक प्राथमिक विद्यालय के नाम पर 3 लाख 7 हजार 322 रूपये की धनराशि निकाल लेने वाला ग्राम पंचायत अधिकारी नितीश कुमार वर्मा किया गया निलम्बित, सीडीओ अक्षत वर्मा द्वारा 13 अगस्त को औरंगाबाद में की गई जनचौपाल में ब्लाक बेहटा के प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद में कायाकल्प करने के नाम पर लाखों रूपये निकाल लेने की हुई थी शिकायत। सीडीओ के निर्देश पर एडीपीआरओ इन्द्र नरायण सिंह की जांच में सही पायी गई शिकायत। ग्राम पंचायत अधिकारी नितीश कुमार वर्मा ने 3 लाख 7 हजार 322 रूपये बिना काम कराए ही कायाकल्प के नाम पर लिए हैं निकाल। ग्राम पंचायत अधिकारी नितीश कुमार वर्मा ने प्राथमिक विद्यालय में कमरों में फर्श एंव प्लास्टर कार्य का लेवर भुगतान के नाम पर 70 हजार 689 रूपये, कमरो में फर्श एवं प्लास्टर पर सामग्री भुगतान के नाम पर 31 हजार 748 रूपये, कमरो में फर्श एवं प्लास्टर के अवशेष कार्य पर लेवर भुगतान के नाम पर 30 हजार 655 रूपये, कमरो में फर्श एवं प्लास्टर कार्य पर सामग्री भुगतान के नाम पर 74 हजार 813 रूपये, बावंड्रीवाल में वॉल पेटिंग कार्य पर 99 हजार 120 रूपये की धनराशि निकाल ली। एडीपीआरओ इन्द्र नरायण सिंह की जांच में ग्राम पंचायत अधिकारी नितीश कुमार वर्मा शासकीय योजनाओं की धनराशि का गबनकर्ता पाया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने किया निलम्बित। निलम्बन अवधि तक ग्राम पंचायत अधिकारी नितीश कुमार वर्मा को बेहटा ब्लाक से किया गया सम्बद्व। डीपीआरओ मनोज कुमार के मुताबिक निलम्बित ग्राम पंचायत अधिकारी नितीश कुमार वर्मा उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवेहलना करने एवं शासनादेशों के विरूद्ध कार्य करने और शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के अन्तर्गत आने वाले कार्यों की धनराशि का गबन करने एवं मनमाने ढंग से कार्य करने का आदी है।

## आवास के नाम पर प्रधान ने लिए 10 हजार, डीएम से गुहार!

संवाददाता। सीतापुर



**ग्राम पंचायतो** में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है, प्रधान व सेक्रेटरी की मिलभगत से ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार चरम पर है। ऐसा ही एक मामला सीतापुर के बेहटा ब्लाक की ग्राम पंचायत रतौली का है जहां के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी पहुंचकर प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए विकास कार्यों की जांच कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रधान पर आवास के नाम पर 10 हजार रूपये लेने का आरोप लगाया है और आवास भी नहीं अभी तक मिला है। गांव में किसी भी इंडिया मार्का हैंडपम्प की मरम्मत नहीं हुई है और मरम्मत के नाम पर हजारों रूपये निकालने का आरोप लगाया है। मनरेगा के अन्तर्गत बिना कार्य किए लाखों रूपये हड़पने का आरोप लगाया है। आपको बता दें कि जिलाधिकारी ने आदेश भी जांच के दिए थे उसके बावजूद कोई अधिकारी जांच करने नहीं पहुंचा है इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने फिर से जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जांचकर कार्रवाई करने की मांग की है। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि कई बार शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं की गई।

## क्विक न्यूज

### श्री महावीर जी झण्डा मेला 5 से 9 सितंबर तक

**संडीला(हरदोई)।** श्री महावीर जी झण्डा मेला का चार दिवसीय आयोजन 5 सितंबर से 9 सितंबर तक होगा। श्री महावीर जी झण्डा मेला कमेटी के अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री ने बताया की 5 सितंबर की सुबह श्री महावीर जी मंदिर से इस झण्डे का प्रारंभ होगा। इसके बाद झण्डो की शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई मख्य मार्ग से गुजरेगी। 5 सितंबर को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 6 सितंबर को जनक विलाप, रावण वाणासुर संवाद, परेश्वराम लक्ष्मण संवाद का आयोजन रामलीला मैदान में होगा। 7 सितंबर की रात जादू का कार्यक्रम। 8 सितंबकर को रतिराम रानी और नीलम विश्वकर्मा के बीच जवाबी कीर्तन होगा तथा 9 सितंबर को गल्ला मण्डी में कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और इसी के साथ झण्डा मेला समारोह का समापन होगा।

### इमलिया इलाके में नहीं कम हो रहा जंगली जानवर का आतंक

**ऐलिया सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में कम नहीं हो रहा है जंगली जानवर का आतंक। थाना क्षेत्र में करीब एक महीने से अलग अलग जगहों पर देखा जा रहा जंगली जानवर। रविवार की रात बसेती गांव के पश्चिम धान की सिंचाई कर रहे दो सगे भाई जीशान,अनवार को अचानक गन्ने के खेतों के बीच से किसी जंगली जानवर की दहाड़ सुनाई दी। दोनों भाई डरकर पड़ोस में लगे समर पर चले गए। जिसके बाद घरवालों को फोन कर सूचना दी। ग्रामीण लाठी,डण्डा, टार्च लेकर खेतों की तरफगए और दोनों भाइयों को घर ले आये। जिसके बाद सोमवार कि सुबह मोहम्मद अहमद गांव के दक्षिण शौच के लिए साइकिल से जा रहे थे। तभी कब्रिस्तान के करीब गुरगुराहट की आवाज आई। तभी उन्होंने देखा कि एक जंगली जानवर सो रहा है। उसके करीब दो बच्चे आपस मे खेल रहे थे। इतना देख वह डर गए। और भागते हुए गांव आये। जहां से कुछ ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां से जानवर बच्चे सहित जा चुका था। लेकिन गन्ने के खेत मे काफी दूर तक खून के निशान बने हुए थे। इलाके के लोग काफी डरे सहमे हैं। सूचना पाकर वन कर्मी बसेती गांव पहुंचे। जांच पड़ताल कर सभी को सतर्क रहने के लिए कहा।

### लाठी-डंडों से पीटकर बदमाषों ने बस चालक से की लूट

**बिसवां सीतापुर।** कोतवाली इलाके के ग्राम मल्लपुर और अहमदाबाद के बीच पुलिया पर लाठी-डंडों से मारकर बाइक सवार बदमाशों ने बस चालक से 5 हजार रुपये बाइक मोबाइल लूट लिया और जान की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है मानपुर थानांतर्गत ग्राम अम्बरपुर निवासी प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र गया प्रसाद बिसवां कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरवारी टोला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बस चालक है सोमवार सुबह 5 बजे अपनी बाइक सी टी 100 गाड़ी नम्बर नच ।ज् 9959 से सांडा में खड़ी बस लेने जा रहा था कि बिसवां कोतवाली इलाके के ग्राम मल्लपुर और अहमदाबाद के बीच पुलिया पर दो बदमाशों ने उसे रोक लिया और लाठीडंडों से पिटाई कर दी और जेब मे रखे 5 हजार रुपये की नकदी बाइक और मोबाइल एवं गाड़ी एवं अन्य कागजात छीन लिए और सिम निकालकर उसे वापस कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए घटना की जानकारी पर प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह निरीक्षक सुरेश मिश्र भारी पुलिस दल के साथ मौके पर पहुचकर जांच में जुट गई है और सीसी टीवी फुटेज भी खंगाल रही है। प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ने बताया भुक्तभोगी की तहरीर पर मुकदमा पंजिकृत कर लिया गया है जल्द ही घटना का अनावरण होगा।

### शव बरामद

**संडीला(हरदोई)।** रेलवे ट्रैक पर अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा हुआ पाया गया है। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। संडीला एवं उमरताली रेलवे स्टेशन के बीच मोहल्ला मेंहदी नगर के सामने लगभग 50 वर्ष के अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला है। मृतक केसरिया शर्ट, स्लेटी काले रंग की पैंट तथा हरे रंग की नेकर पहने है तथा औसक कद काठी का है। मृतक के पास से ऐसी कोई चीज नहीं मिल सकी जिससे उसकी शिनाख्त हो सके।

### हत्याभियुक्त गिरफ्तार

**संडीला(हरदोई)।** पुलिस ने हत्याभियुक्त सुरेन्द्र तथा सुखबिंद पुत्रगण रामगुलाम निवासी चन्द्रपुर फरैंदा जो एक हत्या के मामले के अभियुक्त हैं उन्हें बेहता नाला के पास अटवा भसेन फरैंदा मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## अफवाहों पर पुलिस कप्तान ने सीतापुर आवाम से की अपील!

संवाददाता। सीतापुर

**50 लाख से** भी अधिक आबादी वाले राजधानी से सटे सीतापुर जनपद में पिछले काफी दिनों से बच्चा चोर गिरोह और किडनी चोर गिरोह आने की अफ्वाहों को लेकर रतजगा ही नहीं हो रहा है, बल्कि चोर गिरोह की आशंका में भीड़ अपने हाथ में कानून लेकर मानसिंक विक्षिप्तों और बाबा तक की पिटाई कर दे रही है, पिछले दिनों महोली, लहरपुर, कमलापुर और रेउसा थाना इलाकों में ऐसे मामले सामने आए। लेकिन अब ऐसा करने वालों की खैर नहीं है, क्योंकि बच्चा चोरी और किडनी निकालने की कोई भी घटना न होने के बावजूद महज आशंका पर जो लोग कानून को हाथ में ले रहे है, उनके लिए अब पुलिस का एक्शन प्लान तैयार हो गया है। पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने आई इंडिया से खास बातचीत करते हुए सीतापुर की आवाम से अपील की है, कि अफ्वाह पर ध्यान न दें, कानून को अपने हाथ में न लें, कोई भी अफ्वाह फैलाता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें और पुलिस के अधिकारी ग्रामीणों को जागरूक करें। आइए आप भी सुने पुलिस कप्तान घुले सुशील चन्द्रभान की सीतापुर वासियों से अफ्वाह को लेकर क्या है अपील, अधीनस्थों को क्या दिए है निर्देश, चोर गिरोह की आशंका में कानून अपने हाथ में लेने वालों के खिलाफ सीतापुर पुलिस ने कार्रवाई की शुरूआत भी कर दी है, रविवार को थाना रेउसा इलाके के करसा में बाबा की पिटाई के मामले में दर्ज हुए मुकदमें के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का भी गठन किया गया है। आने वाले दिनों में सीतापुर की पुलिस अफ्वाहों को लेकर आमजन को जागरूक कराती हुई, नजर आएगी, साथ ही जो लोग कानून को अपने हाथ में लेगें, यानी आशंका व अफ्वाह पर किसी की पिटाई करेगें, उनके खिलाफ भी एक्शन लेगी।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**दहेज की** मांग पूरी ना होने पर एक विवाहिता को मारपीटकर घर से निकाल दिया गया। विवाहिता ने पति एवं अन्य ससुरालीजन के विरुद्ध एफ्आईआर दर्ज कराई है। कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में नगर के मोहल्ला अशराफ टोला निवासी जूही सिद्दीकी पुत्री स्व0 तकबीर अहमद ने कहा कि उसका विवाह विगत 16 दिसंबर 2020 को मो0 अरशद पुत्र मो0 शकील निवासी सुभाशनगर राय बरेली रोड थाना तेलीबाग लखनऊ के साथ हुआ था। इस अवसर पर उसे हैसियत के अनुसार दहेज तथा पल्सर मोटरसाइकिल भी दी गयी थी। जूही सिद्दीकी का आरोप है कि इस दहेज को प्राप्त करके भी उसके पति तथा अन्य ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं हुए तथा उसे 2 लाख रुपए नकद तथा बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की। जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो ससुराल में उसका उत्पीड़न किया जाने लगा तथा 18 अगस्त 2021 को उसे मारपीटकर घर से निकाल दिया गया। इसी प्रकार मध्यस्ततों की मध्यतथा से वह पुनः अपनी ससुराल पहुंची लेकिन 25 मार्च 2022 को उसे मारपीटकर घर से निकाल दिया गया। 13 अगस्त 2022 को उसके पति तथा अन्य ससुरालीजन संडीला पहुंचे तथा तमाम लोगों के समझाने बुझाने के बावजूद उसे तीन तलाक बोलकर अपने साथ रखने से मना कर दिया। पीड़िता ने तहरीर में अपने ससुर पर भी बुरी नीयत रखने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। तहरीर पर मो0 अरशद, मो0 शकील, रुखसाना, मो0 आसिफ तथा शबीना सर्वनिवासीगण सुभाषनगर तेलीबाग को नामजद करते हुए धारा 498ए, 323, 504आईपीसी तथा 3/4 दहेज अत्याचार निवारण अधिनियम तथा 3/4 मुस्लिम महिला विवाह अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम के अतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## खेत में पानी लगाने गए युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

● मृतक के पिता अनंतराम ने किसी रंजिश आदि से इनकार किया, चर्चा है कि यह हत्या प्रेम प्रसंग में हुई है

**धान के खेत** में पानी लगाने के लिए गए बीस वर्षीय युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली बेनीगंज के अंतर्गत ग्राम मडपाई मजरे सिकंदरपुर निवासी अनंत राम का 20 वर्षीय पुत्र रामकुमार सोमवार सुबह लगभग 5 बजे घर से धान के खेत में पानी लगाने के लिए गया था। लगभग एक घण्टे के बाद उसके शव को खेत से लगभग 50मीटर दूर पड़ा हुआ देखा। उसकी बड़ी बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या की गयी थी। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाल इंद्रजीत सिंह मैं फोर्स मौके पर आ गए तथा मृतक के शव को कब्जे में लिया। मृतक के विषय में यह पता चला कि वह अविवाहित है तथा अपने चार भाईयों में तीसरे नंबर पर है। मृतक के पिता अनंतराम ने किसी प्रकार की रंजिश आदि से इनकार किया। चर्चा है कि यह हत्या प्रेम प्रसंग में हुई है। घटना के बाद अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह भी मौके पर पहुंचे और उन्होंनें ने भी इस मामले का खुलासा शीघ्र करने के निर्देश स्थानीय पुलिस को दिए।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के जरिये होगी क्षय रोगियों की खोज

● जिले में 23 अगस्त से 30 सितम्बर तक चलेगा अभियान

संवाददाता। लखीमपुर.खीरी



**देश को** वर्ष 2025 तक क्षय रोग मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने को लेकर विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूल कार्यक्रम के तहत अब हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के माध्यम से भी क्षय रोगियों को चिन्हित किया जाएगा। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डाण् अनिल कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के जरिए क्षय रोगियों को खोजने का अभियान 23 अगस्त से 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जिले में प्रिया सीन 191 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैं। इनके जरिए संभावित क्षय रोगियों के बलगम की जांच का लक्ष्य रखा गया है। इन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ;सीएचओद्ध क्षय रोगियों के चिन्हीकरणए जांचए इलाजए निक्षय पोषण योजना के तहत लाभ दिलाने में सहयोग देंगे। आशा और एएनएम टीम बनाकर क्रियाशील 191 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से संभावित क्षय रोगियों की पहचान करेंगी। क्षय रोग के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके बलगम के नमूने एकत्रित करेंगी। इसके बाद सीएचओ संकलित नमूने को नजदीकी जांच केंद्र में भेजेंगे। जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर मरीज को निक्षय पोर्टल पर नोटि ?ाई किया जाएगा और उनका इलाज शुरू कर दिया जाएगा।जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जो क्षेत्र हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के कार्यक्षेत्र से बाहर हैं। इस क्षेत्र में क्षय रोगियों के घर पर आशा कार्यकर्ता द्वारा भ्रमण कर उन्हें नियमित दवाओं का सेवन करनेए छह माह तक लगातार इलाज करने एवं दवा के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में परामर्श देंगी। सीएचओ द्वारा अपने क्षेत्र में तीन उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का चयन किया जाएगा जहां सभी गतिविधियां प्राथमिकता के आधार पर की जाएंगी।

### खड़ी डीसीएम में बाइक घुसी युवक की मौत

**बरेली।** प्राइवेट कंपनी में काम करने वाला युवक ऑफिस के काम से जा रहा था । शाहमत गंज पुल के ऊपर खड़ी डीसीएम में टकरा गया , जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया और पुलिस ने परिवार वालों सूचना दी युवक प्राइवेट कंपनी में इवेंट्स का काम करता था।थाना इज्जत नगर के कर्मचारी नगर चौकी के पास निवासी हेमंत कुमार 40 वर्षीय पुत्र रामसनेही प्राइवेट कंपनी में इवेंट्स का काम करता था कल शाम ड्यूटी के काम से मोटरसाइकिल से जा रहा था शाहमत गंज पुल के ऊपर खड़ी डीसीएम से टकरा गया जिससे हेमंत कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई। थाना बरादरी पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया और परिवार वालों को सूचना दी , मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया हेमंत कुमार की पत्नी कुसुम और एक बेटी है। परिवार वाले जिला अस्पताल पहुंचे थाना बरादरी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

### एबीवीपी ने रूहेलखंड विवि में प्रवेश पंजीकरण के आवेदन तिथि को बढ़ाने की मांग की

**बरेली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय में प्रवेश पंजीकरण के आवेदन तिथि को बढ़ाने हेतु कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा ।महानगर मंत्री अमन सिंह तोमर ने बताया की इस वर्ष अभी तक पिछले वर्ष के मुकाबले बहुत कम आवेदन है जबकि अंतिम तिथि निकल गई है, इस स्थिति में विश्वविद्यालय को आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाना चाहिये जिससे की अभी तक किसी कारण वश आवेदन करने से रह गए छात्रा - छात्राओं को एक और मौक़ा मिल सके । विश्वविद्यालय प्रशासन को इस विषय को गंभीरता से लेना चाहिए की इस वर्ष पिछले वर्ष के मुक़ाबले आवेदन कम क्यों हुए । कुलसचिव ने विद्यार्थी परिषद की माँग मानते हुए तिथि को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया । इस दौरान विभाग संगठन मंत्री अमित भारद्वाज, महानगर संगठन मंत्री अबनी यादव, श्रेयांश बाजपेई, रवि प्रताप सिंह, अनिकेत शर्मा, देवांश तनेजा समेत प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## मादक पदार्थ बेचने वाला गिरफ्तार

संवाददाता। बेहजम.खीरी



**नीमगांव थाना** क्षेत्र में मादक पदार्थों के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मितौली सीओ अभय प्रताप मल्ल ने प्रभारी निरीक्षक नीमगांव अवधेश यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर इस कारोबार पर विराम लगाने के लिया किया गया था। जिस पर प्रभारी निरीक्षक नीमगांव अवधेश यादव के नेतृत्व में चौकी प्रभारी सिकन्दराबाद सुनील कुमार सिंह एसआई केसी तिवारी ने मुखबिरों का जाल बिछा दिया जिसके चलते आज सुबह जब आरोपी मादक पदार्थ की क्षेत्र में बिक्री के लिए निकला था। तभी नीमगांव पुलिस ने चारों तरफसे नाकेबंदी कर रखा था जिस पर प्रमोद सिंह निवासी खुर्रमनगर खुरई गांव के बाहर गिरफ्तार कर लिया गया। जिसकी जमा तलाशी के दौरान भारी मात्रा में नशीला पाउडर बरामद कर विधिक कार्यवाही करते न्यायालय में पेश किया गया। नीमगांव थाना क्षेत्र में आरोपी के द्वारा नीमगांव थाना क्षेत्र में काफी समय से मादक पदार्थों का कारोबार चला रहा था जिससे क्षेत्र के नौजवान नशे की गिरफ्त में फंसते जा रहे थे। जिसकी सूचना सीओ मितौली को लगी जिस पर सीओ मितौली अभय प्रताप मल्ल ने नीमगांव इंस्पेक्टर अवधेश यादव के नेतृत्व में टीम का गठन कर सिकंद्राबाद चौकी प्रभारी सुनील सिंह और तिवारी ने आरोपी को एक मुखबिर की सूचना पर नशीले मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## पेज एक का शेष

### रूस में...

पैगंबर को लेकर विवादित टिप्पणियां की थीं, जिसके बाद मुस्लिम देशों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी और पार्टी ने बीते जून में नुपुर को निलंबित और कुमार को निष्कासित कर दिया था। जर्मनी स्थित आतंकवाद विरोधी विशेषज्ञ और अफगान मूल के भू-राजनीतिक सुरक्षा विश्लेषक डॉ. अजमल सोहेल ने कहा कि हिरासत में लिया गया आतंकवादी आईएसआईएस नेता गुलमुराद अलीमोफ का सदस्य हो सकता है, जिसका दक्षिणी अफगानिस्तान में बड़ा आधार है। अलीमोफ आईएसआईएस के लगभग 500 लड़ाकों को नियंत्रित करता है, जिनमें से अधिकांश कज़ाख, ताजिक, उज़्बेक और चेचन मूल के हैं। अलीमोफ खुद ताजिकिस्तान का रहने वाला है और पहले सीरिया और इराक में आईएसआईएस कमांडर था। अमेरिकी सेना के कड़े प्रहार के बाद 2014-15 में उसने अपनी संपत्ति मध्य एशिया और मध्य पूर्व में स्थानांतरित कर दी थीं। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के बाद उसने अपने ठिकानों को अफगानिस्तान में स्थानांतरित कर दिया। खूंखार आतंकवादी संगठन आईएसआईएस और इससे संबंधित सभी संगठनों को भारत में प्रतिबंधित किया गया है। वे इराक और सीरिया में कई हमले करने के लिए जिम्मेदार हैं। गृह मंत्रालय ने आतंकवादी समूह पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा है कि भारत के युवाओं की संगठन में भर्ती और उन्हें कट्टर बनाया जाना देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है, खासकर जब ऐसे युवा भारत लौटते हैं तो राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके संभावित प्रभाव पड़ सकते हैं।

### आप को...

में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं तक पहुंचने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे सिसोदिया ने भी वहां जाति कार्ड खेला। सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि मेरे पास भाजपा का संदेश आया है- आप छोड़ कर भाजपा में आ जाओ, आपके खिलाफ सीबीआई और ईडी के सारे मामले बंद करवा देंगे। सिसोदिया ने यही बात बाद में अहमदाबाद में संवाददाताओं के समक्ष भी दोहरायी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वह उस वक्त हतप्रभ रह गए, जब कोई व्यक्ति दो प्रस्ताव का संदेश लेकर उनके पास पहुंचा। उन्होंने दावा किया संदेश वाहक ने कहा कि एक प्रस्ताव यह है कि सीबीआई-ईडी (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो-प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा आपके खिलाफ दर्ज सभी बड़े मामले वापस ले लिए जाएंगे। दूसरी पेशकश यह थी कि आप को तोड़ दूं तो भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री बना दिए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह महाराणा प्रताप के वंशज हैं और राजपूत हैं। सिर कटा लेंगे, लेकिन भ्रष्टाचारियों, षड्यंत्रकारियों के सामने नहीं झुकेंगे। उनके खिलाफ सारे मामले झूठे हैं। जो करना है, कर लो। सिसोदिया ने कहा कि वह मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनने के लिए राजनीति में नहीं आए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उनके राजनीतिक गुरु हैं और उन्हीं से राजनीति सीखी है। वह किसी के सामने नहीं झुकेंगे। आप के दो नेताओं- आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने भी सिसोदिया के दावे का समर्थन किया, लेकिन न तो इन दोनों नेताओं ने न ही उपमुख्यमंत्री ने भाजपा से संदेश लेकर आए उस तथाकथित व्यक्ति के नाम का खुलासा किया। आतिशी ने दावा किया कि सिसोदिया को प्रस्ताव देने वाला भाजपा का वही व्यक्ति है, जिसने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता शुभेंदु अधिकारी और अन्य नेताओं से मुलाकात कर भगवा पार्टी में शामिल होने का प्रस्ताव रखा था। आप प्रवक्ता भारद्वाज से जब सिसोदिया के समक्ष प्रस्ताव रखने वाले भाजपा नेता का नाम पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी समय आने पर सभी ब्योरा उपलब्ध कराएगी। सिसोदिया दिल्ली आबकारी नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी में नामजद 15 लोगों में शामिल हैं। इनमें आठ के खिलाफ सीबीआई ने लुकआउट नोटिस जारी किया है।

### भाजपा ने...

करना बंद कीजिए। आपको यदि इस बात का अहंकार है कि भ्रष्टाचार करके जनता के पैसे लूटकर उत्तर भी नहीं देंगे, तो यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एक-एक पैसे की वसूली हो। भाटिया ने कहा कि सिसोदिया के कथित भ्रष्टाचार पर केजरीवाल की चुप्पी दर्शाती है कि वह कट्टर बेईमान हैं। सांसद मनोज तिवारी ने ट्वीट कर कहा कि मनीष का फोन सीबीआई ने ले लिया था। जैसा कि उन्होंने दावा किया था। किनके फोन पर सिसोदिया को संदेश या कॉल प्राप्त हुए हैं। उस व्यक्ति के नाम का खुलासा किया जाए और उसका भी फोन सीबीआई को सौंप दिया जाए। सिसोदिया के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बड़े झूठे और उनके मंत्री बहुत बड़े झूठे हैं।

### भारत रत्न...

शिक्षा मॉडल की सराहना की है। गुजरात में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा कि आपको शर्म नहीं आती कि सीबीआई से एक ऐसे व्यक्ति के खिलाफ छापा मरवाया, जिसने पांच साल में चमत्कार कर दिया, उसने वह किया जो मौजूदा राजनीतिक दल 70 वर्षों में नहीं कर सके। उन्होंने सरकारी स्कूलों को सर्वश्रेष्ठ बनाया। ऐसे आदमी को भारत रत्न मिलना चाहिए। आप संयोजक केजरीवाल ने यह भी आशंका जताई कि सिसोदिया को जल्द ही गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने खुद की गिरफ्तारी की भी आशंका जताई।

### सीओए भंग...

सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया जिससे कि नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो सके। इस मामले में सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस उम्मीद में आदेश पारित किया जा रहा है कि फीफा भारत में आयोजित होने वाले एआईएफएफ और अंडर -17 महिला विश्व कप के निलंबन को रद्द कर देगा। वांछित परिणाम नहीं आने पर कोर्ट आगे के आदेशों पर विचार करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि एआईएफएफ की कार्यकारी समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष समेत 23 सदस्य होंगे। फुटबॉल फेडरेशन विवाद में खेल मंत्रालय ने भी सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर अपने पूर्व आदेश में संशोधन करने की गुहार लगाई। सरकार ने कहा है कि एआईएफएफ के लिए प्रशासनिक समिति तो अस्थाई इंतजाम था। अब संविधान का नया प्रारूप भी तैयार हो गया है। स्थायी समाधान तो नई कार्यसमिति के जरिए ही हो सकेगा।

### शाहनवाज हुसैन...

2018 में निचली अदालत का रुख करते हुए दुष्कर्म के आरोप में हुसैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया था। एक मजिस्ट्रेट अदालत ने सात जुलाई 2018 को हुसैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देते हुए कहा था कि महिला की शिकायत से एक संज्ञेय अपराध का मामला बनता है। भाजपा नेता ने एक सत्र अदालत में इसे चुनौती दी थी, जिसने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान रोहतगी ने कहा कि इस मामले में भाजपा नेता के खिलाफ बिल्कुल फर्जी आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय इस धारणा पर आगे बढ़ा है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद ही जांच हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह कानून की गलत व्याख्या है। महिला की ओर से पेश वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उसके साथ मारपीट की गई और उसे एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता के लिए सुरक्षा की मांग करते हुए, वकील ने आरोप लगाया कि पुलिस आरोपियों के साथ मिलीभगत कर रही है, क्योंकि वे (आरोपी) शक्तिशाली हैं। रोहतगी ने कहा कि याचिकाकर्ता एक सार्वजनिक हस्ती हैं और उनके खिलाफ फर्जी आरोप लगाए गए हैं।

### नकली नोट...

अपहरण का प्लान बनाया। उसने रविवार को फोन कर दिलबर और परवेज को नोएडा घूमने के लिए बुलाया। दिलबर रविवार शाम अपने दोस्त इमरान और शाहिद के साथ नोएडा पहुंचा। इसी दौरान पीरू ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर दिलबर और परवेज का अर्टिगा कार से अपहरण कर लिया। इसी बीच बदमाशों ने 24 घंटे में तीन बार परिजनों को फोन करके पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी। उन्होंने मेहराज खान के व्हाट्सएप पर फोटो भेजा। इसमें आरोपियों ने दिलवर के गले पर चाकू लगा रखा था। फिरौती न देने पर जान से मारने की धमकी दी। मेहराज ने मामले की सूचना बांका पुलिस को दी। नोएडा के डीसीपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि फिरौती की डमी रकम बैग में रखकर अभियुक्तों के बताए गई जगह चूहडपुर अंडरपास पहुंचे। बदमाश जैसे ही बैग लेने के आगे आए तो पुलिस ने उनकी घेराबंदी कर ली। बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो पीरू समेत तीन बदमाश भाग गए। पुलिस की फायरिंग में अय्यूब के पैर में गोली लग गई। उसे और उसके साथी राशिद को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के चंगुल से अपहृत दिलबर खान और उसके दोस्त परवेज अंसारी को सकुशल बरामद कर लिया गया। बदमाशों के पास से हथियार और घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार नम्बर यूपी 13 बीटी 0157 बरामद हुई है।

# टीआरएसी नेता कविता का भाजपा पर हमला

**● दायर कर सकती हैं मानहानि का मुकदमा**

**● दिल्ली से भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा तथा एक अन्य नेता मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ दायर कर सकती हैं केस**

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना** राष्ट्र समिति (टीआरएस) की विधान परिषद सदस्य के. कविता ने दिल्ली की अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति को लेकर जारी विवाद में उनका और उनके परिवार का नाम घसीटने पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह इस मामले में भाजपा के दो नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर सकती हैं। इनमें से एक नेता ने दावा किया था कि कविता ने शराब माफिया और आप सरकार के बीच बिचौलिए की भूमिका निभाई थी।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने कहा कि भाजपा नेताओं के आरोप बेबुनियाद हैं। टीआरएस के सूत्रों के अनुसार वह दिल्ली से भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा तथा एक अन्य नेता मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ मानहानि का मामला दायर करेंगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, आज, मैं यह बिल्कुल साफ कर देना चाहती हूं कि भाजपा और उनकी पार्टी के सदस्यों द्वारा मेरे खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

कविता ने कहा कि केंद्र में भाजपा नीत सरकार जो जांच चाहे कर सकती है, क्योंकि जांच एजेंसियां उसके नियंत्रण में हैं और वह पूरी तरह सहयोग करेंगी। कविता ने दावा किया कि चूंकि उनके पिता केसीआर केंद्र में भाजपा नीत सरकार की नीतियों के आलोचक हैं, इसलिए भाजपा उनके परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार में लड़ाकू लोग हैं, जो अपनी लड़ाई में कभी पीछे नहीं हटेंगे। आज, अगर आप हमें कुछ बेबुनियाद आरोप लगाकर नीचा दिखाना चाहते हैं, तो यह निराधार रहेगा। इससे कोई नतीजा नहीं निकलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा विपक्ष की आवाज को दबाने का हरसंभव प्रयास कर रही है।

भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने दिल्ली की अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति को लेकर जारी विवाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) को खींचते हुए रविवार को आरोप लगाया कि उनके परिवार के सदस्यों ने नीति बनाए जाने के संबंध में यहां के पांच सितारा होटल में हुई बैठकों में भाग लिया था। वर्मा ने कहा कि तेलंगाना में इसी प्रकार की आबकारी नीति है और यह पश्चिम बंगाल में भी लागू की गई है। उन्होंने आरोप लगाया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के परिवार के सदस्यों ने दिल्ली की आबकारी नीति बनाने के लिए ओबरॉय होटल में आयोजित बैठकों में शिरकत की थी। केसीआर के परिवार ने पंजाब में इसी प्रकार की नीति लागू कराई।

उन्होंने (दिल्ली के उपमुख्यमंत्री) मनीष सिसोदिया और (मुख्यमंत्री) अरविंद केजरीवाल के साथ मिलकर दिल्ली के लिए एक योजना बनाई। वर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि शराब माफिया और आप सरकार के बीच, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी कविता ने एक बिचौलिए की तरह काम किया। दिल्ली सरकार की आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं के मामले में सीबीआई ने 19 अगस्त को सिसोदिया के आवास समेत 31 स्थानों पर छापेमारी की थी।



नलगोंडा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक जनसभा को संबोधित करते हुए

# केजरीवाल बड़े झूठे, उनके मंत्री बहुत बड़े झूठे : अनुराग ठाकुर

**● भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी में तेज होती जुबानी जंग**

**भाषा।** शिमला

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बड़े झूठे और उनके मंत्री बहुत बड़े झूठे हैं। ठाकुर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया के इस दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन्हें आप को तोड़ने पर मुख्यमंत्री पद की पेशकश की थी। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने दावा किया है कि भाजपा ने उनसे इस पेशकश के साथ संपर्क किया था कि अगर वह भाजपा में शामिल हो जाते हैं और आप को तोड़ देते हैं तो उनके खिलाफ सभी मामलों को बंद कर दिया जाएगा। सिसोदिया दिल्ली आबकारी नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी में नामजद 15 लोगों में शामिल हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने कांगड़ा जिले में एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, केजरीवाल बड़े झूठे हैं और ऐसा लगता है कि उनके मंत्री बहुत बड़े झूठे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का शासन मॉडल विफल हो गया है, क्योंकि दिल्ली में आप सरकार का ध्यान मोहल्ला क्लीनिक से हटकर मोहल्ला ठेका (शराब की दुकानों) पर केंद्रित हो गया है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि केजरीवाल शराब घोटाले के सरगना हैं, जबकि सिसोदिया मुख्य आरोपी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों में से किसी ने भी दिल्ली में शराब घोटाले के संबंध में अब तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया है।

## शर्मा के इस्तीफे पर सिंधिया बोले, अंदरूनी तौर पर जर्जर हो चुकी है कांग्रेस पार्टी

**इंदौर।** हिमाचल प्रदेश के लिए कांग्रेस की संचालन समिति से वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा के इस्तीफे को लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस विपक्षी दल के संगठन पर सोमवार को निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शर्मा का इस्तीफा बताता है कि कांग्रेस अंदरूनी तौर पर जर्जर हो चुकी है। शर्मा के त्यागपत्र पर सिंधिया ने इंदौर में कहा, मैं भाजपा का आम कार्यकर्ता हूं और कांग्रेस की मौजूदा स्थिति पर हम जितना भी कहें, वह कम होगा। यह (शर्मा का इस्तीफा) दर्शाता है कि कांग्रेस अंदरूनी तौर पर किस तरह जर्जर हो चुकी है। दिल्ली में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा जंतर-मंतर पर बुलाई गई महापंचायत के सवाल का केंद्रीय मंत्री ने जवाब नहीं दिया और बहुत धन्यवाद कहते हुए संवाददाताओं से बातचीत तुरंत समाप्त कर दी। इस बीच, सिंधिया ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के इंदौर स्थित घर पहुंचकर उनसे और उनके परिवार से मुलाकात की।

# भाजपा नेता दिलीप घोष का सीबीआई पर हमला जारी

**भाषा।** कोलकाता

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पर अपने हमले और तेज करते हुए सवाल किया कि केंद्रीय एजेंसी ने पिछले साल पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद हुई हिंसा में क्या कार्वाई की है जिसमें पार्टी के करीब 60 कार्यकर्ता मारे गए थे। घोष ने एक दिन पहले टिप्पणी की थी कि कुछ सीबीआई अधिकारियों की कथित साठगांठ राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से है। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घोष ने संवाददाताओं से कहा, वह (सीबीआई) अपना कर्तव्य निवर्हन ठीक से नहीं कर रही है। चुनाव बाद हुई हिंसा के मामले में क्या कदम उठाए गए जिसकी जांच वह कर रही है? बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा में भाजपा के करीब 60 कार्यकर्ता मारे गए, लेकिन अबतक कुछ भी नहीं हुआ जबकि कई महीनों से जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर सीबीआई, पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई हिंसा के मामलों की जांच कर रही है। जब घोष से कुछ सीबीआई अधिकारियों की तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व से साठगांठ संबंधी उनकी टिप्पणी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह परवाह नहीं करते कि अन्य लोग उनकी टिप्पणी के बारे में क्या सोचते हैं। भाजपा नेता ने कहा, मेरा पूरा विश्वास प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर है और मुझे भरोसा है कि वह सच को सामने लाएगा। हमें (भाजपा को) शीर्ष अन्वेषण एजेंसी (सीबीआई) पर भी भरोसा था, लेकिन हमें न्याय नहीं मिला। मैं सीबीआई को लेकर की गई टिप्पणी पर कायम हूं। जब मैं भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष था तब हमने सीबीआई कार्यालय तक, उसकी निष्क्रियता के खिलाफ मार्च निकाला था। गौरतलब है कि घोष ने रविवार को कहा था कि कुछ सीबीआई अधिकारियों की तृणमूल कांग्रेस से साठगांठ है और इसीलिए वित्त मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार के मामलों की तेजी से जांच के लिए ईडी को भेजा। घोष की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शांतनु सेन ने कहा कि भाजपा नेता ने स्वयं सीबीआई की निष्पक्षता पर सवाल उठाया है जिसे गत कई साल से विपक्षी पार्टियां भी उठा रही हैं। उन्होंने कहा, हम लंबे समय से कह रहे हैं कि ईडी और सीबीआई, भाजपा द्वारा नियंत्रित है। हमें केंद्रीय एजेंसियों की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर आशंकाए हैं।

# कश्मीर के दल गैर स्थानीयों को मतदाता सूची में शामिल करने को देंगे चुनौती

**भाषा।** श्रीनगर

**नेशनल** कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर की मतदाता सूची में गैर-स्थानीय लोगों को शामिल करने का कोई भी कदम अस्वीकार्य है और अदालत सहित सभी तरीकों से इस फैसले को चुनौती दी जाएगी। उन्होंने यह बयान इसी मुद्दे पर नौ पार्टियों की बुलाई गई बैठक के बाद दिया। इस मुद्दे पर जम्मू-कश्मीर की पार्टियों की बैठक बुलाने वाले अब्दुल्ला ने कहा कि वे बाहरी को मतदान का अधिकार देने के फैसले का विरोध करने के लिए एकजुट हैं क्योंकि यह जम्मू-कश्मीर की पहचान को छीन लेगा। संवाददाताओं से कहा, राज्य की पहचान लगभग खत्म हो जाएगी। डोगरा, कश्मीरी पहाड़ी या गुज्जर या सिख अपनी पहचान खो देंगे जो यहां रहते हैं। विधानसभा बाहरी लोगों के हाथों में होगी... हम सभी इसका विरोध करते हैं और हम इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। उच्च सुरक्षा वाले गुपकर इलाके में नेकां अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला के आवास पर हुई बैठक में उनकी पार्टी के नेताओं के अलावा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती, कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष विकार रसूल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता एम. वाई. तारिगामी और शिवसेना, अवामी नेशनल कांफ्रेंस(एएनसी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी(भाकपा), जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और अकाली दल मान के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। वहीं, सज्जाद लोन-नीत पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अल्ताफ बुखारी के नेतृत्व वाली अपनी पार्टी के नेताओं ने इस बैठक में हिस्सा नहीं लिया। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)ने नेकां, पीडीपी और अन्य पार्टियों पर आरोप लगाया है कि वे केंद्र शासित प्रदेश की संशोधित मतदाता सूची में गैर स्थानीय मतदाताओं को शामिल किए जाने के मुद्दे पर भ्रामक दुष्प्रचार कर लोगों के मन में जहर फैला रहे हैं। जम्मू में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रवींद्र रैना ने कहा कि स्थानीय और गैर स्थानीय का सवाल ही नहीं है क्योंकि संविधान ने 18 साल से अधिक उम्र के सभी नागरिकों को मत देने का अधिकार दिया है। अब्दुल्ला द्वारा श्रीनगर में की गई बैठक के संदर्भ में जवाबी रणनीति बनाने के लिए पार्टी मुख्यालय में हुई वरिष्ठ भाजपा नेताओं की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद रैना संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। अब्दुल्ला ने संशोधित मतदाता सूची में मतदाताओं को शामिल करने को लेकर केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी हृदएश कुमार की टिप्पणी के बाद यह बैठक बुलाई थी। कुमार ने टिप्पणी की थी कि जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं की संख्या में 25 लाख तक वृद्धि हो सकती है और कोई भी सामान्य तौर पर जम्मू-कश्मीर में रहने वाला भारतीय नागरिक जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत यहां की मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकता है। सरकार ने हालांकि, शनिवार को एक स्पष्टीकरण जारी कर कहा था कि मतदाता सूची में संक्षिप्त संशोधन के बाद संभवतया 25 लाख से अधिक मतदाताओं को जोड़ने की खबरें निहित स्वार्थों की गलतबयानी हैं। सरकार ने कहा कि मतदाताओं की संख्या में वृद्धि उन लोगों की वजह से होगी जो एक अक्टूबर 2022 तक 18 साल या इससे अधिक उम्र के होंगे। नेकां और पीडीपी जैसे दलों ने दावा किया कि प्रशासन ने उनकी इस मुख्य चिंता का समाधान नहीं किया है कि क्या जम्मू-कश्मीर में सामान्यतया रहने वाले बाहरी लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने की अनुमति दी जाएगी या नहीं। माकपा नेता तारिगामी ने कहा कि पार्टियां स्पष्ट हैं कि जो मुख्य चुनाव अधिकारी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा और सूचना विभाग की ओर से जो सफाई दी गई वह हमारे लिए अस्वीकार्य हैं। उन्होंने कहा, हम देश की शीर्ष अदालत से न्याय पाने की संभावनाओं को तलाशेंगे।

# कांग्रेस के कई नेता पार्टी में घुटन महसूस कर रहें हैं : हिमाचल प्रदेश भाजपा

**भाषा।** शिमला

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की हिमाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस के कई और नेता भी पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं और जल्द ही आनंद शर्मा का अनुकरण करेंगे। उन्होंने यह टिप्पणी कांग्रेस नेता आनंद शर्मा द्वारा हिमाचल प्रदेश की पार्टी संचालन समिति से इस्तीफा देने के एक दिन बाद की। कश्यप ने यहां जारी बयान में कहा, यह स्पष्ट है कि आनंद शर्मा ने यह कदम कांग्रेस में हुए उनके अपमान की वजह से उठाया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कई नेता पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं और वे या तो पार्टी छोड़ देंगे या महत्वपूर्ण पदों से इस्तीफा दे देंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और शिमला से लोकसभा सांसद कश्यप ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस के कई और नेता भी जल्द आनंद शर्मा का अनुसरण करेंगे। उल्लेखनीय है कि शर्मा ने हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की संचालन समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि अलग-थलग और अपमान जारी रहने की वजह से उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा था। माना जा रहा है कि शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे पत्र में कहा है कि राज्य विधानसभा चुनाव की योजना के बारे में उनसे चर्चा नहीं की गई। इतना ही नहीं, उन्होंने कई उदाहरण दिए हैं, जब उन्हें चर्चा के लिए आमंत्रित नहीं किया गया। कश्यप ने कहा, केवल आनंद शर्मा ही नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री और विधायक सतपाल रायजादा ने भी सार्वजनिक तौर पर अपनी पार्टी का विरोध किया है। अग्निहोत्री ने बयान जारी कर पार्टी में विधायक का टिकट आवंटित करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाया था और धनबल के प्रभाव का आरोप लगाया था।

# ईरान से द्विपक्षीय संबंध प्रगाढ़ करने को भारत प्रतिबद्धः सोनोवाल

**तेहरान में ईरानी उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबेर से मिले केंद्रीय मंत्री**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/तेहरान

**पत्तन**, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने ईरान के उप राष्ट्रपति मोहम्मद मोखबेर से सोमवार को तेहरान में मुलाकात की और कहा कि भारत ईरान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि दोनों देशों के बीच स्टैंडर्डस ऑफ ट्रेनिंग, सार्टिफिकेशन एंड वाच कीपिंग फॉर सीफेयरर्स पर अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन के प्रावधानों के अनुरूप सुमद्री यात्रा के संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

बयान में कहा गया कि चाबहार बंदरगाह के रास्ते व्यापार और पारगमन को बढ़ावा देने के लिए इंडिया पोर्ट एंड ग्लोबल कंपनी (आईपीजीएल) तेहरान और चाबहार में दफ्तर खोलेगी।चाबहार बंदरगाह भारत की विदेश में बंदरगाह संबंधी पहली परियोजना है। बयान के अनुसार ईरान के उपराष्ट्रपति ने कहा कि चाबहार बंदरगाह बनने से व्यापार और जहाज में समान लदाई (शिपमेंट)में बढ़ोतरी होगी, वहीं सोनोवाल ने चाबहार बंदरगाह को क्षेत्रीय विकास का माध्यम बनाने के लिए दोनों पक्षों के साथ मिल कर काम करने के महत्व को रेखांकित किया। बयान में सोनोवाल के हवाले से कहा गया कि ईरान के उप राष्ट्रपति मोहम्मद मोखबेर से मिल कर बेहद प्रसन्नता हुई। हमने भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। हम ईरान के साथ अपने बहुआयामी संबंधों को प्रगाढ़ करना जारी रखेंगे। जबसे आईपीजीपीएल ने चाबहार में शाहिद बेहेश्ती पोर्ट का संचालन अपने हाथो में लिया है, इसने 48 लाख टन से अधिक कार्गो को संभाला है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ईरान के सड़क व शहरी विकास मंत्री रूस्तम घासेमी के साथ बैठक कर दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।



# भाजपा ने त्रिपुरा में राष्ट्रपति शासन की मांग को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया

**भाषा।** अगरतला

**त्रिपुरा** में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की कांग्रेस की मांग का सोमवार को जोरदार विरोध किया और राज्य की छवि खराब करने के प्रयास के लिए उसकी निंदा की।भाजपा नेता और त्रिपुरा के सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री सुशांत चौधरी ने दावा किया कि कांग्रेस महासचिव अजय कुमार और पार्टी विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने दिल्ली में यह मांग करके त्रिपुरा के बारे में एक नकारात्मक संदेश देने की कोशिश की, जबकि राज्य भाजपा के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। चौधरी ने कहा, जिस तरह से अजय कुमार और सुदीप रॉय बर्मन ने रविवार को दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रीय मीडिया के सामने त्रिपुरा में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति का हवाला देते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की, हम उसकी कड़ी निंदा करते हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव अगले साल मार्च में होने हैं।चौधरी ने कहा, यह हास्यास्पद है कि सुदीप रॉय बर्मन राज्य में 25 वर्षों के कम्युनिस्ट शासन के दौरान राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग के लिए दिल्ली नहीं गए, जब राज्य में बड़े पैमाने पर हत्या, बलात्कार, हमले, धमकी के मामले थे।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की वामपंथियों को सत्ता सौंपने की परंपरा रही है, जैसा 1993 में हुआ था। उन्होंने कहा, तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले त्रिपुरा में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था। जब तीन महीने बाद चुनाव हुआ था, तब मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा जीत गया था। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस फिर से वाम मोर्चा को सत्ता सौंपने के लिए वही खेल खेल रही है, क्योंकि उसने राष्ट्रपति शासन की मांग की है। चौधरी ने कहा, कांग्रेस और माकपा की पारस्परिक लाभ के लिए साठगांठ है। उन्होंने कहा, हालांकि 2022, 1993 नहीं है। अब (नरेंद्र) मोदीजी प्रधानमंत्री हैं और राष्ट्रपति शासन की मांग पर विचार नहीं किया जाएगा, भले ही वे इसकी मांग करें क्योंकि राज्य की स्थिति उनकी मांग का समर्थन नहीं करती। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग 25 साल के कम्युनिस्ट शासन और साढ़े चार साल के भाजपा-आईपीएफटी सरकार के प्रदर्शन का आकलन करेंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस और माकपा के बीच तालमेल को त्रिपुरा में खारिज कर दिया जाएगा, जैसा कि पश्चिम बंगाल में हुआ था। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के बावजूद त्रिपुरा ने सभी मोर्चों पर विकास किया है। उन्होंने कहा, राज्य के लोग सरकार के प्रदर्शन के आधार पर भाजपा का समर्थन करेंगे

# शाह ने तेलुगू फिल्मों के अभिनेता जूनियर एनटीआर से मुलाकात की

**भाषा।** हैदराबाद

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार की रात तेलुगू फिल्मों के मशहूर अभिनेता जूनियर एनटीआर से मुलाकात की। शाह रविवार को एक दिवसीय तेलंगाना दौरे पर आए थे।

शाह ने ट्वीट किया, हैदराबाद में तेलुगू सिनेमा के बेहतरीन अभिनेता जूनियर एनटीआर के साथ बातचीत की। जूनियर एन टी रामाराव तेलुगू देशम पार्टी के संस्थापक और अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन टी रामाराव के बेटे दिवंगत हरि कृष्ण के पुत्र हैं। उन्हें जूनियर एनटीआर के नाम से जाना जाता है। शाह के ट्वीट के जवाब में जूनियर एनटीआर ने लिखा, अमित शाह जी, आपसे मिलकर और बातचीत करके बहुत खुशी हुई। अपनापन भरे शब्दों के लिए शुक्रिया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष एवं सांसद बंडी संजय कुमार ने बताया कि यह एक निजी मुलाकात थी और वह भी उसमें शामिल नहीं हुए। भाजपा के कुछ सूत्रों ने दावा किया कि शाह ने अनुभवी निर्देशक एसएस राजामौली की हाल में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर में जूनियर एनटीआर के अभिनय की सराहना की। ऐसी अटकलें हैं कि जूनियर एनटीआर के प्रशंसकों और तेलंगाना में आंध्र प्रदेश के मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए यह बैठक की गई। अभिनेता ने 2009 में तेलुगू देशम पार्टी के लिए प्रचार किया था, लेकिन उसके बाद से वह पार्टी के मामलों और राजनीति से दूर ही हैं। बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाले जूनियर एनटीआर को हाल में आई आरआरआर फिल्म से राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली। इसके अलावा, शाह ने रामोजी राव से भी मुलाकात की। शाह ने ट्वीट किया, श्री रामोजी राव गारू का जीवन फिल्म उद्योग और मीडिया से जुड़े लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा में नवाचार सीख रहे ग्रामीण विद्यार्थी

**पुरवा।** एमआरआरएस इंटर कॉलेज पुरवा, उन्नाव में इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज (आईएमएएस) लखनऊ तथा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा साइबर सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय मोटिवेशनल कैंप का शुभारंभ किया गया। डॉ. वीपी सिंह ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ. पुनीत मिश्रा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर बताया कि इस आधुनिक युग में यांत्रिक बुद्धिमत्ता बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है और लगातार इस क्षेत्र में विकास हो रहा है और यह स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्त, परिवहन, कृषि आदि क्षेत्रों में कठिन समस्याओं को हल कर सकता है। मोबाइल फोन से लेकर रोबोट और ड्रोन तक अनेक मशीनें कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सहारा लेकर हमारी जीवन को सरल और तेज बना रहे हैं। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के डॉ. सुमन कुमार मिश्रा अपने वक्तव्य में साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि आज के समय में यह विषय हर किसी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर, मोबाइल और इंटरनेट के इस युग में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी संख्या में रोजगार भी पैदा हो रहे हैं। अत: विद्यार्थियों को इस बारे में जानकारी बहुत उपयोगी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और कालेज के प्रबंधक रमेश चंद्र गुप्त ने कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों को लाभ उठाना चाहिए। प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने ऐसे कार्यक्रमों को बेहद उपयोगी बताया। कार्यक्रम समन्वयक अवध किशोर में बताया कि कल पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।



# इमरान खान को आतंकवाद से जुड़े मामले में संरक्षित जमानत

भाषा। इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद** उच्च न्यायालय ने सोमवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आतंकवाद से जुड़े एक मामले में बृहस्पतिवार तक के लिए जमानत दे दी है। गौरतलब है कि इस्लामाबाद में शनिवार को हुई एक रैली में पुलिस, न्यायपालिका और अन्य सरकारी संस्थानों को धमकी देने को लेकर 69 वर्षीय खान के खिलाफ आतंकवाद का मामला दर्ज किया गया है। खान के खिलाफ रविवार को आतंकवाद-विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया। खान ने आज अदालत से अग्रिम जमानत का अनुरोध किया था। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, खान के वकीलों बाबर अवान और फैसल चौधरी द्वारा दी गई अर्जी में कहा गया है कि सत्तारूढ़ पीडीएम (पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट) खान को भ्रष्टाचार और भ्रष्ट नेताओं की निडर आलोचना और बेहद स्पष्ट तथा मुखर रुख के कारण निशाना बना रहा है। अर्जी में कहा गया है, इस दुर्भावनापूर्ण एजेंडा के तहत, वर्तमान सरकार के इशारे पर इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र की पुलिस ने उनके (खान के) खिलाफ झूठा और निराधार मामला दर्ज किया है। अर्जी में कहा गया है कि सरकार ने झूठे आरोपों के तहत इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए सभी हदें पार करने का फैसला किया है और वह किसी भी कीमत पर याचिकाकर्ता (खान) और उनकी पार्टी को फंसाना चाहती है। न्यायमूर्ति मोहसिन अख्तर कयानी ने याचिका पर सुनवाई की और पूछा कि उसपर क्या आपत्ति की गई है। अवान ने न्यायाधीश को बताया कि अर्जी में संबंधित मंच तक पहुंचने से जुड़ी आपत्ति उठाई गई है। इसपर, न्यायमूर्ति कयानी ने कहा कि बायोमेट्रिक से जुड़ी आपत्ति भी जताई गई है। सुनवाई के दौरान अवान ने दावा किया कि इमरान के आवास को घेर लिया गया है और... वह संबंधित अदालत तक भी नहीं जा सकते हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, यह रेखांकित करते हुए कि खान का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, जमानत याचिका में कहा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इस मामले से जुड़ी किसी भी जांच में सहयोग देने को तैयार हैं।



इमरान के समर्थक खुशी जाहिर करते हुए

# पाकिस्तान में कथित ईशनिंदा के मामले में हिंदू सफाईकर्मी गिरफ्तार

भाषा। कराची

**पाकिस्तान में** एक धार्मिक पुस्तक के पन्नों को जलाकर कथित रूप से ईशनिंदा करने के मामले में एक सफाईकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने शुक्रवार को हैदराबाद शहर में हुई कथित ईशनिंदा की घटना को लेकर एक इमारत के सामने प्रदर्शन किया, जहां हिंदू परिवार रहते हैं। इसके बाद हिंदू आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। हैदराबाद में हिंदू समुदाय के एक नेता ने नाम जाहिर नहीं होने की शर्त पर कहा कि पुलिस ने घटना के मामले में सही से जांच किए बिना कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा, हिंदू परिवार रविवार को अपनी इमारत के बाहर टीएलपी के प्रदर्शन के बाद डरे हुए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार शुक्रवार को एक इस्लामी अध्ययन की पुस्तक के पन्नों को कथित रूप से जलाया गया, जिसके बाद टीएलपी ने पूरे हैदराबाद में प्रदर्शन किए और आरोपी के खिलाफ ईशनिंदा का मामला दर्ज करने और उसे गिरफ्तार किए जाने की मांग की थी। प्रमुख हिंदू नेता रवि दवानी ने सिंध सरकार से अपील की कि मामले में निष्पक्ष जांच कराई जाए। टीएलपी को पिछले साल अप्रैल में प्रतिबंधित संगठन घोषित किया गया था। तब फ्रांस में प्रकाशित ईशनिंदा वाले कार्टून के मुद्दे पर इस संगठन के हिंसक प्रदर्शनों के कारण सरकार को फ्रांसीसी राजदूत को निष्कासित करना पड़ा था। इमरान खान ने कट्टरपंथियों के सरकार विरोधी आंदोलन के बाद पिछले साल नवंबर में चरमपंथी समूह को प्रतिबंधित संगठनों की सूची से हटाए जाने की अनुमति दी।

## इराक में भूस्खलन से दरगाह की छत गिरी, सात लोगों की मौत

**बगदाद।** इराक मे पवित्र शहर कर्बला के पास कत्तरात अल इमाम अली की दरगाह की छत भूस्खलन की वजह से गिर गई, जिसकी चपेट मे आने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बचाव एवं राहत कार्य जारी है। उन्होने बताया कि राजधानी बगदाद से 80 किलोमीटर दक्षिण पवित्र कर्बला मे शनिवार को हुए भूस्खलन की वजह से शिया दरगाह की छत गिर गई। इराकी सिविल डिफेंस के मुताबिक भूस्खलन से दरगाह की छत गिर गई और ढांचे के अंदर मलबा भर गया। उन्होंने बताया कि पानी के एक स्रोत के नजदीक स्थित दरगाह के दरवाजे, दीवारें और मीनारें सुरक्षित हैं। सिविल डिफेंस के मुताबिक मृतकों में चार महिलाएं, दो पुरुष और एक बच्चा शामिल है। उन्होंने बताया कि बचाव दल ने छह लोगों को सुरक्षित निकाला है। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने सोमवार को मलबा निकालने और लोगों की तलाश के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल शुरू किया। भूस्खलन के वास्तविक कारणों का अब तक पता नही चला है, लेकिन सिविल डिफेंस ने इसके लिए उच्च नमी को जिम्मेदार ठहराया है।

## अमेरिका, दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया की धमकियों के बीच बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया शुरू

**सियोल।** अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया की बढ़ती परमाणु धमकी के खिलाफ अपनी सुरक्षा मजबूत करने की कवायद के तौर पर सोमवार को बड़े पैमाने पर संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया। यह पिछले कुछ वर्षों मे दोनों देशों का सबसे बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास है। इन अभ्यासो पर उत्तर कोरिया आक्रोशित प्रतिक्रिया दे सकता है। उल्ची फ्रीडम शील्ड अभ्यास दक्षिण कोरिया मे एक सितंबर तक जारी रहेंगे और इसमे विमानों, युद्धक जहाजों, टैंकों तथा संभावित रूप से हजारों सैनिकों के साथ अभ्यास किया जाएगा। अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपने अभ्यासो को रक्षात्मक बताया है जबकि उत्तर कोरिया इन्हे आक्रमण का अभ्यास मानता है। दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय के प्रवक्ता चो जूंग-हून ने बताया कि दक्षिण कोरिया को अभी उत्तर कोरिया के किसी असामान्य गतिविधि को अंजाम देने या अन्य कोई संकेत नही मिला है। गौरतलब है कि अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के साथ कूटनीति के माध्यम से बातचीत करने तथा कोविड-19 वैश्विक महामारी संबंधी चिंताओ के कारण अपने नियमित अभ्यासों मे से कुछ को रद्द कर दिया था। ए नए अभ्यास ऐसे वक्त मे हो रहे है जब उत्तर कोरिया ने पिछले सप्ताह दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक योल के परमाणु निरस्त्रीकरण के कदम उठाने के बदले मे आर्थिक लाभ हासिल करने की पेशकश ठुकरा दी थी।

## रूस ने पुतिन का दिमाग कहे जाने वाले डुगिन की बेटी की हत्या के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया

**मॉस्को।** रूस की शीर्ष खुफिया एजेंसी ने सोमवार को यूक्रेन की गुप्तचर एजेंसियों पर रूसी राष्ट्रवादी विचारक की बेटी की हत्या का षड़यंत्र रचने का आरोप लगाया। केजीबी के बाद रूस की सबसे प्रमुख खुफिया एजेंसी फेडरल सिक्योरिटी सर्विस (एफएसबी) ने कहा कि यूक्रेन की गुप्तचर एजेंसियो ने डारिया डुगिना की हत्या का षड़यंत्र रचा और इसे अंजाम दिया। डुगिना रूस के राष्ट्रवादी विचारक एलेक्जेंडर डुगिन की बेटी थी। पश्चिमी देश डुगिन को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दिमाग बताते है। रूसी खुफिया एजेंसी ने डारिया की हत्या के पीछे एक यूक्रेनी नागरिक का हाथ बताया है, जो वारदात को अंजाम देकर रूस से एस्टोनिया भाग गई है। एजेंसी ने कहा कि संदिग्ध नताल्या वोव्क उसी इमारत के एक अपार्टमेंट मे रहती थी, जहां डुगिना रहती थी। एजेंसी के अनुसार नताल्या उस पर नजर रखती थी। वोव्क उस राष्ट्रवादी महोत्सव मे भी गई थी जिसमे हत्या से कुछ देर पहले एलेक्जेंडर डुगिन और उनकी बेटी ने शिरकत की थी। यूक्रेन पहले ही हत्या मे किसी भी तरह की भूमिका से इनकार कर चुका है।

## चीन में भीषण गर्मी से झाड़ियों में आग लगी, 1500लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण पश्चिमी हिस्से मे भीषण गर्मी और सूखे की वजह से झाड़ियो मे आग लगने के चलते 1500 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है जबकि फैक्ट्रियों मे होने वाली बिजली कटौती की मियाद को बढ़ा दिया गया है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने खबर दी है कि बिजली की मांग कम करने के लिए महानगर चोंगकिंग मे कुछ मॉल बंद कर दिए गए है। सूखे और गर्मी की वजह से फसलें प्रभावित हुई हैं और प्रमुख नदी यांगत्ज़े भी सूख रही है जिससे जलमार्ग से होने वाला यातायात बाधित हुआ है और जलविद्युत बांध से बिजली की आपूर्ति घटी है जबकि एयर कंडीशन चलाने के लिए बिजली की मांग बढ़ी है। सरकारी मीडिया ने कहा कि सरकार बारिश की कोशिश करने के लिए बादलों में रसायन का छिड़काव करने की तैयारी मे है ताकि शरद ऋतु के अनाज की फसल को बचाया जा सके। सिचुआन प्रांत मे बिजली कटौती की मियाद बढ़ाने को लेकर कोई सार्वजनिक घोषणा नही की गई है, लेकिन एक कंपनी के बयान और एक खबर मे सरकारी नोटिस के हवाले से कहा गया है कि बिजली कटौती की मियाद बढ़ाई गई है। वही चोंगकिंग के इलाके मे झाड़ियों मे आग लगी है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की सोमवार की खबर के मुताबिक, 1500 से ज्यादा निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है जबकि करीब पांच हजार असैन्य और सैन्य कर्मियों को आग को बुझाने के काम पर लगाया।

# यूक्रेन परमाणु संयंत्र के पास के इलाके पर गोलाबारी

भाषा। निकोपोल

**यूक्रेन के** मुख्य परमाणु संयंत्र से नदी पार रूसी गोलाबारी में सोमवार को चार लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब कुछ ही घंटे पहले परमाणु आपदा रोकने के लिए क्षेत्र को हमलों से बचाने को लेकर फिर से अंतरराष्ट्रीय अपील की गई।निकोपोल नीपर नदी के दूसरी ओर और ज़ापोरिज्ज्या परमाणु संयंत्र से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थित है। निकोपोल पर कल रात से तीन बार रॉकेट और मोर्टार से हमले किए गए। इसकी चपेट में मकान, एक किंडरगार्टन, बस स्टेशन और दुकानें आईं।मेयर अलेक्ज़ेंडर सैयुक ने कहा कि चार व्यक्ति घायल हो गए जिनमें से दो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास निरंतर गोलाबारी की खबरों ने युद्ध के खतरों को और उजागर किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पिछले सप्ताह यूक्रेन की यात्रा के दौरान फिर से सावधानी बरतने का आग्रह किया था। उसके बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के नेताओं के साथ इस मुद्दे पर और चर्चा की। चारों नेताओं ने संभावित विनाशकारी परमाणु घटना की आशंका को रोकने के लिए क्षेत्र में सैन्य अभियानों से बचने की आवश्यकता पर बल दिया और संयुक्त राष्ट्र की परमाणु ऊर्जा एजेंसी को जल्द से जल्द इकाई का दौरा करने की अनुमति देने का आह्वान किया। हालांकि एक ऐसे युद्ध में कुछ भी निश्चित नहीं लग रहा जिसने पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन में और रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप और मास्को तक भय और बेचैनी फैला दी है। मास्को में एक प्रभावशाली रूसी राजनीतिक की बेटी की शनिवार रात एक कार विस्फोट में मौत हो गई थी। उक्त राजनीतिक को पुतिन का करीबी माना जाता है। सोमवार को, रूसी अधिकारी इसको लेकर और सुराग की तलाश में थे कि उसकी मौत के पीछे कौन हो सकता है। अधिकारियों ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी से संकेत मिलता है कि 29 वर्षीय टेलीविजन प्रस्तोता दारिया दुगीना के वाहन में लगाए गए विस्फोटक में हुए विस्फोट में मौत हो गई।

## यूक्रेन में नवजात बच्चों को बचाने की कोशिश में लगे चिकित्सक

भाषा। पोकरोव्स्क (यूक्रेन)

**पूर्वी यूक्रेन** के पोकरोव्स्क पेरिनेटल अस्पताल के गलियारे में नन्ही वेरोनिका के रोने की आवाज दूर से ही सुनाई दे रही है...समय से पहले जन्मी वेरोनिका का वजन 1.5 किलोग्राम है और उसे सांस लेने में मदद के लिए नाक में नली लगाकर ऑक्सीजन दिया जा रहा है। पीलिया से पीड़ित होने के कारण उसे एक इनक्यूबेटर में रखा गया है। डॉ. टेटियाना मायरोशिनचेंको उसकी देखरेख कर रही हैं। उन्होंने वेरोनिका से बड़ी सावधानी से उन नलियों को जोड़ा है, जिसकी मदद बच्ची की मां का दूध उसे पिलाया जा सके। फरवरी के अंत में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण करने से पहले, देश के युद्धग्रस्त दोनेत्सक क्षेत्र के सरकारी नियंत्रित क्षेत्रों में तीन अस्पताल में समय से पहले जन्मे बच्चों की देखभाल करने की सुविधाएं थीं। इसमें से एक रूसी हवाई हमले में तबाह हो गया, जबकि एक अन्य को युद्ध के कारण बंद करना पड़ा। अब केवल पोकरोव्स्क के अस्पताल में ऐसे बच्चों की देखरेख की व्यवस्था है।

# जयशंकर ने पराग्वे में महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया

भाषा। एसनसियोन (पराग्वे)

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने पराग्वे में महात्मा गांधी की एक आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया और ऐतिहासिक कासा डी ला इंडिपेंडेंशिया की यात्रा की, जहां से दो सदी से भी अधिक समय पहले दक्षिण अमेरिकी देश की आजादी का आंदोलन शुरू हुआ था। जयशंकर दक्षिण अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मकसद से अपनी छह दिवसीय यात्रा के पहले चरण पर ब्राजील पहुंचे। दक्षिण अमेरिका की पहली आधिकारिक यात्रा पर आए जयशंकर पराग्वे और अर्जेंटीना की यात्रा भी कर रहे हैं। उन्होंने रविवार को ट्वीट किया, पराग्वे के एसनसियोन में महात्मा गांधी जी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करके गर्व की अनुभूति हुई। शहर के प्रमुख तट पर इसे स्थापित करने के एसनसियोन नगरपालिका के फैसले की सराहना करता हूं। यह एकता को दर्शाता है, जो कोविड महामारी के दौरान मजबूती से व्यक्त की गई। उन्होंने कहा, ऐतिहासिक कासा डी ला इंडिपेंडेंशिया का दौरा किया, जहां से दो सदी से भी अधिक समय पहले पराग्वे की आजादी का आंदोलन शुरू हुआ था। हमारे साझा संघर्ष और बढ़ते संबंधों के लिए यह उपयुक्त प्रमाण है। इससे पहले, जयशंकर ने शुक्रवार को नई दिल्ली में लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के राजदूतों से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया था।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि जयशंकर की यात्रा का उद्देश्य महामारी के बाद सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाशना है।



## भारत ने श्रीलंका को 21,000 टन से अधिक यूरिया सौंपा

**कोलंबो।** भारत ने सोमवार को एक विशेष सहायता कार्यक्रम के तहत श्रीलंका को 21,000 टन उर्वरक सौंपा। इस कदम से पड़ोसी देश के किसानों को मदद मिलेगी और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। हाल के महीनों मे संकटग्रस्त श्रीलंका को भारत द्वारा दी गई इस तरह की यह दूसरी सहायता है। भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट में कहा, दोस्ती और सहयोग के रिश्ते को आगे बढ़ाया गया। उच्चायुक्त (गोपाल बागले) ने भारत के विशेष समर्थन के तहत औपचारिक रूप से श्रीलंका के लोगों को 21,000 टन उर्वरक की आपूर्ति की है। इससे पहले पिछले महीने 44,000 टन की आपूर्ति की गई थी। यह आपूर्ति 2022 मे भारत द्वारा कुल चार अरब डॉलर की सहायता के तहत की गई।

## टाटा एआईए लाइफ ने बोनस की घोषणा की

**मुंबई।** सबसे तेज़ी से बढ़ती हुई निजी लाइफ इन्शुरन्स कंपनी टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) ने सभी पात्र भाग लेने वाले पॉलिसीधारकों को वित्तीय वर्ष 2022 में 861 करोड़ रुपये का बोनस घोषित किया है। बोनस भुगतान का यह लगातार 5वां वर्ष है और वित्तीय वर्ष 2021 में भुगतान किए गए बोनस से 20 फिसदी ज़्यादा है। 31 मार्च 2022 तक लागू सभी प्रतिभागी पॉलिसीज़ इस वार्षिक बोनस को पाने के लिए पात्र हैं, जिसे पॉलिसीधारकों के लाभों में जोड़ा जाएगा।

# वैश्विक बाजारों में गिरावट से सेंसेक्स ने लगाया 872 अंक का गोता

● निफ्टी 17,500 अंक से नीचे

भाषा। मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में सोमवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 872.28 अंक लुढ़ककर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 17,500 अंक से नीचे आ गया। वैश्विक वृद्धि को लेकर चिंता और केंद्रीय बैंकों के आक्रामक रुख को लेकर चिंता से दुनियाभर के शेयर बाजारों में गिरावट का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में नुकसान में खुला और अंत में 872.28 अंक यानी 1.46 प्रतिशत लुढ़ककर 58,773.87 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 267.75 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,490.70 अंक पर बंद हुआ। आईटीसी और नेस्ले इंडिया को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी शेयर नुकसान में रहे। टाटा स्टील सबसे अधिक 4.50 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा एशियन पेंट्स, विप्रो, सन फार्मा, लार्सन एंड टुब्रो,बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन के नीतिगत दर को लेकर आक्रामक बयान के बाद डॉलर सूचकांक के मजबूत होने, चीन में संपत्ति बाजार में समस्या के बीच वैश्विक बाजारों में नरमी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कड़ी मौद्रिक नीति रुख अपनाए जाने की आशंका और वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में नरमी को लेकर चिंता से बाजार में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि डॉलर सूचकांक के बढ़ने और अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ना बाजार के लिए निकट भविष्य में चुनौतियां हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिका में वॉल स्ट्रीट में शुक्रवार को नुकसान रहा था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95.80 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को।,110.90 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।



## बाजार में दो दिन की गिरावट से निवेशकों को 6.57 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार मे पिछले दो कारोबारी सत्रों की गिरावट से निवेशकों को 6.57 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 872.28 अंक यानी 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,773.87 अंक पर बंद हुआ। पिछले दो सत्रों मे सेंसेक्स।,524.13 अंक यानी 2.52 प्रतिशत नीचे आ गया है। इस गिरावट से बीएसई मे सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,57,758.04 करोड़ रुपए घटकर 2,73,95,002.87 करोड़ रुपए पर आ गया। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, हाल की तेजी के बाद बाजार मे गिरावट आना तय था। सितंबर बैठक मे अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख की आशंका एक नई चिंता है। इसके साथ डॉलर सूचकांक के मजबूत होने से निवेशकों मे थोड़ी चिंता बढ़ी और बैंक, आईटी, धातु तथा रियल्टी शेयरों मे बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

## सात प्रमुख शहरों में पहली छमाही में महंगे घरों की बिक्री बढ़कर 25,680 इकाई पर

भाषा। नई दिल्ली

**देश के सात** प्रमुख शहरों में पहली छमाही के दौरान डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की कीमत वाले घरों या फ्लैटों की बिक्री बढ़कर 25,680 इकाई पर पहुंच गई। एनारॉक के अनुसार, महंगे फ्लैटों की बिक्री का आंकड़ा पिछले तीन साल की सालाना बिक्री से अधिक है। इस साल की पहली छमाही में मुंबई महानगर क्षेत्र का महंगे फ्लैटों की कुल बिक्री में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान रहा। एनारॉक ने कहा कि लक्जरी या महंगे आवास खंड ने इस साल अच्छा प्रदर्शन किया है और डेवलपर्स द्वारा दी गई छूट और एनआरआई की मांग से बिक्री बढ़ी है।

**PUBLIC NOTICE**

I, FAISAL SAYEED holder of Indian Passport No: N2797488 issued at DUBAI on 26/11/2015 and Permanent Resident of 3 SAKET VIHAR KHURRAM NAGAR LUCKNOW U P and presently working at FLAT NO.1503 MANAZEL ALSAFA BUSINESS BAY DUBAI do hereby change my name from FAISAL SAYEED to FAISAL (Given name) SAYEED SIDDIQUI (Surname) with immediate effect

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुव्किल दीपक कुमार निवासी–WZ–93, 2nd flr, गजराज सिंह कॉम्प्लेक्स, पश्चिम विहार, दिल्ली –63 और अमित कुमार निवासी–643, Pkt-6,Sec B-4,DDA फ्लैट, नरेला, दिल्ली–40 पुत्र रमेश कुमार ने अपने भाई सुमित कुमार और उनकी पत्नी प्रिया निवासी–72, 6th फ्लोर, ब्लाक–A6,Pkt-1A, सेक्टर-A1-A4,नरेला,दिल्ली–40 से उनके दुर्व्यवहार के कारण अपने सभी संबंध तोड़ लिए हैं। यदि कोई उनके साथ किसी भी तरह का व्यवहार करता है तो वह अपने जोखिम पर ऐसा करता है। मेरे मुव्किल इसके लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे।

Ramesh Chander (Adv),
Chamber-68, Western Wing,Tis Hazari Court,Delhi.

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Satpal & Mr. Harish Chand has acquired the Built up property no. 1019, area measuring 158 sq. yds. out of khasra no. 1151/3, situated at Ward no. 7, Mehrauli, New Delhi vide Relinquishment deed dated 29.01.1999 executed by Mrs. Premwati & Mrs. Kaushliya Rani and Now, Mr. Kapil Arora, Mr. Satpal & Mr. Harish Chand are mortgaging the above said property with Fullerton India Credit Company Limited & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. N.S Sohal has acquired the Plot no. 23, Land area measuring 294.483 sq. mtrs. in Block-A, in the layout plan of The Shakti CHBS Ltd. situated at Paschim Vihar, New Delhi-110063 vide Conveyance deed dated 21.06.2007 as Doc. no. 11672. Unfortunately, Mr. N.S Sohal expired and leaving behind Mrs. Baljit Kaur (wife), Mr. Harminder Singh Sohal and Mr. Parmidner Singh Sohal (son) are the legal heirs of the said property and Now, Mrs. Baljit Kaur (wife), Mr. Harminder Singh Sohal and Mr. Parmidner Singh Sohal (son) are intending to sell the said property to Mrs. Aruna Aneja and he is mortgaging the above said property with Kotak Mahindra Bank & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड** — **कब्जा सूचना**

**कार्पोरेट कार्यालय :**– महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई–400 018, भारत, फोन : +91 22 66523500, फैक्स : +91 22 24972741
**आंचलिक कार्यालय :** एलडीए कालोनी, बी–2/बी–70, कानपुर रोड, निकट फीनिक्स मॉल, लखनऊ
**शाखा कार्यालय :** एफ/एफ, प्लॉट नंबर 17, संजय नगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर, निकट विशाल मेगा मार्ट और पीएनबी बैंक, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश– 201001

**(अचल सम्पत्ति के लिए) (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के अधीन)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है), जिसका पंजीकृत कार्यालय **लखनऊ** में और शाखा कार्यालय **गाजियाबाद** में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन आप कर्जदारों (नाम और पता नीचे वर्णित) को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उक्त सूचना में वर्णित बकाया राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।

उपरिवर्णित कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा उपरिवर्णित कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्ति का **कब्जा** इस 7 तारीख को ले लिया है।

विशेष रूप से उपरिवर्णित कर्जदारों को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (एलसी नंबर : 859799 गाजियाबाद शाखा) अरूण कुमार (कर्जदार) माया देवी (सह कर्जदार) दिनेश कुमार (सह कर्जदार) | खसरा नंबर 1275, ग्राम गढ़ी, मोहल्ला सिद्दीकपुरा पिलखुवा, गाजियाबाद–हापुड़, उत्तर प्रदेश– 245304, प्लॉट एरिया 429.498 वर्ग फीट पूरब : अन्य प्लॉट, पश्चिम : दयावती का प्लॉट, उत्तर : सीताराम की भूमि, दक्षिण : रोड 10 फीट | 30/5/2022 रू. 7,58,863/– | 19-08-2022 सांकेतिक कब्जा |
| 2. | (एलसी नंबर : 743816 गाजियाबाद शाखा) हजमुद्दीन (कर्जदार) हनीफ खान (सह कर्जदार) | खसरा नंबर 826 ए. एच. नंबर 485/1, ग्राम मसूरी, परगना डासना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश– 201001, प्लॉट एरिया 447.26 वर्ग फीट पूरब : रोड 14, पश्चिम : फैसल का प्लॉट, उत्तर : अन्य प्लॉट, दक्षिण : अन्य प्लॉट | 30/5/2022 रू. 10,14,294/– | 19-08-2022 सांकेतिक कब्जा |

स्थान : दिल्ली, आगरा तिथि : 23–08–2022 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

## वाहन कलपुर्जा उद्योग को चालू वित्त वर्ष में कारोबार में दो अंक में वृद्धि की उम्मीद

भाषा। नई दिल्ली

**वाहन कलपुर्जा** उद्योग को चालू वित्त वर्ष में दो अंकीय वृद्धि की उम्मीद है। उद्योग ने वित्त वर्ष 2021-22 में सबसे अधिक कारोबार दर्ज किया था।वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एसीएमए) के अनुसार, इस क्षेत्र ने पिछले वित्त वर्ष में 4.2 लाख करोड़ रुपए का कारोबार किया, जो 2020-21 की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान यात्री और वाणिज्यिक वाहनों के उत्पादन में क्रमश: 20 प्रतिशत और 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वाहनों की बिक्री मांग बढ़ने और आपूर्ति पक्ष की बाधाएं कम होने से बढ़ीं।

# एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने ब्याज दर 0.50 प्रतिशत बढ़ाई

भाषा। नई दिल्ली

**देश की** प्रमुख आवास वित्त कंपनी एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) ने अपनी प्रधान उधारी दर (पीएलआर) 0.50 प्रतिशत बढ़ाकर आठ प्रतिशत कर दी है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएलआर मानक ब्याज दर है जिससे एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का आवास ऋण जुड़ा हुआ है। इस वृद्धि के साथ आवास ऋण पर ब्याज दर अब आठ प्रतिशत से शुरू होगी। नई ब्याज दर सोमवार से से प्रभाव में आ गई है। इससे पहले आवास ऋण पर ब्याज दर 7.50 प्रतिशत से शुरू होती थी। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वाई विश्वनाथ गौड़ ने बयान में कहा कि एलआईसी एचएफएल की ब्याज दरों में बढ़ोतरी बाजार में मौजूदा स्थिति के अनुरूप है। उन्होंने कहा, रिजर्व बैंक ने पांच अगस्त को मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि की है.... रेपो दर में बढ़ोतरी से ईएमआई या आवास ऋण की अवधि में कुछ उतार-चढ़ाव आया है, इसके बावजूद घरों की मांग मजबूत रहेगी। गौरतलब है कि आरबीआई ने पिछले तीन मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो में 1.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। रेपो दर में वृद्धि के बाद कई बैंकों ने भी ब्याज दरें बढ़ाई हैं।

## सुखमल जैन बीपीसीएल के निदेशक-विपणन नियुक्त

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने सोमवार को सुखमल जैन को निदेशक (विपणन) नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि जैन अभी तक कॉरपोरेट कार्यालय में कार्यकारी निदेशक प्रभारी (विपणन कॉरपोरेट) थे और इससे भी पहले वह गैस कारोबार इकाई के प्रमुख थे। जैन ने कंपनी के साथ अपने 35 साल के कार्यकाल में खुदरा, एलपीजी और गैस क्षेत्रों में काम किया है। इसके अलावा जैन, गोवा नैचुरल गैस प्राइवेट लिमिटेड (जीएनजीपीएल) के चेयरमैन भी हैं। इससे पहले, वह सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड के चेयरमैन और भारत गैस रिसोर्सेज लिमिटेड (बीजीआरएल) के बोर्ड में निदेशक थे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

LOST & FOUND

I, Khadija D/o. Arshad, R/o.832, Katra Hiddu, Farashkhana, Lahori Gate, Delhi have actually lost my original marksheet / certificate of 10th Roll No. 6344910 (CBSE Delhi, 2009), 12th Roll No.9639702 (CBSE Delhi, 2011) And B.A. (H) Arabic Mark-Sheet Roll No.11085206004 (Zakir Hussain College, DU, 2014) all Semester.

PD(90154)A

# ग्रामीणों के हमले में एसओ समेत छह पुलिसकर्मी घायल

## विवाद सुलझाने गई पुलिस टीम ने भाग कर जान बचाई

संवाददाता। चंदौली





**रविवार** को दो पक्षों में विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया । जिसमें एसएचओ सहित 6 पुलिसकर्मी घायल हो गए साथ ही ग्रामिणों ने पुलिस पर पथराव कर उनकी जीप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया । सूचना के बाद एसपी समेत कई थानों की फोर्स मौके पर तैनात की गई वहींए घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया फ्लिहाल पुलिस आरोपियों की धड़पकड़ कर रही है ।एसपी चंदौली अंकुर अग्रवाल के अनुसारए रविवार को चंदौली के कंदवा थाना क्षेत्र के कोदई गांव में पिछले दिनों एक होम गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी जिसमें पड़ोस के गांव वाले एक व्यक्ति पर हत्या की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था । पुलिस मामले की जांच कर रही है कि इसी बीच रविवार की रात मृत होम गार्ड का बेटा आरोपी के घर पहुंचकर गाली.गलौज करने लगा । जिसका विरोध करने पर वह मारपीट पर उतारू हो गया । वहींए मामला बढ़ता देख दूसरे पक्ष ने डायल 112 पुलिस को सूचित कर दिया पुलिस मौके पर पहुंचकर मामला समझाने में जुटी थी तभी ग्रामीण पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी करने लगे और धक्का.मुक्की की गई । सूचना पर कंदवा थाना प्रभारी मय फोर्स पहुंच सख्ती करने पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और पुलिस पर हमला बोल दिया । ग्रामीणों के इस हमले में एसएचओ कंदवा राजेश सरोज समेत करीब 6 पुलिसकर्मी घायल हो गए । घायल पुलिसकर्मियों का इलाज चल रहा है ।वहींए घटना में शामिल अपराधियों की धर पकड़ की जा रही है। पुलिस से जुड़े लोगों के अनुसारए ग्रामीणों के हमले के बाद पुलिस पूरी तरह से बैकफुट पर आ गई और किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई । सूचना के बाद सैयदराजा और धीना थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी इसके अलावा एसपी चंदौली भी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया । वहींए घायल पुलिस कर्मियों को जिला अस्पताल की बजाय गाजीपुर के जमानियां भेज दिया गया । एसपी ने बताया कि घायल एसओ व पीड़ित पक्ष की ओर से 23 नामजद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की धरपकड़ में जुटी है। कुछ आरोपितों को गिरफ्तार भी किया गया है। शेष आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

# महाकाल का श्रृंगार देख श्रद्धालु अभिभूत

## श्री कालभैरव मंदिर से लगायत भैरोनाथ चौराहे तक को सुगन्धित फूलों से सजाया गया था और देर रात तक प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा

पायनियर समाचार सेवा ।वाराणसी



**श्री श्री** 1008 बाबा कालभैरव जी का हरियाली श्रृंगार सोमवार को सुबह से किया गया। श्रृंगार में गुलाब, बेला, चम्पा, चमेली, कौवाठोठी, गेंदा सहित विभिन्न प्रकार के सुगन्धित फूलों से महाकाल का श्रृगार किया गया था। दोपहर में अपराह्न दो बजे मंदिर के पुजारी पं0 विश्वनाथ प्रसाद पाण्डेय ने श्री कालभैरव की आरती की उसके पश्चात बाबा का दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को मंदिर की कपाट खोल दिया गया। मंदिर के महंत एवं कार्यक्रम संयोजक पं0 राजेश मिश्र ने बताया कि काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव जी का सायं काल पांच बजे श्री काशी विश्वनाथ न्यास परिषद के पूर्व सदस्य एवं कर्मकांडी पं0 राजकृष्ण मालवीय के आचार्यत्व में आधा दर्जन ब्राह्मणों ने विधि-विधान से बाबा का वासंतिक पूजन करवाया। सर्वप्रथम बाबा को पंचामृत से स्नान, नवीन वस्त्र धारण कराया गया तथा भोग में अनेकों प्रकार के फल-फूल, मिष्ठान, मेवा एवं द्रव्य भोग में चढ़ाया गया। पूरे मंदिर प्रांगण से लगायत भैरोनाथ चौराहे तक झालरों एवं विभिन्न प्रकार के सुगन्धित फूलो से सजाया गया था। वासंतिक पूजन एवं अन्य पूजन करने के बाद महाकाल की आरती सायं काल मंदिर के महंत पं0 राजेश मिश्र एवं रमेश उपाध्याय ने विधि विधान से किया । इसके पश्चात मंदिर का प्रांगण आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया जो देर रात तक चलता रहा। रात्रि साढ़े 12 बजे मंदिर के महंत पं0 राजेश मिश्र, मुकेश मिश्र एवं बबलू पंडित ने बाबा महाकाल की 1008 बत्तियों से महाआरती की। मंदिर में सायं काल से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जा रहा था।

# शिवलिंग पूजा की अनुमति के लिए सुनवाई 29 को

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग की आकृति की पूजा-राग, भोग आरती करने को लेकर दाखिल वाद की सुनवाई अब 29 अगस्त को होगी। सोमवार को सिविल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में पक्षकार बनाए गए विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट की तरफसे अधिवक्ता रवि कुमार पांडेय हाजिर हुए जबकि अन्य पक्षकारों डीएम, पुलिस आयुक्त को जारी आदेश उनके कार्यालयों में प्राप्त करा दी गई। पीठासीन अधिकारी के किसी मुआयना में होने के कारण कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 29 अगस्त तय कर दी। एक अन्य पक्षकार अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी कोर्ट में पहले ही हाजिर हो चुका है। दिल्ली निवासी विश्व हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता व खजूरी निवासी अजीत सिंह ने अधिवक्ता मंगला प्रसाद पाठक और अभिषेक पाठक के जरिए वाद दाखिल किया है। ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग को अविमुक्तेश्वर महादेव बताते हुए उनके नियमित दर्शन-पूजन की मांग की है।

## सारेगामापा लिटिल का 9वॉ सीजन जल्द होगा लांच

पायनियर समाचार सेवा ।वाराणसी

एक बार फिर बेमिसाल सिंगिंग उस्तादों को सबसे बड़े मंच पर चमकने का एक और शानदार मौका दे रहा है ज़ी टीवी ! पिछले आठ सीजन्स को मिले जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बाद अब ज़ी टीवी अपने पॉपुलर नॉन-फिक्शन शो सारेगामापा लिटिल चौंप्स का 9वां सीज़न लॉन्च करने जा रहा है।इस शो के जजों के रूप में शंकर महादेवन और अनु मलिक के नामों की घोषणा करने के बाद अब इस चौनल ने मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह को सारेगामापा लिटिल चौंप्स के आगामी सीज़न की होस्ट के रूप में चुना है। जहां हम सभी सारेगामापा लिटिल चौंप्स के नए सीज़न के लिए उत्साहित हैं, वहीं देश भर में पहले ही ऑडिशंस की शुरुआत हो चुकी है और जल्द ही दिल्ली, बेंगलुरु और नागपुर जैसे शहरों में ऑडिशंस आयोजित किए जाएंगे।इस बीच आप भी बने रहिए ज़ी टीवी पर जहां जल्द होने जा रहा है सारेगामापा लिटिल चौंप्स का प्रीमियर!

## मथुरा में श्रद्धालुओं की मदद के लिए जल्द ही बांके बिहारी कॉरिडोर बनाएगी सरकार

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने सोमवार को कहा कि प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की मदद के लिए जल्द ही बांके बिहारी कॉरिडोर बनाएगी। उप्र के गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा किं गलियारे के जरिए एक बार में 50 हजार से अधिक भक्तों को दर्शन करने की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर का निर्माण इस तरह किया जाएगा कि श्रद्धालु पवित्र यमुना में डुबकी लगाकर सीधे कॉरिडोर से मंदिर पहुंच सकें। मंत्री ने कहा कि मंदिर की प्राचीन संरचना को बरकरार रखते हुए मंदिर का क्षेत्र विशेष रूप से चौक (खुला क्षेत्र जहां से श्रद्धालु दर्शन करते हैं) का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरफ से कोई बाधा नही आएगी क्योंकि कॉरिडोर के लिए जमीन देने वाले लोगों को उचित दरों पर मुआवजा मिलेगा। गौरतलब है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रात मंगला आरती के समय मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं के अचानक जमा होने के बाद मची भगदड़ में दम घुटने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और सात अन्य घायल हो गए थे।

## गाजीपुर में नहर में डूब कर दो किशोरों की मौत

**गाजीपुर ।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के सुहवल थाना क्षेत्र में नहर में नहाते समय दो किशोरों की डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सुहवल थाना क्षेत्र के उतरौली गांव से होकर जाने वाली नहर में नहाने गए त्रिलोकपुर गांव निवासी विक्रम राम (16) तथा राकेश राम (15) गहरे पानी में डूबने लगे। उन्होंने बताया कि आसपास के लोग तत्काल प्रयास कर दोनों को नहर से निकालकर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, उपजिलाधिकारी ने बताया कि दोनों मृतकों के परिजनों को नियमानुसार सरकारी सहायता दिलाई जाएगी।

# विपक्षियों को झूठे मुकदमों में जेल भेज रही भाजपा

भाषा। आजमगढ़



**ये बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई जैसे बुनियादी सवालों का जवाब देने से बचने का है तरीका**

**समाजवादी** पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का हिस्सा करार देते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई जैसे बुनियादी सवालों का जवाब देने से बचने के मकसद से जनता का ध्यान हटाने के लिए विपक्षी नेताओं को चिह्नित कर झूठे मुकदमों में जेल भेजा जा रहा है।

यादव ने वर्ष 1998 में बलवा और चक्का जाम के एक मामले में गत जुलाई में जेल भेजे गए फूलपुर पवई क्षेत्र से सपा विधायक रमाकांत यादव से कारागार में मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि रमाकांत को 20 साल से ज्यादा पुराने मामले में जानबूझकर सरकार के इशारे पर जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि लगातार उनके खिलाफ झूठे मुकदमे सरकार के इशारे पर दर्ज किए जा रहे हैं और सरकार चाहती है कि वह जेल से नहीं निकल पाएं। उन्होंने इस प्रकरण को भाजपा की वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़ते हुए कहा, देश में जो दिखाई दे रहा है, पता नहीं भाजपा क्यों 2024 की अभी से तैयारी कर रही है। विपक्ष के लोगों पर झूठे मुकदमे लगाना, उनके ऊपर प्रशासन से गलत कार्वाई कराना, यह (भाजपा) 2024 की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, क्योंकि ए बेरोजगारी का जवाब नहीं देना चाहते, महंगाई क्यों लगातार बढ़ती चली जा रही है, उसका जवाब नहीं है इनके पास, इसीलिए जानबूझकर जनता का ध्यान हटाने के लिए और विपक्ष के नेता आवाज ना उठाएं इसीलिए उन्हें चिन्हित कर करके उन्हें झूठे मुकदमे में जेल भेजा जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दिल्ली में आप आदमी पार्टी सरकार के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ हुई कार्वाई की तरफ इशारा करते हुए किसी का नाम लिए बगैर कहा किसी पर भी झूठे मुकदमे में लग सकते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स कह रहा है कि दिल्ली में शिक्षा बेहतर हुई है लेकिन सरकार स्वीकार नहीं कर पा रही है। देखिए क्या मुकदमा लगा दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अपना सदस्यता अभियान खत्म होने के बाद और बड़ा फैसला लेकर सरकार के खिलाफ खड़ी दिखाई देगी। यादव ने कहा कि चाहे आजमगढ़ में रमाकांत यादव हो या रामपुर में आजम खां हों, पर झूठे मुकदमे लगाए गए। केवल इन दो नेताओं नहीं, तमाम नेता हैं जिनके खिलाफ झूठे मुकदमे लगा कर सरकार ने उन्हें जेल भेजा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले एक इत्र व्यापारी पर छापा मारा गया था और बताया गया कि वह व्यापारी समाजवादी पार्टी का समर्थक है लेकिन अगर आज भी आप जांच करेंगे तो पाएंगे कि वह व्यक्ति भाजपा का था और जो 200 करोड़ से अधिक धन उसके यहां पकड़ा गया, वह सब भाजपा के नेताओं का था। उन्होंने पिछले जून में आजमगढ़ लोकसभा के उपचुनाव में सपा की पराजय के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा हमें आजमगढ़ की जनता पर पूरा भरोसा है कि जब 2024 का चुनाव होगा तो पूरा का पूरा वोट सूद समेत वापस होगा।

# ट्रक, वैन की टक्कर में एक ही परिवार की चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के बेहट थाना इलाके में रविवार देर रात एक ट्रक और वैन की टक्कर में एक ही परिवार की चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी ।सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूरज राय ने पीटीआई- भाषा को बताया कि रविवार रात ग्राम मिर्जापुर निवासी आदिल (25) उसकी गर्भवती पत्नी आसमां (24) , मशकूर (26) और उसकी पत्नी रुखसार (27), रिहाना (38) , सुल्ताना (35) और फुरकाना (38) एक मारुति वैन में सवार होकर गर्भवती आसमां का अल्ट्रासाउंड कराने और एक अस्पताल में भर्ती परिवार की एक महिला को देखने सहारनपुर आए थे। उन्होंने बताया कि यहां से देर रात वापस जाते हुए दिल्ली-यमुनोत्री राजमार्ग पर एक ट्रक ने इनकी वैन में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वैन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राय ने बताया कि हादसे में आदिल, उसकी पत्नी आसमां, मशकूर और उसकी पत्नी रुखसार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रिहाना, सुल्ताना और फुरकाना को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान रिहाना और सुल्ताना ने सोमवार को सुबह दम तोड़ दिया। फुरकाना की हालत भी गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

## ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवकों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** जिले के जानसठ क्षेत्र में तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी, जिसमें स्कूटी सवार दो युवकों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जानसठ थाना क्षेत्र में बिजनौर-मुजफ्फरनगर मार्ग पर रविवार रात को सालारपुर गांव के नजदीक तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार अंकित (22) और आदित्य (23) की मौत हो गई जबकि विश्वा (24) नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक तीनों युवक बिजनौर से मुजफ्फरनगर जा रहे थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के केराकत क्षेत्र में तेज गति से आ रहे ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिससे मोटरसाइकिल सवार एक युवक और उसके बहनोई की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम पचवर गांव निवासी जोगेंद्र सरोज का 24 वर्षीय बेटा सूरज अपनी बहन सुनीता और बहनोई श्याम बली (32) को मोटरसाइकिल से उनके घर छोड़ने जा रहा था। रास्ते में केराकत-जौनपुर मार्ग पर हुरहुरी गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास केराकत की तरफ से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि घटना में मोटरसाइकिल सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# गोरखनाथ मंदिर को कथित रूप से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**महाराजगंज।** उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिला पुलिस ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर को कथित रूप से उड़ाने की धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने दोस्त से उधार लिए गए पैसे को वापस न करने के लिए अपने दोस्त के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई और गोरखनाथ मंदिर को विस्फोट करने की धमकी वाला संदेश पोस्ट किया। साइबर सेल और महराजगंज पुलिस की टीम ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से दो मोबाइल फोन और एक सिम बरामद किया है। महराजगंज के पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व आरोपी ने फेसबुक पर एक संदेश पोस्ट किया था कि गोरखनाथ मंदिर को बम से उड़ा दिया जाएगा। मामले की जांच कर रही साइबर सेल व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के मटिहानिया निवासी मुबारक अली को गिरफ्तार कर लिया ।उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि मुबारक अली ने कोतवाली थाना क्षेत्र के कोटा मुकुंदपुर गांव निवासी बसालत अली से 40,000 रुपए उधार लिए थे। अधिकारी ने बताया कि बसालत अली ने जब उससे पैसे वापस करने के लिए कहा तो उसे फंसाने की नियत से मुबारक अली ने उसके नाम से एक सिम कार्ड ले लिया। पुलिस ने बताया कि मुबारक ने बसालत अली का और एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई और उसे पुलिस मामले में फंसाने के लिए धमकी भरा संदेश पोस्ट किया।

## मुख्यमंत्री योगी पर अभद्र टिप्पणी के मामले में ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ प्राथमिकी

**फिरोजाबाद।** जिले के जसराना थाने की पुलिस ने योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी के मामले में एक ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अखिलेश नारायण ने बताया कि हाथवंत ब्लॉक के प्रमुख सुरेश यादव के खिलाफ जसराना निवासी राजेश अली ने पुलिस को एक तहरीर दी, जिसमें एक ऑडियो के हवाले से आरोप लगाया कि ब्लॉक प्रमुख यादव ने बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए अभद्र टिप्पणी की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया था।

# युवाओं में नई चेतना के लिए मोदी ने अगले 25 साल को भारत का अमृत काल घोषित किया : आरिफ

**बहराइच।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं में नई चेतना पैदा करने के लिए अगले 25 साल-भारत के अमृतकाल घोषित किया है ताकि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपनों को पूरा किया जा सके। बहराइच में रविवार की रात रोटरी क्लब द्वारा आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों की तमन्ना थी कि आने वाली नस्लें स्वाभिमान से जिएं, इसी सपने को साकार करने तथा देश के युवाओं में एक नई चेतना पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री ने अगले 25 साल अमृत काल घोषित किए हैं। उन्होंने कहा कि हममें से बहुत से लोग आजादी का सौवां वर्ष तो शायद ना देख सकें, लेकिन युवा पीढ़ी के लिए इस अमृत काल या अमृत महोत्सव की घोषणा एक नई चेतना पैदा करने के लिए की गई है, जिससे आजादी के सौ साल पूरे होने या उससे पहले हम अपने उन स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार कर सकें जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपनी कुर्बानियां दी हैं। खान ने कहा, कुर्बानी देते समय उन स्वतंत्रता सेनानियों ने ना तो आजादी की सुबह को देखने का सोचा होगा और ना ही वह आजादी की सुबह देख सके, लेकिन उन्होंने इतनी तपस्या, इतना त्याग और कुर्बानियां सिर्फ इसलिए दीं ताकि भारत में आने वाली नस्लें स्वाभिमान के साथ सर उठा के चल सकें। उन्होंने कहा कि आज देश की बड़ी आवश्यकता अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को शिक्षा देने और शिक्षा के लिए आधारभूत ढांचा प्रदान करने की है। खान अपने दो दिवसीय दौरे पर बहराइच आए हैं।

# नहर में दुष्कर्म पीड़िता का शव मिला

**बाराबंकी।** जिले के बद्दूपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पुलिस ने नहर से एक युवती का शव बरामद किया जिसकी शिनाख्त सीतापुर के संदना थाना क्षेत्र की रहने वाली एक दुष्कर्म पीड़िता के रूप में हुई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सीतापुर के थाना संदना क्षेत्र की रहने वाली एक दुष्कर्म पीड़िता का शव संदिग्ध हालात में बाराबंकी के थाना बद्दूपुर ग्राम काजी बेहटा के निकट गत शनिवार शाम को इंदिरा नहर में तैरता मिला। उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही थी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) उत्तरी पुनेन्द्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार पीड़िता की मौत नहर में डूबने से हुई है।

परिजनों के हवाले से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने बताया कि संदना थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता 18 अगस्त को घर से पेशी के लिए जिला मुख्यालय सीतापुर निकली थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। पुलिस के मुताबिक, परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। उसके पिता ने अगले दिन संदना थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी बेटी दुष्कर्म पीड़िता है और वह लापता है। पुलिस के मुताबिक, पिता ने दुष्कर्म में शामिल आरोपियों पर युवती को अगवा करने के बाद उसकी हत्या करने की आशंका जताई थी। सीतापुर पुलिस ने इस सिलसिले में अपहरण का मामला भी दर्ज किया है। पीड़िता का शव संदिग्ध हालात में जिले के थाना बद्दूपुर ग्राम काजी बेहटा के इंदिरा नहर में पाया गया। एएसपी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और जांच रिपोर्ट में युवती की पानी में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। उसके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आन बाकी है, शान बाकी है, तू जो है हिंदुस्तान बाकी है

पायनियर समाचार सेवा ।वाराणसी



**सब धर्मों** ने राह दिखाई सच की जोत जलाई है, हम संस्कारित होते रहते मंत्रो और अजानों सेश् शायर डॉ. नसीमा निशा ने जैसे ही यह शेर पढ़ा समूचा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। अवसर था आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में डीएवी पीजी कॉलेज के उर्दू विभाग के तत्वावधान में सोमवार को आयोजित 'जश्ने आजादी रू मुशायरे' का। मुशायरे में शहर के कई नामचीन शायरों और कवियों ने शिरकत कर कविताओं, नज्मो और शेरो शायरी के जरिये कौमी एकता का संदेश दिया। प्रख्यात शायर आलम बनारसी ने आन बाकी है, शान बाकी है, तू जो है हिंदुस्तान बाकी है सुनाया तो शायर अहमद आजमी ने 'मंदिर-मस्जिद न तो गिरिजा शिवाला चाहिए, भूखा जो इंसान है उसको निवाला चाहिए' सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। विख्यात कवियत्री डॉ. मंजरी पाण्डेय ने 'कुछ इस अंदाज से इस देश की जीनत बढ़ाते है, दिए मिल्लत की हम तो मंजरी हर पल जलाते है, मिसालें मिल नही सकती हमारे भाईचारे की, की हम होली, दीवाली, ईद मिल जुल कर मानते है' सुनाया तो विभा शुक्ला ने 'बहुत घुटन है दिलों जिगर में सुलग रही है सभी सदाये, चलो यहाँ से चले वहाँ, यहाँ बहुत है गर्म हवाएं' सुनाया। शायर हशम तुराबी ने श्तेरे गम बाटकर मुझको बड़ी तस्कीन मिलती थी, मेरा दिल कह रहा फिर तेरे आँसू चुराने कोश् सुनाया तो नफीस बानो ने 'मैंने किस्मत कहा तीरा सखी को अपनी, झिलमिलाते हुए सम्त से जुगनू आये सुनाया। इसके अलावा प्रोफेसर अनूप कुमार मिश्रा, डॉ. राकेश कुमार द्विवेदी, सुहैल उस्मानी, जमजम रामनगरी, विकास कुमार आदि ने भी कविता एवं शायरी सुनाई। अध्यक्षता विदुषी डॉ. अनुराधा बनर्जी ने किया। स्वागत एवं संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. हबीबुल्लाह ने किया। संचालन अब्दुला एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. तमन्ना शाहीन ने दिया।

पायनियर
नई दिल्ली ,मंगलवार,23 अगस्त, 2022



# भारत ने जिंबाब्वे का किया सफाया

- गिल और गेंदबाजों ने जीत दिलाई
- 3-0 से सीरीज पर कब्जा किया

**भाषा।** हरारे

शुभमन गिल के करियर के पहले अंतरराष्ट्रीय शतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने बेहद करीबी मैच में जिंबाब्वे को सोमवार को यहां 13 रन से हराकर तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया। भारत के 290 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम आवेश खान (66 रन पर तीन विकेट), अक्षर पटेल (30 रन पर दो विकेट), कुलदीप यादव (38 रन पर दो विकेट) और दीपक चाहर (75 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 49.3 ओवर में 276 रन पर सिमट गई। सिकंदर रजा (95 गेंद में 115 रन, नौ चौके, तीन छक्के) और ब्रेड इवान्स (28) ने आठवें विकेट के लिए 104 रन जोड़कर उलटफेर की उम्मीद जगाई लेकिन टीम ने अंतिम तीन विकेट सिर्फ तीन रन पर गंवा दिए। सीन विलियम्स (46 गेंद में 45 रन) ने भी उपयोगी पारी खेली। जिंबाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में यह भारत की लगातार 15वीं जीत है। भारत ने यहीं तीन जून 2010 को सात विकेट की हार के बाद से जिंबाब्वे के खिलाफ कोई एकदिवसीय मैच नहीं गंवाया है। गिल ने 97 गेंद में 15 चौकों और एक छक्के की मदद से 130 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन (61 गेंद में 50 रन, छह चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने आठ विकेट पर 289 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिंबाब्वे ने तीसरे ओवर में ही इनोसेंट काइया (06) का विकेट गंवा दिया जिन्हें चाहर ने पगबाधा किया। डीआरएस लेने पर फैसले भारत के पक्ष में गया। विलियम्स ने आते ही तेवर दिखाए। उन्होंने आवेश पर चौका जड़ने के बाद चाहर पर भी दो चौके मारे। सलामी बल्लेबाज ताकुदवनाशे काइतानो ने आवेश पर पुल से छक्का जड़ा लेकिन यह शॉट खेलने के दौरान चोटिल हो गए और उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर वापस लौटना पड़ा। विलियम्स और टोनी मुनयोंगा (15) ने टीम का स्कोर 82 रन तक पहुंचाया। अक्षर ने अपने पहले ही ओवर में विलियम्स को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके मारे। आवेश ने अगले ओवर में मुनयोंगा को भी कप्तान राहुल के हाथों कैच कराया। रजा अच्छी लय में नजर आए और उन्होंने अक्षर पर दो चौके मारे। अक्षर ने जिंबाब्वे के कप्तान रेगिस चकाबवा (16) का कैच अपनी ही गेंद पर लपका। काइतानो इसके बाद दोबारा बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन अगले ओवर में कुलदीप की गेंद पर स्टंप हो गए जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 122 रन हो गया। रजा ने चाहर पर चौका और छक्का मारा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने रेयान बर्ल (08) को धवन के हाथों कैच करा दिया। ल्यूक जोंगवे (14) ने भी चाहर की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन अगले ओवर में कुलदीप की गेंद पर गिल को कैच दे बैठे। रजा ने शारदुल की गेंद पर एक रन के साथ 61 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और फिर इसी ओवर में लगातार तीन चौके मारे। जिंबाब्वे को अंतिम 10 ओवर में 95 रन की दरकार थी। रजा ने इवान्स के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। उन्होंने चाहर पर छक्का और फिर ठाकुर की गेंद पर एक रन के साथ सिर्फ 88 गेंद में शतक पूरा किया। जिंबाब्वे को अंतिम तीन ओवर में 33 रन की जरूरत थी। रजा ने आवेश के 48वें ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़ा लेकिन इवान्स पगबाधा हो गए। अगले ओवर में गिल ने शारदुल की गेंद पर लांग आन पर रजा का शानदार कैच पकड़कर मैच फिर भारत के पक्ष में मोड़ दिया। जिंबाब्वे को इस समय आठ गेंद में 15 रन की जरूरत थी जबकि सिर्फ एक विकेट बचा था। आवेश ने विक्टर नायउची (00) को बोल्ड करके भारत को जीत दिलाई। भारत ने श्रृंखला में टॉस जीतकर पहली बार बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मेहमान टीम हालांकि शुरुआत में लय में नहीं दिखी और 15 ओवर में एक विकेट पर 63 रन ही बना सकी। दोनों अनुभवी सलामी बल्लेबाज कप्तान राहुल (46 गेंद में 30 रन) और धवन (68 गेंद में 40 रन) निराश होंगे कि अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। चोट के कारण लंबे ब्रेक के बाद वापसी कर रहे राहुल को एशिया कप टी20 से पहले लय हासिल करने का शानदार मौका मिला था। वह हालांकि तेज गेंदबाज ब्रेड इवान्स की गेंद को विकेटों पर खेल गए। इवान्स ने 54 रन देकर पांच विकेट चटकाए। बल्लेबाजों के लिए पहले घंटे में बल्लेबाजी आसान नहीं थी। धवन और राहुल की सलामी जोड़ी भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रही। गिल और किशन के बीच की साझेदारी को छोड़ दिया जाए तो बाकी ओवरों में भारतीय बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के साथ वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले गिल शानदार लय में दिखे और उन्होंने अपनी पारी में 15 चौके और एक छक्का जड़ा। बाइस साल के इस खिलाड़ी ने मैदान में चारों ओर शॉट लगाए। उनके स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव शानदार थे। गिल हालांकि 90 रन बनाने के बाद थोड़े नर्वस दिखे लेकिन अंतत: शतक पूरा करने में सफल रहे।


गिल को बधाई देते सैमसन

## स्कोरबोर्ड

**भारतः** धवन का विलियम्स बो इवान्स 40,राहुल बो इवान्स 30, गिल का काइया बो इवान्स 130,किशन रन आउट 50, हुड्डा बो इवान्स 01, सैमसन का केइतानो बो जोंगवे 15, पटेल का रजा नयाउची 01,ठाकुर का नयाउची बो इवान्स 09, चाहर नाबाद01,यादव नाबाद 02, **अतिरिक्तः** 10, **कुलः** 50 ओवर मे आठ विकेट पर: 289 रन, **विकेट पतन:** I-63, 2-84, 3-224, 4-227, 5-256, 6-272, 7-282, 8-286 , **गेंदबाजी:** एनगारवा 9-0-58-0, नयाउची 10-I-48-I, इवान्स 10-0-54-5, रजा 10-I-39-0, जोंगवे 5-0-49-I, विलियम्स 5-0-30-0, मुनयोंगा I-0-10-0

**जिंबाब्वेः** काइतानो स्टं किशन बो कुलदीप 13, काइया पगबाधा बो चाहर 06, विलियम्स पगबाधा बो अक्षर 45, मुनयोंगा का राहुल बो आवेश 15, रजा का गिल बो शारदुल 115,चकाबवा का एवं बो अक्षर 16, बर्ल का धवन बो चाहर 08,जोंगवे का गिल बो कुलदीप 14,इवान्स पगबाधा बो आवेश 28,एनगारवा नाबाद 02,नयाउची बो आवेश 00,**अतिरिक्तः** 14, **कुलः** 49.3 ओवर मे सभी विकेट खोकर: 276 रन, **विकेट पतन:** I-7,2-82, 3-84, 4-120, 5-122, 6-145, 7-169, 8-273, 9-275, **गेंदबाजी:** चाहर 10-0-75-2,आवेश 9.3-I-66-3, शारदुल 9-0-55-I, कुलदीप 10-0-38-2, हुड्डा I-0-9-0, अक्षर 10-I-30-2

## भारतीय टीम में नियमित तौर पर नहीं खेल पाना आसान नहीं पर मैं सकारात्मक: सैमसन

**भाषा।** हरारे



**भारत के** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान भारतीय टीम में नियमित रूप खेलने का मौका नहीं मिल पाना उनके लिए मुश्किलों भरा रहा है लेकिन वह सकारात्मक रहने को प्राथमिकता देते हैं। किशोरावस्था में ही अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले सैमसन ने यहां 2015 में जिंबाब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया लेकिन तब से केरल के इस क्रिकेटर ने अब तक सिर्फ सात वनडे और 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले ही खेले हैं। सैमसन को अंतत: हाल में आयरलैंड, वेस्टइंडीज और जिंबाब्वे के दौरे पर जाने वाली दूसरे दर्जे की भारतीय टीम में जगह मिली। यूएई में होने वाले एशिया कप में हालांकि एक बार फिर नियमित विकेटकीपर ऋषभ पंत के लिए उन्हें जगह खाली करनी होगी। सैमसन ने भारत-जिंबाब्वे श्रृंखला के आधिकारिक प्रसारणकर्ता से कहा, मैं इस चीज पर विश्वास करता हूं कि आपके करियर में चाहे जो भी हो आपको इसे सकारात्मक रूप से लेना चाहिए। यह काफी मुश्किल होता है, निश्चित तौर पर आपको परेशान करता है जब आपको पता होता है कि आपके सभी मित्र खेल रहे हैं और आप नहीं।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज से तीसरा वनडे और श्रृंखला जीती



**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** न्यूजीलैंड ने चार बल्लेबाजों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर वेस्टइंडीज को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच विकेट से हराकर श्रृंखला 2-। से जीती। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए काइल मायर्स (105) के शतक तथा कप्तान निकोलस पूरण (91) और शाई होप (51) के अर्धशतकों की मदद से आठ विकेट पर 301 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने 47.1 ओवर में पांच विकेट पर 307 रन बनाकर जीत दर्ज की। टॉम लैथम ने 69 रन बनाए और डेरिल मिशेल के साथ चौथे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी करके इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। मिशेल ने 63 रन बनाए। इससे पहले मार्टिन गुप्टिल (57) और डेवोन कॉनवे (56) ने दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की थी। आखिर में जिम्मी नीशाम ने 11 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने अपनी पारी में चार छक्के जड़े। इससे पहले मायर्स ने होप के साथ पहले विकेट के लिए 173 रन की साझेदारी की जबकि पूरण ने तूफानी पारी खेली। उन्होंने 55 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और नौ छक्के लगाए।

### भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई अंडर-18 चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने सोमवार को तेहरान में एशियाई अंडर-18 चैंपियनशिप में कोरिया को 3-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम ने 25-20, 25-21, 26-28, 19-25 15-12 से जीत दर्ज की। भारतीय टीम की जीत मे आशीष स्वैन, आर्यन बलियान, खुश सिंह और कार्तिक शर्मा ने अहम भूमिका निभाई।

### दुष्मंता चमीरा पैर की चोट के कारण एशिया कप से बाहर

**कोलंबो।** तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा पैर में चोट के कारण सोमवार को एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट से बाहर हो गए जिससे श्रीलंका को इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता की शुरुआत से पहले झटका लगा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बयान में कहा कि चमीरा को टीम अभ्यास के दौरान बाएं पैर में चोट लगी। श्रीलंका की 18 सदस्यीय टीम में नुवान तुषारा उनकी जगह लेंगे।

### जन्मदिन पर लेवांडोवस्की के दो गोल से बार्सीलोना की सत्र की पहली जीत

**मैड्रिड।** अपने 34वें जन्मदिन पर दो गोल दागने वाले रॉबर्ट लेवांडोवस्की के शानदार प्रदर्शन के दम पर बार्सीलोना ने रीयाल सोशिदाद को 4-1 से हराकर इस सत्र में पहली जीत दर्ज की। इस जीत के बाद बार्सीलोना का सोशिदाद के खिलाफ 13 लीग मैचों का अपराजेय अभियान जारी है जिनमे दो ड्रॉ और 11 जीत शामिल है।

### अटलांटा ने मिलान को ड्रॉ पर रोका, नपोली ने मोंजा को हराया

**रोम।** अटलांटा ने गत चैम्पियन एसी मिलान को सीरि ए फुटबॉल मुकाबले में1-1 से ड्रॉ पर रोका जबकि नपोली ने मोजा को 4-0 से हराया। नपोली के लिए 21 वर्ष के के क्वारात्सखेलिया ने दो गोल दागे। रूस की रूबलिन कजान टीम के लिए खेलने वाले इस खिलाड़ी ने यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद दिनामो बातुमी क्लब से करार किया। एक अन्य मैच में बोलोग्ना ने वेरोना को 1-1 से ड्रॉ पर रोका।

### एमबापे ने आठ सेकंड में गोल करके 3 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की

**लिली (फ्रांस)।** फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर कायलिन एमबापे ने केवल आठ सेकंड में गोल करके फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में पिछले रिकॉर्ड की बराबरी की। एमबापे के शुरू में किए गए इस गोल की बदौलत उनकी टीम पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने मैच में आखिर तक अपना दबदबा बनाए रखा और लिली को 7-। से करारी शिकस्त दी। दर्शक अभी अपनी सीट पर बैठ पाते और विरोधी टीम के खिलाड़ी संभल पाते कि एमबापे ने लियोनेल मेसी के पास पर गोल दाग दिया। एमबापे ने मैच में कुल तीन गोल किए। एमबापे ने आठ सेकंड में गोल करके माइकल रियो के 1992 में बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी की।

## प्रज्ञानानंद ने अंतिम दौर में कार्लसन को हराया

- एफटीएक्स क्रिप्टो कप

**भाषा।** मियामी



**भारत के युवा** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां एफटीएक्स क्रिप्टो कप के अंतिम दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन को 4-2 से हराया। प्रज्ञानानंद ने कार्लसन से लगातार तीन बाजियां जीती जिनमें टाईब्रेक की दो बाजियां भी शामिल हैं। कार्लसन पर जीत के बावजूद भारत का यह 17 वर्षीय खिलाड़ी अंतिम तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। नार्वे के कार्लसन ने सर्वाधिक अंक हासिल करके खिताब अपने नाम किया। उन्होंने कुल 16 अंक हासिल किए जबकि प्रज्ञानानंद ने 15 अंकों के साथ अपने अभियान का अंत किया। कार्लसन ने मैच के बाद कहा, मैंने पूरे दिन खराब खेल दिखाया लेकिन आखिर में मैंने वह परिणाम हासिल किया जिसका मैं हकदार था। हारना कभी अच्छा नहीं होता, लेकिन यह उतना ही अच्छा समय है। एक अन्य किशोर खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा के भी 15 अंक रहे लेकिन उन्हें तीसरा स्थान मिला क्योंकि टूर्नामेंट में पूर्व में प्रज्ञानानंद ने उनको हराया था। कार्लसन और प्रज्ञानानंद के बीच पहली दो बाजियां ड्रॉ रही। नार्वे के खिलाड़ी ने तीसरी बाजी जीती लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने हार नहीं मानी और चौथी बाजी जीतकर मुकाबले को टाईब्रेकर तक खींच दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने टाईब्रेकर में दोनों बाजियां जीतकर कार्लसन को हैरानी में डाल दिया। प्रज्ञानानंद इस साल बेहतरीन फॉर्म में हैं और इससे पहले ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में विश्व चैंपियन कार्लसन को दो बार हरा चुके हैं। उन्होंने हाल में चेन्नई में समाप्त हुए शतरंज ओलंपियाड में भारत बी टीम को कांस्य पदक दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। प्रज्ञानानंद ने कहा मैं मैं पिछले कुछ दिनों में और बेहतर प्रदर्शन कर सकता था लेकिन कुल मिलाकर दूसरा स्थान अच्छा है। इस भारतीय खिलाड़ी ने फिरोजा पर जीत से अपने अभियान की शुरुआत की थी। उन्होंने अनीश गिरी और लेवोन आरोनियन को भी हराया।

## सीओए ने हॉकी इंडिया में चुनाव प्रक्रिया शुरू की, निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की

**भाषा।** नई दिल्ली

**बिहार सरकार** के पूर्व चुनाव अधिकारी अजय नायक को नौ अक्टूबर तक कराए जाने वाले हॉकी इंडिया के चुनावों के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और वर्तमान में देश में खेल का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति (सीओए) के बीच हुई बैठक के दौरान नियुक्ति की गई थी। बैठक में एफआईएच के कार्यकारी अध्यक्ष सैफ अहमद, सीईओ थियरी वील और सीओए के सदस्यों न्यायमूर्ति अनिल आर दवे, एसवाई कुरैशी और जफर इकबाल ने भाग लिया। एके मजूमदार को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। हॉकी इंडिया ने कहा, वे तत्काल प्रभाव से अपना पदभार ग्रहण करेंगे। एफआईएच का दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भविष्य की योजना पर चर्चा करने और हॉकी इंडिया के संभावित निलंबन को टालने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में था।

## भूटिया, सीओए ने सुधारों का समर्थन किया

- पटेल ने कहा कि एआईएफएफ में पद की कोई मंशा नही

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत के पूर्व** कप्तान एवं दिग्गज खिलाड़ी बाईचुंग भूटिया और प्रशासकों की समिति (सीओए) ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि फीफा (फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था) की धमकियों के बावजूद राष्ट्रीय फुटबॉल निकाय एआईएफएफ में सुधार प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया कि भूटिया फुटबॉल में उस तरह के महान खिलाड़ी हैं जैसे सचिन तेंदुलकर या सुनील गावस्कर क्रिकेट में हैं। सरकार भारतीय फुटबॉल में उनके योगदान को देखते हुए उनके लिए एक बड़ी भूमिका पर विचार कर रही है। सरकार उन्हें समझाने की कोशिश करेगी कि उनका एआईएफएफ (अध्यक्ष का पद) का मौजूदा लक्ष्य उनके कद के अनुकूल नहीं हो सकता है। भूटिया ने सीओए द्वारा तैयार किए गए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के मसौदा संविधान को अपनाए जाने की मांग के साथ शीर्ष न्यायालय का रुख किया। उन्होंने कहा कि 10 साल के अंदर भारत के लिए 100 से अधिक मैच खेलने के बाद भी मौजूदा स्थिति में उनके लिए देश के फुटबॉल प्रशासन में शामिल होना काफी मुश्किल है। शीर्ष अदालत ने एआईएफएफ के फोरेंसिक ऑडिट (अदालत की निगरानी में खातों की जांच) की एक अंतरिम और अंतिम रिपोर्ट भी मांगी, जिसमें कथित तौर पर प्रफुल्ल पटेल की अगुवाई वाली संचालन समिति द्वारा धन के हेराफेरी और घोटाले का संकेत मिला है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह फुटबॉल प्रशासन में भूटिया के कद के अनुसार उचित पद के लिए विचार करने के प्रस्ताव पर गौर करें। भूटिया की ओर से पेश अधिवक्ता आर बसंत ने कहा कि उनकी एकमात्र चिंता देश में फुटबॉल प्रशासन में निहित स्वार्थ को दूर करना है। बसंत ने भूटिया के हवाले से कहा, मैंने फुटबॉल में भारत की कप्तानी की और दस साल की अवधि में 107 मैच खेले हैं। मैं एक महान खिलाड़ी हो सकता हूं लेकिन अगर मौजूदा सुधार प्रक्रिया को जारी नहीं रहने दिया जाता है तो मेरे पास इसके प्रशासन में आने का कोई मौका नहीं होगा। उन्होंने कहा कि फीफा की आपत्तियों के बावजूद सुधारों के खेल के व्यापक हित में होने के कारण अदालत को मसौदा संविधान को लागू करने का निर्देश देना चाहिए।

## अंकुर ने रैपिड फायर पिस्टल में दूसरी जीत दर्ज की

- निशानेबाजी ट्रायल्स

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तराखंड** के अंकुर गोयल ने सोमवार को यहां चयन ट्रायल्स में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में अपना दूसरा खिताब जीता। अंकुर ने अपने पदक मैच में 28 अंक जुटाकर राजस्थान के भावेश शेखावत को पछाड़ा। भावेश 26 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के समीर 18 निशाने के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अंकुर ने शनिवार को पुरुषों की रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा जीती थी। क्वालीफिकेशन में पंजाब के उदयवीर सिद्धू 583 अंक के साथ शीर्ष पर थे जबकि अंकुर 577 अंकों के साथ पांचवें और भावेश चौथे स्थान पर थे। भावेश के नाम भी 577 अंक था लेकिन उन्होंने अधिक इनर 10 लगाए थे। फाइनल में अंकुर और भावेश ने अपने खेल का स्तर ऊंचा किया। अंकुर दूसरे सेमीफाइनल में 15 अंक के साथ शीर्ष पर रहे जबकि भावेश पहले सेमीफाइनल में 14 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले से दो-दो खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पुरूष जूनियर रैपिड पिस्टल स्पर्धा ट्रायल्स में हरियाणा के आदर्श सिंह 25 अंक के साथ विजेता बने।

## जल्द ही यूपी की टीम एशियन गेम्स में करेगी प्रतिनिधित्व



- मिक्स मार्शल आर्ट का उपमुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मिक्स मार्शल आर्ट की वार्षिक स्टेट चौम्पियनशिप का सोमवार को चौक स्टेडियम के लाल जी टंडन सभागार में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उद्घाटन किया। इस चैम्पियनशिप में प्रदेश की 21 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश मिक्स मार्शल आर्ट के चेयरमैन मनीष शुक्ला, राष्ट्रीय सचिव संजय गायतोंडे व एमएलसी रामचंद सिंह प्रधान उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मिक्स मार्शल आर्ट को जल्द ही स्पोर्ट्स डायरेक्टर से मान्यता मिलेगी। सरकार हर संभव मदद करेगी। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि मिक्स मार्शल आर्ट में यूपी की टीम जल्द ही एशिएन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

## लक्ष्य, श्रीकांत प्रणय जीते, प्रणीत हारे


पोनप्पा और सिक्की


मालविका

- विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप

**भाषा।** तोक्यो

**राष्ट्रमंडल** खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए सोमवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के शुरूआती दौर के मुकाबले में डेनमार्क के हैंस-क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंगस को सीधे गेम में शिकस्त दी। पुरुष एकल में सेन के साथ अनुभवी किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने भी शुरूआती दौर के अपने मैचों में जीत दर्ज की। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके साथ ही महिला युगल और मिश्रित युगल में जीत दर्ज की जबकि अनुभवी पुरुष एकल खिलाड़ी बी साई प्रणीत को विश्व रैंकिंग के चौथे नंबर के खिलाड़ी चो टिएन के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल स्पेन में इस टूर्नामेंट में पदार्पण पर कांस्य पदक जीतने वाले बीस साल के सेन ने अपने शुरुआती मैच में विटिंगस पर 21-12, 21-11 से जीत हासिल की। विश्व चैंपियनशिप (2019) के कांस्य पदक विजेता प्रणीत को चीनी ताइपे के खिलाड़ी के खिलाफ 15-21, 21-15, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रणीत ने तोक्यो में लगातार दूसरे साल निराशाजनक प्रदर्शन किया। वह पिछले साल ओलंपिक खेलों के दौरान भी शुरू में बाहर हो गए थे। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता और टूर्नामेंट में 12वीं वरीयता प्राप्त श्रीकांत को आयरलैंड के न्हाट गुएन पर 22-20 21-19 से जीत दर्ज करने में काफी मेहनत करनी पड़ी, जबकि प्रणय ने ऑस्ट्रिया के लुका रैबर पर 21-12 21-11 की प्रभावशाली जीत हासिल की। श्रीकांत के सामने दूसरे दौर में चीन के झाओ जून पेंग की चुनौती होगी जबकि प्रणय का सामना जापान के दिग्गज केंटो मोमोटा से होगा। इस बीच राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व कांस्य पदक विजेता अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी ने मालदीव की अमीनाथ नबीहा अब्दुल रज्जाक और फातिमथ नबाहा अब्दुल रज्जाक को 21-7, 21-9 से हराकर महिला युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। अश्विनी और सिक्की को दूसरे दौर में चीन की चेन किंग चेन और जिया ई फैन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो और ईशान भटनागर की जोड़ी ने जर्मनी के पैट्रिक स्कील और फ्रांजस्किा वोल्कमैन को 29 मिनट में 21-13, 21-13 से हराकर अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। भारतीय जोड़ी अगले दौर में थाईलैंड की सुपक जोमकोह और सुपिसारा पावसमप्रान की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ेगी।

## कैरोलिना गार्शिया, बोर्ना कोरिच ने सिनसिनाटी खिताब जीते

**मेसन।** कैरोलिना गार्शिया और बोर्ना कोरिच ने अमेरिकी ओपन से पहले अपनी तैयारियां पुख्ता करते हुए वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन चैम्पियनशिप में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के खिताब जीत लिए। गार्शिया ने पेत्रा क्वितोवा को 6-2, 6-4 से मात दी। वही कोरिच ने पांचवी रैंकिंग वाले यूनान के स्टेफानोस सिटसिपास को 7 -6, 6-2 से हराया। क्रोएशिया के कोरिच को इस जीत के बाद अमेरिकी ओपन से पहले रैंकिंग में 29वां स्थान मिलने की उम्मीद है। इस टूर्नामेंट से पहले वह 152वी पायदान पर थे। उन्होने रफेल नडाल समेत शीर्ष दस में शामिल चार खिलाड़ियों को हराया। महिला फाइनल मे गार्शिया खिताबी मुकाबले तक पहुंचने वाली पहली क्वालीफायर बन चुकी थी। वह जून से अब तक 27 मैच जीत चुकी है।



## हैदराबाद एफसी ने टीआरएयू पर प्रभावशाली जीत के साथ शुरू किया डूरंड कप अभियान

**इम्फाल।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की मौजूदा चैम्पियन हैदराबाद एफसी ने डूरंड कप टूर्नामेंट मे सोमवार को यहां टेडिम रोड एथलेटिक यूनियन फुटबॉल क्लब (टीआरएयू एफसी) पर 2-0 की जीत से अपने अभियान का आगाज किया। टूर्नामेंट में टीआरएयू की यह लगातार दूसरी हार है। यहां के खुमान लम्पक स्टेडियम में खेले गए ग्रुप सी के इस मैच मे हैदराबाद के लिए हलीचरण नारजारी (27 वे मिनट) और बोरजा हरेरा (52 वे मिनट) मे गोल किए। नेरोका एफसी के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में।-3 की हार का सामना करने के बाद टीआरएयू ने इस मुकाबले में अच्छी शुरुआती की लेकिन मैच के आगे बढ़ने के साथ हैदराबाद की पकड़ मजबूत होती गई। स्पेन के खिलाड़ी बोरजा ने टीआरएयू के खिलाड़ियों की गलती का फायदा उठाते हुए गेंद पर नियंत्रण बनाकर नारजारी को पास दिया जिन्होंने 27वें मिनट में इसे गोल में बदल कर टीम का खाता खोला। मैन ऑफ द मैच बोरजा ने इसके बाद 52वे मिनट मे गोलकर टीम का बढ़त को दोगुना कर दिया जो आखिर तक बरकरार रही।